महानगर नई दिल्ली बुधवार 11 मार्च, 2026, रु. 6.00 (24 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com

एलएनजी आयात में कमी व किल्लत के बाद सरकार ने लगाया आवश्यक वस्तु अधिनियम

एलपीजी आपूर्ति पर असर से लड़खड़ाया खाद्य उद्योग; गैस आबंटन अब प्राथमिकता, समिति का गठन

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

मध्य पूर्व में अमेरिका-इजराइल व ईरान के बीच दस दिन से जारी युद्ध की आंच अब भारतीय रसोई और व्यापार तक पहुंच गई है। ईरान के प्रभाव वाले होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल टैंकर की आवाजाही बाधित होने की वजह से एलएनजी (द्रवित प्राकृतिक गैस) के आयात में कमी हो रही है है। अपनी जरूरत के 85 प्रतिशत आयात पर निर्भर भारत के तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, बंगाल आदि राज्यों के कई शहरों व दिल्ली-एनसीआर में द्रवित पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की किल्लत का खतरा मंडराने लगा है।

यहां रेस्तरां व होटलों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति में दिक्कत शुरू हो गई है। इसे देखते हुए सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम (एस्मा) लगा दिया है। इसके साथ ही पेट्रोलियम मंत्रालय ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की अचानक किल्लत होने से होटल और रेस्तरां उद्योग में चिंता बढ़ने के बाद आपूर्ति से जुड़े मुद्दों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की है।

सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं और परिवहन क्षेत्र के लिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्राकृतिक गैस के आवंटन में बदलाव किया है, जिसके तहत एलपीजी उत्पादन, सीएनजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) को अन्य सभी क्षेत्रों पर प्राथमिकता दी जाएगी। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण भारत की एक-तिहाई गैस आपूर्ति बाधित होने के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक गजट अधिसूचना जारी कर गैर-प्राथमिकता क्षेत्रों से गैस मोड़कर प्रमुख उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। भारत अपनी 19.1 करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन गैस खपत का लगभग आधा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है।

होर्मुज जलडमरूमध्य से टैंकर की आवाजाही रुकने के कारण पश्चिम एशिया से आने वाली करीब छह करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन की गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। बची हुई तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) को नए सिरे से प्राथमिकता के आधार पर आबंटित किया गया है ताकि एलपीजी उत्पादन, सीएनजी और पीएनजी की मांग का 100 फीसद, वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की 80 फीसद और उर्वरक इकाइयों की 70 फीसद जरूरत पूरी की जा सके।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम स्थिति पर मिनट-दर-मिनट नजर रख रहे हैं और बदलती जरूरतों को लेकर सतर्क हैं। सोमवार देर रात जारी गजट अधिसूचना में एलपीजी उत्पादन, सीएनजी और घरों में पाइप से मिलने वाली रसोई गैस को शीर्ष प्राथमिकता दी गई है। इन क्षेत्रों को छह महीने की औसत खपत के आधार पर 100 फीसद गैस आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी और उसके बाद ही अन्य क्षेत्रों को गैस उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार ने रिफाइनरियों से एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ाने को कहा है।

उर्वरक क्षेत्र को इस सूची में दूसरी प्राथमिकता दी गई है और उसकी छह महीने की औसत मांग का कम-से-कम 70 फीसद पूरा किया जाएगा। इस सूची में तीसरे स्थान पर चाय उद्योग, विनिर्माण और अन्य औद्योगिक उपभोक्ताओं बाकी पेज 8 पर

एअर इंडिया की हवाई यात्रा महंगी होगी

नई दिल्ली,10 मार्च (ब्यूरो)। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण विमान ईंधन एटीएफ की कीमतों में तेजी आने पर एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस 12 मार्च से प्रत्येक घरेलू उड़ान के टिकट पर 399 रुपए का ईंधन अधिभार लागू करेंगी। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए भी ईंधन अधिभार बढ़ाया जाएगा। इससे हवाई यात्रा महंगी हो जाएगी। पूरी खबर -पेज 10

रसोई गैस उत्पादन, सीएनजी, पीएनजी को मिलेगी गैस आबंटन में प्राथमिकता, अधिसूचना जारी। सरकार ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत पर पेट्रोलियम मंत्रालय ने समिति बनाई।

एलपीजी की कमी से कई होटल और रेस्तरां मजबूरी में हो सकते है बंद, नौकरियों पर असर। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण भारत की एक-तिहाई गैस आपूर्ति बाधित होने के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक गजट अधिसूचना जारी कर गैर-प्राथमिकता क्षेत्रों से गैस मोड़कर प्रमुख उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का आदेश दिया है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम स्थिति पर मिनट-दर-मिनट नजर रख रहे हैं और बदलती जरूरतों को लेकर सतर्क हैं।

सोमवार जारी गजट अधिसूचना में एलपीजी उत्पादन, सीएनजी और घरों में पाइप से मिलने वाली रसोई गैस को शीर्ष प्राथमिकता दी गई है। इन क्षेत्रों को छह महीने की औसत खपत के आधार पर 100 फीसद गैस आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी

इसके बाद ही अन्य क्षेत्रों को गैस उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार ने रिफाइनरियों से एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ाने को कहा है।

पुनरीक्षण पर सुनवाई के लिए न्यायाधिकरण बनेगा : कोर्ट

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में विशेष गहन परीक्षण (एसआइआर) के दौरान मतदाता सूची से नाम हटा दिए गए लोगों की अपीलें सुनने के लिए एक स्वतंत्र अपीलीय न्यायाधिकरण स्थापित करने का मंगलवार को आदेश दिया। इसकी अध्यक्षता उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश करेंगे।

न्यायालय ने उन प्रयासों के खिलाफ भी सख्त चेतावनी दी, जो एसआइआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए व्यक्तियों के दावे और आपत्तियों को निपटाने के लिए तैनात न्यायिक अधिकारियों की निष्पक्षता को कमजोर करने के लिए किए जा रहे हैं।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ ने ऐसे प्रयासों को न्यायपालिका के अपमान के रूप में वर्णित करते हुए कहा, 'आपने ऐसे आवेदन दायर करने की हिम्मत कैसे की? इससे लगता है कि आपको भरोसा नहीं है... किसी को भी न्यायिक अधिकारियों को चुनौती देने की हिम्मत नहीं करनी चाहिए। भारत के प्रधान न्यायाधीश के तौर पर मैं इसे सहन नहीं करूंगा।' पीठ में न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जायमाल्य बाकी पेज 8 पर

शरिया के प्रावधानों की सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट ने कहा

समान नागरिक संहिता का समय

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अब समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का समय आ गया है। शीर्ष अदालत ने 1937 के शरिया कानून के प्रावधानों को मुसलिम महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण बताते हुए निरस्त करने के अनुरोध वाली याचिका को एक बहुत अच्छा मामला बताया और कहा कि इस पर केवल विधायिका (सरकार) को ही विचार करना चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जायमाल्य बागची और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि यदि न्यायालय शरिया उत्तराधिकार कानून को निरस्त करता है तो इससे कानून में शून्य की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी, क्योंकि मुसलिम उत्तराधिकार को नियमित करने वाला कोई वैधानिक कानून नहीं है।

प्रधान न्यायाधीश ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण से कहा, 'सुधारों के प्रति हमारे अति-उत्साह में, हम उन्हें वंचित कर सकते हैं और उन्हें पहले से मिल रहे अधिकारों से कम मिल सकता है। यदि 1937 का शरिया कानून खत्म हो जाता है तो फिर सवाल क्या उठता है? क्या इससे एक अनावश्यक शून्य उत्पन्न नहीं होगा?'

न्यायमूर्ति बागची ने कहा, 'भेदभाव के मुद्दे पर आपका मामला बहुत मजबूत है, लेकिन क्या यह उचित नहीं होगा कि न्यायालय इस मामले को विधायिका के विवेक पर छोड़ दे, जिसे राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने का अधिकार प्राप्त है?' प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, 'इसका उत्तर है समान नागरिक संहिता।' न्यायमूर्ति बागची ने जोर दिया कि 'एक पुरुष की एक पत्नी' का नियम सभी समुदायों पर समान रूप से लागू नहीं हो रहा है।

उन्होंने कहा, 'लेकिन क्या इसका मतलब यह है कि अदालत सभी बहुविवाहों को असंवैधानिक घोषित कर सकती है? इसलिए, हमें निदेशक सिद्धांतों को प्रभावी बनाने के लिए विधायी शक्ति का सहारा लेना होगा।' उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को विधायिका के विवेक पर छोड़ना ही सबसे अच्छा होगा। न्यायमूर्ति बाकी पेज 8 पर

पीठ ने कहा कि यदि न्यायालय शरिया उत्तराधिकार कानून को निरस्त करता है तो इससे कानून में शून्य की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी, क्योंकि मुसलिम उत्तराधिकार को निर्देशित करने वाला कोई वैधानिक कानून नहीं है। पीठ ने कहा कि इस पर केवल विधायिका (सरकार) को ही विचार करना चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि सुधारों के प्रति हमारे अति-उत्साह में, हम उन्हें वंचित कर सकते हैं और उन्हें पहले से मिल रहे अधिकारों से कम मिल सकता है।

लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश

चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष व विपक्ष में तीखी नोकझोंक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव मंगलवार को चर्चा शुरू हुई। संकल्प पर चर्चा के दौरान सत्तापक्ष व विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। इस प्रस्ताव को सबसे पहले सदन की अनुमति के लिए रखा गया। संकल्प पेश करने के समर्थन में 50 से अधिक सदस्य खड़े हुए, जिसके बाद पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने इस संकल्प को प्रस्तुत करने की अनुमति दी।

सबसे पहले विपक्ष ने पीठासीन अधिकारी का नाम तय किए जाने के मुद्दे पर सरकार को घेर लेकिन जब किसी आपत्ति को स्वीकार नहीं किया गया, तो सदन में संकल्प पर चर्चा शुरू हो सकी। अब संभावना जताई जा रही बुधवार को खुद गृह मंत्री अमित शाह इस चर्चा का जवाब दे सकते हैं। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सवाल किया कि सरकार को बताना चाहिए कि इस संकल्प पर चर्चा के लिए सरकार ने पैनल किस प्रकार तैयार किया।

इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने गोगोई को टोका और कहा कि लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय व पद कभी खाली नहीं रहता। इसके बाद गोगोई ने कहा कि यह प्रस्ताव विपक्ष को मजबूरी में लेकर आना पड़ा है। विपक्ष के पास दो सौ से अधिक सांसद हैं और सदन में उपाध्यक्ष का पद आज तक खाली पड़ा है। सदन में नेता प्रतिपक्ष को बोलने का समय नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि हम दुखी हैं और यह प्रस्ताव प्रसन्नता के साथ नहीं लाया गया है।

उन्होंने कहा कि फरवरी में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बीस बार सदन में बोलने से रोका गया था, यह रोकटोक लोकसभा अध्यक्ष समेत सत्ता पक्ष के नेताओं ने की थी। उन्होंने कहा कि सत्तापक्ष को सवाल सुनने की आदत नहीं है। अपने ही सदन की महिला सांसदों से असुरक्षा की टिप्पणी हो रही है। और आज बाकी पेज 8 पर

प्रियंका गांधी बोलीं, एक ही आदमी है जो 12 साल में किसी से नहीं डरा।

रिजीजू का तंज - प्रियंका नेता प्रतिपक्ष होती तो अच्छा।

तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा, लोकसभा अध्यक्ष ने केवल विपक्ष को निशाना बनाया।

मेघालय में हिंसक झड़प, पुलिस की गोलियों से दो लोगों की मौत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

मेघालय के पश्चिम गारो पर्वतीय जिले में मंगलवार तड़के गारो पर्वतीय स्वायत्त जिला परिषद (जीएचएडीसी) चुनाव नामांकन प्रक्रिया को लेकर जारी तनाव के बीच हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा की गई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अब्राहम टी संगमा ने बताया कि यह घटना चिबिनांग इलाके में हुई जहां जनजातीय और गैर-जनजातीय समूहों के बीच झड़प हो गई थी। उन्होंने कहा, मारे गए दोनों व्यक्ति चिविनांग के निवासी थे। वहीं,हिंसा के बाद सेना तैनात की गई है। जीएचएडीसी चुनावों को लेकर जनजातीय और गैर-जनजातीय समूहों के बीच झड़प हुई थी और यह गोलीबारी तब हुई जब हम भीड़ को तितर-बितर कर रहे थे। इलाके में स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। तनाव को और बढ़ने से रोकने के बाकी पेज 8 पर

केंद्रीय मंत्रिमंडल का फैसला

जलजीवन मिशन अब दिसंबर 2028 तक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को बताया कि मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है, जिसके लिए लगभग 8.7 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त आवंटन किया जाएगा। इस परियोजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में की थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत के सभी घरों में नल के माध्यम से साफ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है।

वैष्णव ने प्रेसवार्ता में कहा, मंत्रिमंडल ने जल शक्ति मंत्रालय के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है जिसमें जल जीवन मिशन (जेजेएम) के कार्यान्वयन को बुनियादी ढांचे के निर्माण से सेवा वितरण की ओर पुनर्गठित और पुनर्निर्देशित करने की बात कही गई है।

उन्होंने बताया कि संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जेजेएम के कार्यान्वयन के लिए मंत्रिमंडल ने कुल परिव्यय को बढ़ाकर 8.69 लाख करोड़ रुपए करने की मंजूरी दी है, जिसमें 2019-20 में स्वीकृत 2.08 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले 3.59 लाख करोड़ रुपए की कुल केंद्रीय सहायता शामिल है।

मंत्री ने कहा कि ह्यसुजलाम भारतह्ण नामक एक समान राष्ट्रीय डिजिटल ढांचा स्थापित किया जाएगा, जिसके तहत प्रत्येक गांव को एक अद्वितीय सुजल गांव या सेवा क्षेत्र आईडी आवंटित की जाएगी, जो स्रोत से नल तक संपूर्ण पेयजल आपूर्ति प्रणाली का डिजिटल मानचित्रण करेगी। मंत्रालय के मुताबिक जेजेएम 2.0 देश भर के सभी 19.36 करोड़ ग्रामीण परिवारों को दिसंबर 2028 तक नल-जल कनेक्शन उपलब्ध कराकर सभी ग्राम पंचायतों को ह्यहर घर जलह्ण के प्रमाणन में सहयोग देगा। मंत्रालय के मुताबिक, इस पहल से राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के साथ अलग-अलग समझौता ज्ञापनों के माध्यम से समय-सीमा का पालन, योजना की निरंतरता और नागरिक-केंद्रित जल सेवाओं का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

-मंत्रिमंडल के अहम फैसले -पेज 10

'कोविड : दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति बनाएं'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 रोधी टीकाकरण के बाद होने वाले गंभीर दुष्प्रभाव के लिए दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति तैयार करने का केंद्र सरकार को मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी।

-पूरी खबर पेज 8

इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पीटर एल्बर्स ने दिया इस्तीफा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

देश की सबसे बड़ी एअरलाइन कंपनी इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया। कंपनी ने उनका इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है।

यह घटनाक्रम परिचालन संकट के करीब तीन महीने बाद सामने आया है, जिसके कारण यात्रियों में व्यापक नाराजगी हुई थी और नियामकीय कार्रवाई भी हुई थी। कंपनी के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया नए सीईओ की नियुक्ति होने तक अंतरिम तौर पर प्रबंधन का कामकाज संभालेंगे।

-पूरी खबर पेज 10

प्रश्न पत्रों में कई सुरक्षा उपाय होते हैं, जिनमें कोड भी शामिल | सीबीएसई | बोर्ड ने कहा, समझौता नहीं हुआ है

बारहवीं के गणित प्रश्न पत्र के क्यूआर कोड पर ब्रिटिश गायक का गीत और वीडियो

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं के गणित के प्रश्न पत्र पर छपे एक छोटे से क्यूआर कोड से ब्रिटिश गायक रिक एस्टली के चर्चित गाने 'नेवर गोना गिव यू अप' का वीडियो खुल गया। यह इंटरनेट पर एक चर्चित शरारत बन गई, जिसे 'रिकरोलिंग' कहा जाता है। हालांकि, बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि प्रश्न पत्र की सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगी है।

गणित की बोर्ड परीक्षा नौ मार्च को हुई थी। इसके तुरंत बाद प्रश्न पत्र की तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित हुईं। विद्यार्थियों का दावा था कि प्रश्न पत्र पर छपे क्यूआर कोड को स्कैन करने के बाद यूट्यूब पर 1987 के हिट गाने का वीडियो खुल रहा है। क्यूआर कोड आमतौर पर बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्रों में प्रमाणीकरण और सुरक्षा जांच के लिए शामिल किए जाते हैं। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि प्रश्न पत्रों में कई सुरक्षा उपाय होते हैं, जिनमें क्यूआर कोड भी शामिल हैं ताकि किसी सुरक्षा उल्लंघन की स्थिति में प्रश्न पत्र की प्रामाणिकता जांची जा सके। नौ मार्च को कक्षा 12 की गणित की परीक्षा हुई थी। कुछ प्रश्न पत्रों में ऐसा लगता है कि जब उनमें से किसी एक क्यूआर कोड को स्कैन किया गया, तो वह यूट्यूब वीडियो से जुड़ गया। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच प्रश्न पत्रों की सत्यता को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। लेकिन पुष्टि की जाती है कि प्रश्न पत्र असली हैं और उनकी सुरक्षा में कोई समझौता नहीं हुआ है। बोर्ड ने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि प्रश्न पत्रों में कई सुरक्षा उपाय होते हैं, जिनमें क्यूआर कोड भी शामिल हैं ताकि किसी सुरक्षा उल्लंघन की स्थिति में प्रश्न पत्र की प्रामाणिकता जांची जा सके।

नौ मार्च को कक्षा 12 की गणित की परीक्षा हुई थी। कुछ प्रश्न पत्रों में ऐसा लगता है कि जब उनमें से किसी एक क्यूआर कोड को स्कैन किया गया, तो वह यूट्यूब वीडियो से जुड़ गया। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच प्रश्न पत्रों की सत्यता को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं।

कांग्रेस पार्टी की ओर से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'यूट्यूब पर गाना सुनना है? सीबीएसई के प्रश्न पत्र पर दिए कोड को स्कैन करें और आनंद लें। हम मजाक नहीं कर रहे- ये मजाक केंद्र सरकार आपके बच्चों के भविष्य के साथ कर रही है।' आप खुद सोचिए- सरकार के गैरजिम्मेदार लोग और उनका नाकारा तंत्र आपके बच्चों की पढ़ाई को लेकर कितना गंभीर है। शर्म आनी चाहिए।

कांग्रेस पार्टी की ओर से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'यूट्यूब पर गाना सुनना है? सीबीएसई के प्रश्न पत्र पर दिए कोड को स्कैन करें और आनंद लें। हम मजाक नहीं कर रहे- ये मजाक केंद्र सरकार आपके बच्चों के भविष्य के साथ कर रही है।' पोस्ट में कहा गया कि 12वीं बोर्ड में गणित के प्रश्न पत्र पर एक क्यूआर कोड छपा है, जिसे स्कैन करते ही यूट्यूब पर गाने की लिंक खुल जाती है। आप खुद सोचिए- सरकार के गैरजिम्मेदार लोग और उनका नाकारा तंत्र आपके बच्चों की पढ़ाई को लेकर कितना गंभीर है। शर्म आनी चाहिए। कांग्रेस की केरल इकाई ने भी इस मुद्दे को उठाया और सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक छात्र का वीडियो साझा किया।

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

I, MOHAMMAD SALEEM S/O ABDUL MAJID R/O B-47 SECOND FLOOR, VISHWAKARMA PARK, Laxmi Nagar, Delhi-110092, HAVE CHANGED MY NAME TO SALEEM

0071023281-1

I, Km Priti Kumari W/o Deepak, 881, GF, Gali No-7, Govindpuri, Kalkaji, Delhi-19 have changed my name to Priti.

0071023286-1

I, Kausar Malik W/o Irfan Malik, R/o J-55, Abul Fazal Enclave, Okhla, Delhi-25 have changed my name to Kouser Malik.

0071023248-1

I, Jai Parkash S/o Mukesh R/o Shikarpur, Najafgarh,South West Delhi, Delhi-110043,have changed my name to Kuldeep.

0040843516-5

I, Guru Prasad Bhatt alias Guru Prasad S/o Satyeshwar Prasad R/o S D Mandir, Jagriti Enclave, Karkardooma, Krishna Nagar, Preet Vihar, Shahdara, Delhi-110092 have changed my name to Guru Prasad Batt for all purposes.

0071023212-1

I, Garv S/o Jagmohan Sharma, R/o H. No. A-786, Gali No. 9, Meet Nagar, VTC: Gokal Pur, State: Delhi, PIN Code: 110094, declare that the name of my father has been wrongly written as "SATISH" in my 10th class educational documents. The actual name of my father is JAGMOHAN SHARMA .

0071023195-1

I, Dakshita Vats D/o - Pawan Sharma. R/o - GF -1398, Pinewood Enclave, Sector - 2, Wave City, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201002. have changed my name to Dakshita Sharma.

0071023210-1

I, Bhoopender Kumar s/o Bhoop Singh, R/o A-28, Karam Pura, New Delhi-15, have changed my son name from Vyom Khorwal to Vyom (DOB:04-07-2013).

0040843441-1

I, Anil Kumar S/o Shri Ram Surat R/o T-1134, Mangolpuri, Delhi-110083, have change my son name from Rudra Yadav (DOB- 03/11/2017) to Laksh Yadav for all future purposes.

0040843450-1

I shahbuddin R/o B93/A joshi colony ip extension east delhi change my name sabuddin to shahbuddin for all future purposes

0071023233-1

I Neha Chaturvedi w/o Hemant Kumar Chaturvedi r/o D-106, Gali-3, Bhajanpura, Delhi-110053 have changed my name to NEHA.

0040843423-1

I Atharva Gautam S/o Sh. Vikas Gautam R/o House No.7/53, 3rd Floor, South Patel Nagar, Patel Nagar, Central Delhi, Delhi-110008 have changed my name to Veerat Gautam for all purposes.

0040843391-2

I , Punita Kumari W/O Arvind Kumar R/o G-250b, Sector-22, Noida, Up-201301 have changed my name After Marriage Punita Jha for all future purposes

0071023269-1

I,ANWARI BEGAM,W/O-LIYAKAT ALI,R/O-119, Vikram-Enclave, Shalimar Garden,Sahibabad,Ghaziabad, UP-201005,have changed my name to ANVARI, permanently,for all future purpose.

0040843512-6

I, Ranjeet Yadav S/O Dayaram Yadav R/O H.No. 3358/8F, Ekta Market, Near St. Aloysis College, Gouriya Ghat, Jabalpur, Madhya Pradesh-482001, hereby informed that correct D.O.B. of my father Dayaram Yadav is 30/09/1962 & my mother Sukhiya Yadav is 08/04/1964 instead of 01/07/1960 & 01/07/1962 as entered in my Service Record.

0040843514-3

I,GORA W/O GANDA RAM R/o RZD-84, Nihal Vihar, Nangloi, Nilothi,West Delhi, Delhi-110041, have changed my name to GORI.

0040843516-11

SS-46191 Y Major BALMUKUND of-8 Grenadiers,C/O-56,APO,via-affidavit dated-11-Nov-2025,of Akhnoor District-Court declare that as per his Class-X passing-certificate his mother's-name has been mentioned as MEERA SINHA. However correct spelling of his mother's name is MIRA SINHA.

0040843513-11

SS-46191 Y Major BALMUKUND of-8 Grenadiers,C/O-56,APO via-affidavit dated-11-Nov-2025 of Akhnoor District-Court,declare that as per his Class-X passing-certificate his father's name has been mentioned as B.K.SINHA. However his Father's complete name is BIRENDRA KUMAR SINHA.

0040843513-10

I,hitherto known as,Bharti Saini, D/o-Sh.Radha Krishan Saini,R/o-RZ-C-77 Dabri Extension(East)South West-Delhi,New Delhi-110045,have Changed my name and shall hereafter be known as Bharti Kumari.

0040843512-5

I,hitherto known as Pappu Roy,S/o Hiten Roy,R/o-Bhanu Nagar,Jalpaiguri, West-Bengal-735101,have changed my name and shall hereafter be known as Saikat Roy.

0040843488-7

I,hitherto known as Chhathi kumari,D/o-Sanjit Pandit,R/o Daultpur Bhojpuri Bihar-802313, have changed my name and shall hereafter be known as Chhoti Kumari

0040843512-10

I,hitherto known as Amit Kumar Choubey,S/o-Om Prakash Choubey,C-506,Police Cooperative Multistate Housing Society, Sector-49,Faridabad, Haryana-121001,have changed my name and shall hereafter be known as Amit Kumar Chaturvedi.

0040843516-3

I,Vandana Goyal W/o Vikas Goyal R/o A-909, Shastri Nagar,Delhi-110052,have changed my name to Vandana.

0040843508-9

I,VINITA KUMARI, W/O.MANSA RAM AHIRWAR,R/O.FLAT.NO-501, 5TH FLOOR, BLOCK-F,POCKET-7,NEAR MATA MANSA DEVI MANDIR, SECTOR-A1 TO A4,NARELA,DELHI-110040,HAVE CHANGED MY NAME TO VINITA KUMARI AHIRWAR.

0040843512-3

I,Surjeet Singh,S/o-Himmat Singh,R/o-10/12-A,Vijay-Nagar, Double-Storey, Del-110009,inform that my name has been wrongly-written as Surjit Singh in my Driving License.The actual name is my Surjeet Singh.Surjeet Singh and Surjit Singh,both name are of one and the same-person

0040843488-8

I,Sunita W/o Deepak Kumar R/o H-842 B, Palam Vihar, Choma(62), Gurgaon, Haryana-122017,have changed my name to Sunita Devi.

0040843513-5

I,Sudesh Bawa Arora W/o Harish Arora R/o-732 Bahawalapur CGHS Plot-1 Dwarka,Sector-4,South-West Delhi-110078,have changed my-name to Sudesh Bala Arora.

0040843516-7

I,Shashi Rani Sabharwal W/o Late Ashok Kumar Sabharwal R/o A-352,Surya Nagar,Ghaziabad, U.P.-201011,have changed my name to Shashi Sabharwal.

0040843516-4

I,Shashi Prabha Sandhu W/o-Sh.-Sada Ram R/o. H.No-131,Plot-no-22 Shruti Apartment Dwarka Sect-7 South-West Delhi Dwarka Delhi-110075,have changed my name from Shashi Sandhu to Shashi Prabha Sandhu,for all future purposes.

0040843488-3

I,Sat Narain S/o Kundan Lal,R/o A-909, Shastri Nagar,Delhi-110052 have changed my name to Satya Narayan Goel.

0040843508-8

I,SUNIL GOEL S/O Radhey Shyam R/O RZ-25, Bindapur, Matiyala, Road, Uttam Nagar,Delhi-110059,have changed my name to SUNIL KUMAR.

0040843516-2

I,SOUMI BHATTACHARJYA, W/O-PARTHA PRATIM CHOWDHURY R/O-FLAT.NO-26,BLOCK-JG1,GROUND FLOOR VIKAS PURI,NEW DELHI-110018 Changed my name to SOUMI CHOWDHURY,for all future purposes.

0040843513-8

I,SAZIDA W/o ROJUDDIN ANSARI,resident of,House No-D-272,Gali No-06, Malik-Nagar,Loni Dehat, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201102,have changed my name from SAZIDA to SAZIDA ANSARI.Henceforth I would be known by the name of SAZIDA ANSARI,for all future purposes.

0040843488-5

I,Gyan Chand Sindhi S/o-Banshi Lal,R/o-A1/46,Ground Floor,Huda Sushant Lok 2 Sector-55 Gurgaon(HR)-122011,have changed my name to Gyan Chand for all,purposes. 0040843508-5

I, Komila Wadhera, W/o- Vineet Kumar Wadhera, R/o- Flat No. 4073, ACE Golfshire Apartments, Sector-150, Noida, Uttar Pradesh-201301, After my marriage, I have changed my name from Komila Kalra to Komila Wadhera, for all future purposes. 0040843512-8

I,KANIHYA LAL S/O NAND RAM R/O 535, GALI NO-2, CHANCHAL PARK, BAKKAR WALA, DELHI-110041 have changed my name to KANHAIYA LAL.

0040843514-2

I,LALIT S/O Om Prakash,R/O Flat No-A-103,Antriksh Apartment, Sector-4, Dwarka,Delhi-110078,have changed my name to LALIT KHATRI.

0040843516-1

I,MANOJ KUMAR SHARMA,S/o Girdhar Lal Sharma,R/o Flat No.43,Pocket-7,Sector-23 Rohini,Delhi-110085,do hereby inform the general public that my name MANOJ SHARMA and MANOJ KUMAR SHARMA is same person

0040843488-2

I,MANSA RAM,S/O-RAM LAL AHIRWAR,R/O.FLAT.NO-501,5TH FLOOR,BLOCK-F,POCKET-7,NEAR MATA-MANSA DEVI-MANDIR, SECTOR-A1 TO A4,NARELA, DELHI-110040,HAVE CHANGED MY NAME TO MANSA RAM AHIRWAR.

0040843512-4

I,NENGNEICHING CHING,S/O-SATLAL KIPGEN.ADRESS-D-3/180 SECOND-FLOOR GALI.NO.7 MAHAVIR-ENCLAVE,PALAM VILLAGE,PO PALAM DIST,SOUTH-WEST DELHI-110045,NEW-DELHI, CHANGED MY NAME TO NENGNEICHING KIPGEN.

0040843513-9

I,Nandita Kumari,D/o Sh.Chumman Dan,R/o House.No.73, Sector-5,Part-6, Gurugram, Haryana-122001, have changed my name from Nandita to Nandita Kumari,for all future purposes.

0040843513-7

I,PARMINDER SINGH GUJRAL S/o JATINDER PAL SINGH GUJRAL R/o-H.No. 54,Malook Singh Marg St.No.2,West Arjun Nagar Krishna,Nagar Delhi-110051, have changed my minor daughter name MANEKAS KAUR GUJRAL aged 10 years to MANEQKAS KAUR

0040843488-10

I,PRIYANKA TRIPATHI alias PRIYANKA DUBEY W/o Umesh Kumar R/o-B-46B, Pocket-B, Shivam,Apartment Ashok Vihar Phase-2,Delhi-110052,have changed my name to PRIYANKA DUBEY.

0040843488-9

I,RAGHAVENDRA PRASAD S/o Raj Kumar Singh R/o Nyotara, Nevtara PO:Noorpur Kalan,Ambedkar Nagar,Uttar Pradesh-224139,have changed my name to RAGHVENDRA PRATAP SINGH.

0040843516-9

I,RITESH SINGH,S/O-BABAN SINGH ADDRESH-B-4-064 SHOBHA-CITY,SECTOR-108,DWARKA EXPRESSWAY GURGAON,HARYANA-122017,HAVE CHANGE MY NAME TO RITESH KUMAR SINGH.

0040843508-2

I,Rajender Kumar Jain,S/o Kapoor Chand Jain,R/o-N-68,Street No.4,N-Block, Uldhanpur,Naveen Shahdara, Delhi-110032,have changed my name to Rajendra Jain for all purpose,

0040843513-3

I,Nand Kishore S/o Parkash Chand,R/o C-8/43,Yamuna Vihar Delhi-110053 Have changed my name to Nand Kishore Bansal for all purposes.

0040843508-6

I,Ritu Mehra Taitriya D/o Anami Saran Mehra,R/o,Flat-No.D-1403 Tower-D Godrej-Aria Sector-79 Kherki-Daula, Gurgaon Haryana-122004,have changed my-name to Ritu Mehra.

0040843516-6

I,Gopal Dass s/o kashmiri Lal,r/o,B-6-161/162 first floor,sector-11,Rohini Delhi-110085,have changed my name to GOPAL DASS BANSAL,for all purposes.

0040843512-1

I,Deniel s/o-Faquir Magch R/o Plot No-13,3rd Floor,KH No-816,Arihant Apartment,Baba Colony,Burari,Delhi-110084 have changed my name to Daniel Masih.

0040843512-2

I,NEHA MEHTA W/O Hitesh Wadhera,R/O B-36,Rama Park,Uttam Nagar,Delhi-110059 , Changed my name after marriage is NEHA WADHERA. 0040843516-12

I,DANISH,S/o ROJUDDIN ANSARI,resident of House.No-D-272,Gali No-06, Malik Nagar,Loni Dehat,Ghaziabad,Uttar Pradesh-201102,have changed my name,from DANISH to DANISH ANSARI. Henceforth I would be known by the name of DANISH ANSARI for all future purposes.

0040843488-4

I,Bharat Bhushan Gulati S/O Hari Kishan Gulati R/O 140,Sainik Vihar, Pitampura, Delhi-110034,have changed my name to Bharat Gulati.

0040843513-2

I,BIMLA DEVI JAIN W/o Rajender Parshad Jain R/o-H.No-201/23,Tirth Market Gur Mandi, Sonipat Haryana-131001,have changed my name to BIMLA DEVI.

0040843516-10

I,Anshu Bhatia,D/o Kasturi Lal Bhatia,W/o-Ankit Arora,R/o-Flat.No.943, Tower.No.11,Orchid,Our Homes Society,Sector-37C,Gurugram,Haryana-122001,have changed my name to Anshu Arora for all Purposes. 0040843508-4

I, Sanjeev Kumar,S/O Randhir Singh,R/O H.No.81,Goyla Khurd Village, Najafgarh Delhi-110071,Have Changed my Name to Sanjeev Kumar Jakhar.

0040843488-1

I,Anjali Khoobchandani,W/o Karan Ahuja R/o-8/22,2nd and 3rd Floor,East Patel Nagar, Patel Nagar,Central Delhi,Delhi-110008,have changed my name to Anjali Ahuja,for all,purposes.

0040843508-7

I, Anil Kumar Jain, S/o-Chaman Lal Jain, R/o- E-5/8, Vasant Vihar, Kusum Pur, Vasant Vihar-1, South West Delhi, Delhi-110057, have changed my name to Anil Jain, for all future purposes.

0040843512-9

I,Amit Kumar Sindhi S/o Gyan Chand,R/o-A1/46 Ground-Floor,Huda Sushant Lok-2 Sector-55,Gurgaon (HR)-122011,have changed my name to Amit Kumar for all,purposes.

0040843508-1

I,Amish Taitriya S/o Ritu Mehra R/o,Flat-No.D-1403 Tower-D Godrej Aria Sector-79 Kherki-Daula Gurgaon Haryana-122004,have changed my-name to Amish Mehra.

0040843516-8

I,Aman Jolly,S/o J P S Jolly R/o H.No.7/31, near Subhash Nagar Metro Station, Tilak Nagar,New Delhi-110018, have changed the name of my minor daughter Rabani Jolly aged-17-years to Rabani Kaur Jolly.

0040843488-6

I,Akansha W/o Ashish Thukral R/o-1675,Outram lane Kingsway camp Delhi 110009,Have changed my name to Akanksha Thukral,for all purposes.

0040843513-4

I,Akansha Abrol Moitra,D/O.Deepak Abrol,R/O.BL-82,S/F,L-Block,Hari Nagar,New Delhi-110064,have changed my name to Akansha Abrol for all Purposes.

0040843508-3

I,ANKIT KUMAR,S/o Sh.Ajit Kumar Dogra,R/o RW-12,Second Floor,Rosewood Lane,Malibu Towne,Sector-47,Gurugram, Haryana-122018,have changed my name from ANKIT KUMAR to ANKIT DOGRA,for all future purposes.

0040843513-6

I,ABDUL BARI,S/O-SARWAR,R/O-Ward.no.6, Dumaria,Parshadpur,Araria, P.T Dumraha,Bihar-854311,has changed my name to ABDUL BARIQ permanently for all future purpose

0040843512-7

I, hitherto know as Sanjeev Gour alias Sanjeev Sharma S/o Sh. Satpal Sharma R/o 52-B, Block-A, Gali No.6, Anarkali Garden, Jagatpuri, Near Kangra Bank, Krishna Nagar, Delhi-110051 have changed my name and shall hereafter be known as SANJEEV SHARMA.

0040843395-1

I, hitherto know as Monika Gour alias Monika Sharma W/o Sh. Sanjeev Sharma R/o 52-B, Block-A, Gali No.6, Anarkali Garden, Jagatpuri, Near Kangra Bank, Krishna Nagar, Delhi-110051 have changed my name and shall hereafter be known as MONIKA SHARMA.

0040843396-1

I, Soofia Khatoon w/o Mohsin Jalil Shamsi, r/o 10A/1, Surya Vihar, Deenpur, Najafgarh, New Delhi 110043, have changed my name to Sofia Khatoon Shamsi

0071023209-1

I, Santosh Kumar Anantram Varma S/o, Anantram Bachharam Varma, resident of Tower D, 1703, 17th floor, Amrapali Platinum, Sector 119 NOIDA, UTTAR PRADESH 201301 have changed my name to Santosh Kumar Varma.

0071023211-1

I, SUMIT SAXENA,S/O-RAMESH CHANDRA,R/O-F-163, GULSHAN IKEBANA,SECTOR 143,NOIDA-201306,have changed my minor daughter's name ANAISHA SAXENA to ANAESHA SAXENA.Aged-7.10 years

0130062623-1

I, SHAURYA,C/O POOJA MEHRA,R/O-RZ-B-1/50-A,and B,S/F,GALI.NO-21, AMRIT-CONSTRUCTION, AND COLLABORATION KIRAN GARDEN (SHIVAJI GARDEN EXTN), D.K MOHAN-GARDEN, UTTAM NAGAR,NEW DELHI-110059, have changed my name to SHAURYA MEHRA

0040843392-1

I, Rasheeda d/o Abdul Majeed Khan (w/o Javed Khan) resident of 260/5, Choudhary Wara-3, Sikandrabd:203205, District: Bulandshahr (U.P.) As per High School Certificate No.0717133 my date of birth is 25/07/1979. I have changed my name from Rasheeda to RASHEEDA KHAN for all future purposes.

0040843394-2

I, Raminder Kaur W/o Amandeep Singh Bagga R/o 470, Sainik Vihar, Pitampura, Delhi- 110034, have changed my name to Raminder Kaur Bagga permanently.

0040843413-1

I, Ramendra Kumar S/O Shripal R/O H.No.580, Y Block, Mangol Puri, Delhi-110083,have changed my name to Ravinder Kumar.

0040843513-1

I, Rakesh Kumar Rai S/o Chandra Mohan Rai, TA-176/2, FF, Gali No-03, Tughlakabad Extn., Delhi-19 have changed my name to Rakesh Rai.

0071023283-1

I, Pratibha Dubey alias Pratibha Shukla W/o Sunil Kumar Dubey D/o Sushil Kumar Shukla R/o 19-B, KH No. 12/15, Samta Enclave Phase-1 Qutub Vihar DC Goyla, Delhi-110071 have changed my name to Pratibha Dubey for all purposes.

0071023291-1

I, Nishat d/o Abdul Majeed Khan (w/o Mohd Azhar Khan) resident of 260/5, Choudhary Wara-3 Sikandrabd:203205, District: Bulandshahr (U.P.) As per High School Certificate No.0741797 my date of birth is 01/07/1982. I have changed my name from Nishat to NISHAT KHAN for all future purposes.

0040843394-1

I, NAFEES AHAMED S/O MOHD HANEEF R/O C-19 F/F JAITPUR EXTN PART-2 BADARPUR DELHI-44 HAVE CHANGED MY NAME TO NAFEES AHMAD PERMANENTLY FOR ALL FUTURE PURPOSES

0040843514-1

I, Reetu W/o Sanjeev Kumar Sharma R/o C-168, Brij Vihar, Ghaziabad, U.P.-201011, have changed my name to Reetu Sharma.

0040842256-3

I, Navjeet Kaur Mahapatra W/o Rabindra Kumar Mahapatra R/o Flat No.1301,Tower No-12,Aspen Appt.,Suraj Kund Road, Sector-43, Faridabad, Haryana-121001, have changed my name from Navjeet Kaur to Navjeet Kaur Mahapatra for all future purposes.

0040843087-8

खोया+पाया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मूल विक्रय विलेख (सेल डीड) पंजीकरण संख्या 2343, दिनांक 22-03-2006, पुस्तक संख्या 1, श्री अशोक राय के नाम, संपत्ति स्थित प्लॉट संख्या 132, खसरा संख्या 317, 319, 320, ग्राम उत्तर्दौना, लखनऊ से संबंधित, खो गया है।

मैं ऊषा मौर्या पत्नी चन्द्रभान निवासी- दीनदास पुर जंसा वाराणसी उ.प्र.- 221405 अपनी मूल विक्रय विलेख- 08/02/2026 को लोहता वाराणसी में खो दी है- विवरण- बुक सं.-1 खण्ड-116 के पृष्ठ-293-316 दस्तावेज नं.-1614 रजिस्ट्री, 27/09/1999 उपरोक्त दस्तावेजों का उपयोग, दुरूपयोग

मैं संजीव कुमार पुत्र श्री जयपाल निवासी 84 चिपियाना बुजुर्ग थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर सूचित करता हूं कि मेरे प्रॉपर्टी के 07 ओरिजनल बैनामे (रजिस्ट्री) के पेपर कहीं खो गया है, जिसे मिले उपरोक्त पते पर संपर्क करें.

71023244-1

I, Sherien Madan,D/o Gurbax Rai Khanna,R/o-E-477, Greater Kailash-2,New Delhi-110048,have lost my original-Conveyance Deed,which was executed by DDA in favour of Mrs Surjeet,W/o-Gurbax Rai Khanna in respect of Property No.E-3,Masjid-Moth, Greater-Kailash-3,New Delhi-110048 which was duly registered as Document No.271,In Addl Book. No.1, Vol.No.1349,On Pages 50-51, on-13.01.1998 in the office of the Sub-Registrar-INA, Vikas-Sadan, New Delhi. Finder contact: 9990077300.

0040843512-11

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given on behalf of my clients SH. ANIL KUMAR JAIN son of Sh. Nem Chand Jain, and his wife Smt. Suman Jain, R/o PP-106, Pitampura, Delhi, who are negotiating with SH. SATYA NARAYAN BANSAL @ S.N. BANSAL S/o late Sh. Kirori Mal, R/o BM-18 (Paschimi/West) Shalimar Bagh, Delhi regarding to purchase the Entire Property No. BM-18 (Paschimi/West), land area measuring 207 sq.mtrs., situated at Shalimar Bagh, Delhi, who claims himself as the sole claimant/owner and in possession of the said property.

Any person(s) having any claim/ interest /right in respect of or against the above said property in any manner or by way of any Agreement to sell or inheritance or share or sale or transfer or assignment or loan or mortgage or gift or exchange or possession or covenant or easement or otherwise howsoever, is hereby called upon to bring the same to the knowledge of the undersigned in writing with all documentary evidence(s) at the office of the undersigned within 5 days from the date of publication thereof of the present notice, failing which the claim of such person(s), if any, shall be treated as null and void; and shall not have any legal sanctity; and shall be non-binding on my clients and the aforesaid proposed transaction of purchase of the said property shall be completed without any reference to any such claim(s)/ demand(s).

Parveen Garg (Advocate)
Enrol.No. D/713/86, RU-370,
Pitampura, ND-34, Mob.9810039884

सूचना

यह सूचित किया जाता है कि दुकान नं. 4/7, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर जी, अलीगंज, लखनऊ की विक्रय विलेख (Sale Deed), जो बही नं. 1, जिल्द नं. 2469, पृष्ठ नं. 211 से 238, क्रमांक 9526, दिनांक 20 नवम्बर 2004 को पंजीकृत है तथा श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव पत्नी श्री बी.के. श्रीवास्तव के नाम दर्ज है, गुम हो गई है।

मुख्य प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, कपूरथला शाखा, अलीगंज, लखनऊ

PUBLIC NOTICE

To whomsoever it may concern that My Client **Sh. Om Parkash** S/o Sh. Mathura Lal, R/o House No B-1/513 Madan Gir Ambedkar Nagar, Dr. Ambedkar Nagar, South Delhi, Delhi-110062 has severed his relationship with his cousin brother, namely **Sh. Ganga Sahay @ Shanti** S/o Late Sh. Itwari Lal R/o House No. B-1/512 Madan Gir Ambedkar Nagar, Dr. Ambedkar Nagar, South Delhi, Delhi-110062 due to his criminal involvement and absconding since 2024. My client will have no relation with him and his family as mentioned above and my client will not be responsible for any act done by him. Anybody dealing with him shall be doing so at their own risk and costs.

Sd/-
AJAY KHATANA
Advocate
Ch. No. 702, Lawyer's Chambers Block, Rohini Courts, Delhi-110085

सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि श्री राजे कुमार पुत्र श्री रतन लाल, जिन्होंने जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जीआईसीएचएफएल) से ऋण के लिए आवेदन किया था, श्री गोपाल दास के निधन की सूचना दी है, जिनका निधन 24.12.2015 को हुआ था। यह ऋण निर्मित द्वितीय मंजिल (छत टेरेस अधिकारों के बिना) से संबंधित है, संपत्ति संख्या 77, भूमि क्षेत्र 85 वर्ग गज, आयत संख्या 76, किला संख्या 16, ग्राम हस्तसल के राजस्व संपदा, जी-1 ब्लॉक कॉलोनी, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 में स्थित है। यह भी सूचित किया जाता है कि विक्रेता, श्रीमती... शीला रानी, श्री चमन लाल की पत्नी, उपरोक्त नाम वाले मृतक व्यक्ति का उत्तरजीवी सदस्य प्रमाण पत्र अपने पास नहीं रखती हैं और उन्होंने कहा है कि उपर्युक्त संपत्ति के संबंध में उनका कोई अन्य कानूनी उत्तराधिकारी नहीं है!

SUBHASH GUPTA
ADVOCATE
D-446/2002

PUBLIC NOTICE

Our clients Shri Vinod Joshi S/O Madhukar & Smt. Sonu W/O Sh. Vinod Joshi R/O B-409, Nehru Camp, Govindpuri, Kalkaji, New Delhi-110019, do hereby debarred/disowned their son Ritik, B-409, Nehru Camp, Govindpuri, Kalkaji, New Delhi-110019 from all their moveable/immoveable properties due to his misbehavior and abusing language and severed their relations with them. Our client shall not be responsible for their any acts in future.

YOGESH SHARMA- ADVOCATE
CH.NO.711, 7th FLOOR, LAWYERS BLOCK,
SAKET COURT, NEW DELHI-110017
MOB: 9873574613, 7982981510

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the general public that Shri RAKESH AHUJA, S/o Shri Vilayati Ram Ahuja, R/o C-425, Second Floor, Vikas Puri, West Delhi-110018, hereby declares that he has severed all his relations, connections and dealings with his brother Shri PAWAN AHUJA S/o Shri Vilayati Ram Ahuja R/o A/107, Second Floor, Narang Colony, Janak Puri, Delhi-110058, due to personal reasons. It is hereby further notified that Shri RAKESH AHUJA and his family has no concern or relationship of any nature whatsoever, whether personal, professional, financial or otherwise, with the said Shri PAWAN AHUJA and with his family from the date of this notice. The general public, banks, financial institutions, companies, firms, government departments and other concerned authorities are hereby informed that Shri RAKESH AHUJA and his family shall not be responsible or liable in any manner whatsoever for any act, deed, omission, transaction, loan, borrowing, liability, agreement, business dealing or commitment made or undertaken by the said Shri PAWAN AHUJA and with his family with any person, institution or organization.It is also specifically declared that the said Shri PAWAN AHUJA has no right, title, interest, claim or authority in the movable or immovable properties, assets, finances, investments or business interests belonging to Shri RAKESH AHUJA and any person dealing with him shall do so at his/her own risk, cost and consequences.

Sd/-
Nikhil Bahari (Advocate)
Chamber No. 182, Lawyers Block-2, Delhi High Court New Delhi

PUBLIC NOTICE

Public at large is informed that my client **Smt Shakuntla Devi**, Wife of Late Kishan Lal Pipal, R/o J-3/306, DDA Flats, Kalkaji, New Delhi-110019, have severed her all relations with her daughter **Monu Pipal** and disowned & disinherited her from her all moveable & immovable properties/assets. Anybody dealing with her shall do so at his/her/their own risk and cost.

Deepak Singh, Advocate
En. No. D/744/14

सार्वजनिक सूचना

यह बताया जाता है कि श्रीमती सीमा ग्रोवर, जिन्होंने LICHFL से 62.5 SQ. YDS की प्रॉपर्टी नंबर WZ-63-B के रेजिडेंशियल पूरे अपर ग्राउंड फ्लोर के लिए लोन के लिए अप्लाई किया था, जो प्लॉट नंबर D-3 पर बना है और श्याम प्रसाद मुखर्जी पार्क नाम की कॉलोनी में है, जो गांव चौकंडी, नई दिल्ली-110018 के एरिया में है। और विक्रेता श्रीमती शशि आहूजा के पास मूल शीर्षक दस्तावेज नहीं है, अर्थात (1) बिक्री विलेख दिनांक 03.07.2013 को श्रीमती वेद बजाज द्वारा श्रीमती प्रीति शर्मा और श्रीमती रुचि के पक्ष में निष्पादित, पंजीकृत दस्तावेज संख्या 13931, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 21046, पृष्ठ संख्या 119-126, एसआर-II नई दिल्ली के कार्यालय में, उक्त संपूर्ण ऊपरी भूतल के संबंध में छत के अधिकार के बिना क्षेत्र 62.5 वर्ग गज मापने वाली संपत्ति संख्या WZ-63-B प्लॉट संख्या डी-3 पर निर्मित। उनके द्वारा खो दी गई है और उक्त संपत्ति के संबंध में 09.03.2026 को एफआईआर की गई है। यदि किसी अन्य दावे का पूर्वोक्त संपत्ति में कोई अधिकार या हित है, तो उसे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करना चाहिए और इसकी सूचना देनी चाहिए।

सुभाष गुप्ता
एडवोकेट
D-446/2002

PUBLIC NOTICE

General public at large is hereby informed and cautioned that one of my clients Ms. Pritti Chadha attorney of her daughter Mrs. Nikita Varma, granddaughter of Mr. O.P. Chadha (owner) has lost/misplaced Original Agreement to Sell dated 14.02.1990, General Power of Attorney and other related documents of ownership pertaining to Lower Ground Floor of Property no. 265, (153.24 Sq. Yds.), Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi (Property) somewhere in South Delhi on 27.02.2026. Complaint dated 10.03.2026 has been lodged with Police Station Crime Branch, Delhi vide LR no. 155565/2026. If anybody, person, body corporate have found or finds in future the said documents, then the same should be returned to the undersigned. Use of the said documents in any manner by anybody other than the owner, Mrs. Nikita Varma shall be illegal & void.

Vishal Chopra, Advocate
Narang & Associates
D-28, Jangpura Extension, New Delhi-110014

PUBLIC NOTICE

Be It Known that my clients (1) **SH. MUKESH** S/o Sh. Shiv Charan (2) **SMT. KAMLA** W/o MUKESH R/o 167 Village Bharola near Azadpur Delhi-110033 have disowned and severed all their relation with their son namely **ANAND** and his wife **PRIYANKA BANIWAL** and debarred them from their movable and immovable properties/ assets. Any body dealing with them in civil and criminal matter shall be doing at his/her/their Own risk, Cost and responsibility.

Sd/-
S.C. DIXIT
Advocate
Ch. No. 17 RU-Market Pitampura Delhi-34

PUBLIC NOTICE

Be it know to all concerned persons and general public that my client **Sh. Umesh Bhardwaj** S/o Late Sh. S. N. Bhardwaj, R/o E-244, 3rd floor, Naraina Vihar, New Delhi-110028 and clienteess **Smt. Babita Bhardwaj** W/o Umesh Bhardwaj, have already severed all their relations and links with their son **Sh. Anuj Bhardwaj** & his wife **Smt. Kamna Bhardwaj** who are currently living separately and have disowned and debarred them from all their movable and immovable properties. Anybody dealing with them will be doing so at his/her own risks and consequences and my clients shall not be liable for their acts and deeds.

Sd/-
GAGAN WADHWA (Advocate)
Ch. No. 277-A, 2nd Floor Western Wing, Tis Hazari Courts, Delhi-110054

PUBLIC NOTICE

Be it known to all that my client Nem Pal S/o Netrapal R/o H.No.1192, Gautampuri, PH-1, Delhi-110044 have severed his all relation from his both sons and their wife Namely Vivek and his wife Seema and Vikrant and his wife Rakhi and disown them from his all moveable and immovable properties due to their disobedient conduct. My client shall not be responsible for any act, deeds and things of their above named both sons and their wife in future.

Manoj Kumar (Advocate)
Ch. No. 232 Saket Court, New Delhi-17

सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती रीति ग्रोवर और श्री मोहित कुमार, जिन्होंने LIC हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (LICHFL) से लोन के लिए अप्लाई किया था, ने श्रीमती कस्तूरी सुमरा की मौत की सूचना दी है, जिनकी मृत्यु 14.01.2013 को हुई थी। और उनके पति श्री विपिन कुमार सुमरा की मृत्यु 12.11.2010 को हुई थी। और उनके बेटे श्री गौरव सुमरा की मृत्यु 11.08.2014 को हुई थी। यह लोन पूरी प्रॉपर्टी नंबर 7 (पुराने प्लॉट नंबर 31 पर बनी), खसरा नंबर 1258/510 में से 309 SQ. GDS एरिया के लिए है, जो गणेश नगर-II, शकरपुर की आबादी और मंडावली फजलपुर गांव, दिल्ली-110092 के एरिया में है। यह भी बताया जाता है कि सेलर, श्रीमती बबीता देवी के पास ऊपर बताए गए मृतक व्यक्ति का जीवित मेंबर सर्टिफिकेट नहीं है और उन्होंने बताया है कि इस प्रॉपर्टी के कोई दूसरे कानूनी वारिस नहीं हैं। यदि किसी व्यक्ति को उपर्युक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का दावा, अधिकार, स्वामित्व अथवा हित हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करे। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और उसे त्यागा हुआ माना जाएगा।

SUBHASH GUPTA
ADVOCATE
D-446/2002

IN THE COURT OF SHRI MUKESH KUMAR GUPTA, LD. DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL, COURT)-07, ROOM NO. 302 CENTRAL, EXTENSION BLOCK, TIS HAZARI COURTS, DELHI

PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT (Order 5. Rules 20 of the Code of Civil Procedures)

CS (COMM) 854/2025
TANU GOEL
VS
ANIL KAKKAR
TO
ANIL KAKKAR
SOLE PROP. OF M/S SHREE BALAJI ASSOCIATES
OFFICE AT:
FLAT-547, PKT-3, PASCHIM PURI, NEW DELHI, 110063
TEL: 9250167088
EMAIL: shreebalaji1705@gmail.com

WHEREAS you are intentionally evading service of summon it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **23.03.2026** the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.

Given under my hand and the seal of the court, this **09.03.2026.**

Seal

Sd/-
District Judge (Commercial Court)

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I, Ajay Thukral S/O Subhash Chand Thukral R/O LIG Flat No. 504, Top Floor Sanjay Enclave Opp. Gtk Bus Depot Azadpur, N.S. Mandi, Model town, North West Delhi, Delhi-110033, declare that name of mine and my wife has been wrongly written as Ajay and Anju in my minor Daughter Pawni Thukral aged 16 years in his School Records. The actual name of mine and my wife are Ajay Thukral and Anju Thukral.

PUBLIC NOTICE

I, SATYA NARAYAN BANSAL alias S.N. BANSAL S/o late Sh. Kirori Mal, is the sole owner & in possession of Entire Property No. BM-18 (Paschimi), situated at Shalimar Bagh, Delhi. The DDA Original Auction Letter, Possession Letter, Site Possession etc. & other related documents of above stated property had already been lost/misplaced and not traceable till date, against which I have lodged the complaint with the Police Department, Delhi vide LR No. 154944/2026 on 10/03/2026, if anybody found, the same may submit or contact to me.

(Satya Narayana Bansal)
Mob.: # 9891238818
Email ID.: shrey0936@yahoo.co.in

PUBLIC NOTICE

**Residential Property

जनकपुरी हादसा

मुख्य ठेकेदार हिमांशु उदयपुर से गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 मार्च।

जनकपुरी में खोदे गए गहरे गड्ढे में गिरकर हुई कमल ध्यानी की मौत के मामले में मुख्य ठेकेदार हिमांशु गुप्ता को पुलिस ने उदयपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पिछले महीने जनकपुरी के इस गड्ढे में 25 वर्षीय बैंक कर्मचारी अपनी मोटरसाइकिल सहित गिर गया था जिससे उसकी मौत हो गई थी।

मंगलवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि ठेकेदार हिमांशु गुप्ता गिरफ्तारी से बच रहा था और पश्चिमी जिले की पुलिस टीम के गहन तलाशी अभियान के बाद उसे राजस्थान के उदयपुर से गिरफ्तार किया गया। टीम ने मंगलवार तड़के गुप्ता को उदयपुर में ढूंढ निकाला और गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आगे की पूछताछ के लिए गुप्ता को दिल्ली लाया जा रहा है। यह मामला पांच फरवरी की रात कमल ध्यानी की मौत से संबंधित है, जब उनकी मोटरसाइकिल जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य के दौरान कथित तौर पर खुले छोड़े गए 15 फुट गहरे सीवेज के गड्ढे में गिर गई थी। पुलिस ने घटना के संबंध में मामला दर्ज कर गड्ढे को असुरक्षित छोड़ने के लिए जिम्मेदार लोगों की तलाश शुरू की।

नरेला में कार में मिले दो शव, जांच जारी

दोनों रिश्ते के भाई थे; दम घुटने से मौत होने की आशंका, कार में मिले शराब के पाउच

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 मार्च।

दिल्ली के नरेला औद्योगिक क्षेत्र में एक खड़ी कार के अंदर दो लोगों के शव मिले हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों रिश्ते के भाई थे और प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उनकी मौत दम घुटने के कारण हुई है।

उत्तर बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने बताया कि जानकारी मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और पाया कि एक सफेद कार खड़ी थी। कार की खिड़कियां बंद थीं और दरवाजे खुले थे। उन्होंने बताया कि कार पर उत्तर प्रदेश का पंजीकरण नंबर अंकित है। अधिकारी ने बताया कि वाहन की जांच करने पर पुलिस को अंदर दो लोग नजर आए। उन्होंने बताया कि एक चालक की सीट पर जबकि दूसरा पिछली सीट पर बैठा था। उन्होंने बताया कि कार से तेज बदबू आ रही थी, जिससे पता चलता है कि शव कुछ समय से वहीं पड़े थे। उन्होंने कहा कि कार के अंदर तीन शराब के पाउच भी बरामद हुए, जिनमें से दो बंद थे और एक खुला था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पड़ताल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों के रिकार्ड से पता चला कि कार सोमवार को अपराह्न दो बजे के करीब उस स्थान पर खड़ी की गई थी और उसके बाद किसी को उसमें प्रवेश करते या बाहर निकलते नहीं देखा गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान विकास (42) और बिजेंद्र उर्फ भोला (36) के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि दोनों खेड़ा खुर्द के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि विकास चालक की सीट पर और बिजेंद्र पिछली सीट पर था। उन्होंने बताया कि दोनों क्रमशः चालक और नलसाज के तौर पर काम करते थे। पुलिस ने बताया कि यह वाहन राकेश कुमार (49) का है, जो खेड़ा खुर्द का रहने वाला है और मूल रूप से उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर का निवासी है। राकेश ने यह वाहन किराए पर दिया था। उन्होंने कहा कि शवों पर किसी भी तरह के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं और प्रारंभिक जांच के अनुसार ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी मौत बंद कार के अंदर दम घुटने से हुई हो। पुलिस अधिकारी ने कहा कि कि सटीक कारण पता करने के लिए शवों का पोस्टमार्टम किया गया है और आगे की जांच जारी है।

सीमापुरी में कैंची से गोदकर व्यक्ति की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 मार्च।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी इलाके में पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद 26 वर्षीय एक युवक की कैंची से गोदकर हत्या कर दी गई। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, आठ मार्च को नई सीमापुरी में हुए झगड़े की सूचना मिली थी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान टीम ने पाया कि आरोपी जावेद उर्फ गुंडा (28) की पैसों के विवाद को लेकर रकीबुल (26) और आमिर (27) के साथ तीखी बहस हुई थी।

पैसे के लेनदेन को लेकर हुआ था विवाद, पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी की मदद से आरोपी जावेद को पकड़ लिया गया और कैंची भी बरामद कर ली गई है।

इस दौरान जावेद ने दोनों पर कैंची से हमला कर दिया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां रकीबुल की जान बच गई जबकि आमिर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई जिसने इलाके के कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। फुटेज में आरोपी हमले के बाद इलाके में घूमता हुआ दिखाई दे रहा था। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी विश्लेषण की मदद से न्यू सीमापुरी के एक झुग्गी बस्ती इलाके से जावेद को पकड़ लिया गया और अपराध में इस्तेमाल की गई कैंची भी बरामद कर ली गई है। पुलिस के मुताबिक, जावेद पढ़ा लिखा नहीं है और उसका आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी सीमापुरी थाने में दर्ज कम से कम दो आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

खबर कोना

गंदे पानी की आपूर्ति पर कांग्रेस का हमला, मुख्यमंत्री से मांगा इस्तीफा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 मार्च।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि अगर रेखा गुप्ता की सरकार दिल्लीवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं करा सकती, तो मुख्यमंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद छोड़ देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्वी, उत्तरी और बाहरी दिल्ली के कई इलाकों में लोगों को गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। यादव के अनुसार मधु विहार, आई.पी. एक्सटेंशन, मंडावली और पटपड़गंज में नलों के पानी में कीड़े निकलने की शिकायतें मिली हैं, जबकि भलस्वा, जनकपुरी, द्वारका और अशोक नगर जैसे क्षेत्रों में भी गंदे पानी से लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि कई बार बोरवेल या अन्य स्रोतों का पानी बिना सही उपचार के ही सप्लाई कर दिया जाता है। उन्होंने एक रपट का हवाला देते हुए कहा कि पानी के लगभग 40 फीसद नमूने जांच में फेल पाए गए हैं। साथ ही जल बोर्ड की 25 लैब में से केवल दो ही वैश्विक मानकों के अनुसार प्रमाणित हैं, जो चिंता का विषय है।

चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका प्रेरणादायक: रेखा गुप्ता

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 मार्च।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका बेहद महत्त्वपूर्ण और प्रेरणादायक है। आज महिलाएं डाक्टर, सर्जन, शोधकर्ता, नर्स और स्वास्थ्य विशेषज्ञ के रूप में अपनी अहम जिम्मेदारी निभा रही हैं। वे न केवल मरीजों को बेहतर उपचार दे रही हैं, बल्कि समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में भी बड़ी भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की संवेदनशीलता, सेवा भावना और समर्पण चिकित्सा क्षेत्र को और अधिक मानवीय बनाते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में महिलाओं का योगदान लगातार बढ़ रहा है और यह समाज के लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री यह बातें 'चिकित्सा जगत में महिलाएं' विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। यह कार्यक्रम दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक, चिकित्सा विशेषज्ञ, नर्सिंग स्टाफ और महिला स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहीं।

मुठभेड़ के बाद हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 मार्च।

बाहरी उत्तरी दिल्ली के बवाना में प्लास्टिक दाना व्यापारी वैभव गांधी की हत्या के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने रोहिणी के शाहाबाद डेयरी इलाके में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद इरफान (40) और ऐश्वर्या पांडे (37) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों करीब एक महीने से फरार थे। सोमवार देर रात रोहिणी सेक्टर-34 में उन्हें रोकने की कोशिश की गई, जिस पर उन्होंने भागते हुए गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैरों में गोली लगी और उन्हें काबू कर लिया गया। आरोपियों के पास से दो पिस्तौल, कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

मेट्रो में यौन उत्पीड़न के मामले में व्यक्ति की दोषसिद्धि बरकरार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 मार्च।

दिल्ली की एक अदालत ने मेट्रो ट्रेन के अंदर महिला के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में एक व्यक्ति की दोषसिद्धि को बरकरार रखा और सार्वजनिक परिवहन में यात्रा करने वाली महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय करने पर बल दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरगुरवरिंदर सिंह जग्गी ने मोहम्मद ताहिर द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया, जिसमें उसने भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (किसी महिला की गरिमा भंग करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और धारा 354ए (यौन उत्पीड़न) के तहत अपनी दोषसिद्धि को चुनौती दी थी।

विरोध

जंतर-मंतर पर मंगलवार को '67वें राष्ट्रीय विद्रोह दिवस' के अवसर पर प्रदर्शन कर नारे लगाते हुए तिब्बती समुदाय के लोग।

दिल्ली में चीनी दूतावास के पास प्रदर्शनकारियों ने की नारेबाजी

नई दिल्ली, 10 मार्च (भाषा)।

तिब्बती समुदाय के सदस्यों और उनके समर्थकों ने 67वें तिब्बती राष्ट्रीय विद्रोह दिवस के अवसर पर मंगलवार को नई दिल्ली स्थित चीनी दूतावास के पास एकत्र होकर नारेबाजी की। यह प्रदर्शन निर्वासन में रह रहे तिब्बतियों के सबसे बड़े संगठनों में से एक तिब्बती युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य तिब्बत क्षेत्र की स्थिति पर ध्यान आकर्षित करना था। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर न्याय, स्वतंत्रता और तिब्बतियों के अधिकारों के सम्मान की मांग करते हुए चीन के खिलाफ नारेबाजी की।

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चीनी दूतावास के पास प्रदर्शन स्थल से 24 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। हमारी टीमों ने चीनी दूतावास के पास से 24 लोगों को हिरासत में लिया है। उन्हें वहां से हटाकर अलग-अलग पुलिस थानों में ले जाया गया है।

ईडी के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर हाई कोर्ट ने कहा

जो महसूस किया, वही कहा; जांच अनुचित थी, इसलिए टिप्पणियां कीं

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 मार्च।

दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और शराब घोटाला मामले में आरोपी 21 अन्य लोगों से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें निचली अदालत द्वारा ईडी के खिलाफ की गई अनुचित टिप्पणियों को हटाने का अनुरोध किया गया है। मामले को 19 मार्च को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने कहा कि सीबीआई मामले में सभी 23 आरोपियों को आरोप मुक्त करने वाले निचली अदालत के आदेश में की गई टिप्पणियां सामान्य प्रकृति की प्रतीत होती हैं। अदालत ने कहा कि ये सामान्य टिप्पणियां हैं और इनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने (मामले की सुनवाई करने वाले न्यायाधीश ने) ये बातें इस मामले के संदर्भ में नहीं कही थीं। उन्होंने जो भी महसूस किया, वही कहा कि उन्हें लगा कि जांच अनुचित थी, इसलिए उन्होंने टिप्पणियां कीं, जैसा कि कुछ न्यायाधीश आमतौर पर करते हैं, जिनमें मैं भी शामिल हूं।

ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सालिसिटर जनरल एस वी राजू ने दलील दी कि

हाई कोर्ट ने ईडी की याचिका पर केजरीवाल, सिसोदिया से जवाब मांगा।

निचली अदालत के न्यायाधीश को उस मामले में प्रतिकूल टिप्पणी करने और आरोप लगाने का कोई अधिकार नहीं था, जिसमें ईडी पक्षकार ही नहीं थी। उन्होंने कहा कि ह्यईडी के खिलाफ सीधे आरोप लगाए गए हैं जबकि ईडी इस मामले में पक्षकार नहीं है। ईडी का इससे कोई लेना-देना नहीं है। इनका इस्तेमाल मेरे (ईडी) खिलाफ किया जाएगा। राजू ने अदालत से अनुरोध किया कि वह निर्देश दे कि इन टिप्पणियों का किसी अन्य मामले पर कोई प्रभाव न पड़े। कुछ आरोपियों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील ने कहा कि ईडी द्वारा उजागर की गई टिप्पणियां संदर्भ से परे थीं और उन्हें टुकड़ों में नहीं देखा जा सकता। इसके बाद अदालत ने वकील से जवाब दाखिल करने को कहा और इस बात पर भी गौर किया कि सीबीआई ने पहले ही निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें आरोपियों को आरोपमुक्त किया गया था।

'दिल्ली के अधिकांश आरोग्य मंदिरों में नहीं है नेत्र जांच की सुविधा'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 मार्च।

दिल्ली सरकार के 270 आरोग्य मंदिर और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में से अधिकांश में नेत्र जांच की बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं है। यह जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन की पायलट परियोजना 'रीसेट' (रिफ्रैक्टिव एरर एनालिसिस टूल) के तहत सामने आई है, जिसके आधार पर एम्स ने दिल्ली में अध्ययन किया। अध्ययन में पाया गया कि प्राथमिक स्वास्थ्य स्तर पर नेत्र देखभाल सेवाओं की भारी कमी है।

रपट के अनुसार केवल करीब 50 केंद्रों पर ही आंखों की जांच और इलाज की व्यवस्था है, जबकि राजधानी में बड़ी संख्या में लोग नजर से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं। रपट में बताया गया

यह जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन की पायलट परियोजना 'रीसेट' (रिफ्रैक्टिव एरर एनालिसिस टूल) के तहत सामने आई है, जिसके आधार पर एम्स ने दिल्ली में अध्ययन किया।

है कि दिल्ली की लगभग 30 फीसद आबादी, यानी करीब 60 लाख लोगों को नजर की कमजोरी की समस्या है। वहीं 50 वर्ष से अधिक उम्र के लगभग 70 प्रतिशत बुजुर्गों में आंखों की समस्या पाई जाती है। एम्स के डाक्टरों के अनुसार दिल्ली में केवल 489 आप्टोमेट्रिस्ट हैं, जबकि मानकों के अनुसार हर 50 हजार आबादी पर एक आप्टोमेट्रिस्ट होना चाहिए। रपट में सुझाव दिया गया है कि सभी आरोग्य मंदिरों में सप्ताह में कम से कम एक दिन नेत्र जांच की सुविधा शुरू की जाए।

उत्तम नगर में होली के दौरान हत्या का मामला

सुनवाई तक कोई तोड़फोड़ न की जाए : कोर्ट

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 मार्च।

दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली नगर निगम से कहा कि वह उत्तम नगर में होली के दिन हुई हिंसा के मामले में कथित तौर पर शामिल व्यक्तियों के दो घरों के संबंध में 11 मार्च तक तोड़फोड़ की कोई कार्रवाई न करे। हिंसा में 36 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने आरोपी इमरान की मां जरीना, और शहनाज की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह बात कही, जिनके बच्चों से पुलिस ने पूछताछ की थी।

अदालत ने कहा कि बुधवार सुबह 10:30 बजे तक, जब इस मामले पर सुनवाई होगी, कुछ भी नहीं होना चाहिए। याचिकाकर्ताओं ने उत्तम नगर की जेजे कालोनी में स्थित अपने आवासीय परिसरों को मनमानी और अवैध तोड़फोड़ से बचाने के लिए निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया था। अधिकारियों की ओर से पेश हुए वकील ने अदालत से बुधवार को मामले की सुनवाई करने का अनुरोध किया। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि इस बीच उन्हें अंतरिम सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। जरीना ने अपनी याचिका में कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा आरोपी उमरदीप के घर को ध्वस्त किए जाने से इलाके में आतंक और असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है, जिसके परिणामस्वरूप यह वास्तविक आशंका है कि कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना उसका घर भी ध्वस्त किया जा सकता है। याचिका में कहा गया कि तोड़फोड़ का आपराधिक मामलों में दंडात्मक उपाय के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, और इसके लिए कारण बताओ नोटिस जारी करना तथा संबंधित व्यक्तियों को सुनवाई का अवसर प्रदान करना आवश्यक है। दोनों याचिकाकर्ताओं ने अपनी दलीलों में कहा कि एक 'पूरी तरह से व्यक्तिगत' विवाद को दुर्भावनापूर्ण तरीके से सांप्रदायिक रंग दिया गया है।

याचिका में कहा गया कि तोड़फोड़ का आपराधिक मामलों में दंडात्मक उपाय के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, और इसके लिए कारण बताओ नोटिस जारी करना तथा संबंधित व्यक्तियों को सुनवाई का अवसर प्रदान करना आवश्यक है।

'धूलमुक्त अभियान से सड़कें होंगी साफ'

नई दिल्ली, 10 मार्च (संवाददाता)।

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने अपने अधिकार क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष 10-दिवसीय धूलमुक्त दिल्ली अभियान के तहत शहर में स्वच्छता की स्थिति सुधारने और धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। यांत्रिक सड़क सफाई और धूल नियंत्रण को सुदृढ़ करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, विशेष रूप से मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की तैनाती और उपयोग को बढ़ाया गया है। निगम के प्रवक्ता का कहना है कि वर्तमान में 52 मैकेनिकल रोड स्वीपर्स को लोक निर्माण विभाग की सड़कों पर यांत्रिक सफाई के लिए तैनात किया गया है।

तैयारी

इस वर्ष के अंत तक दिल्ली में संख्या बढ़ाकर 7,500 तक पहुंचाने का लक्ष्य

बेड़े में इसी माह शामिल होंगी 200 नई विद्युत चालित बसें

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 मार्च।

दिल्ली सरकार राजधानी में सार्वजनिक परिवहन को अधिक स्वच्छ और आधुनिक बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को परिवहन विभाग और दिल्ली ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन (डीटीसी) के परिचालन की समीक्षा बैठक की। बैठक में विद्युत चालित बसों के बेड़े के विस्तार, ईवी चार्जिंग ढांचे और प्रमुख परिवहन परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने मंत्री को

जानकारी दी कि इसी महीने 200 नई विद्युत चालित बसों को बेड़े में शामिल किया जाएगा। बताया गया कि इस वर्ष के अंत तक दिल्ली में विद्युत चालित बसों की संख्या बढ़ाकर 7,500 तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में शहर में 4,000 से अधिक ईवी बसों का संचालन हो रहा है।

परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली के ईवी बस बेड़े को मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि पर्यावरण के अनुकूल और यात्रियों के लिए सुविधाजनक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के 44 बस डिपो में ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के पहले और दूसरे चरण के तहत 36 डिपो में ईवी चार्जिंग नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। बैठक में प्रमुख परिवहन परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने मंत्री को अवगत कराया कि दिल्ली सरकार भलस्वा क्षेत्र में लगभग 20 एकड़ भूमि पर नया डीटीसी अंतरराज्यीय बस टर्मिनल बनाने की योजना पर काम कर रही है।

इसके साथ ही मंत्री ने विभाग को अर्बन एक्सटेंशन रोड (यूईआर-दो) गलियारे पर नया डीटीसी डिपो बनाने के लिए व्यवहारिकता अध्ययन करने के निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को बुराड़ी स्थित मौजूदा बस डिपो को आधुनिक बनाने के भी निर्देश दिए, ताकि परिचालन क्षमता बढ़ाई जा सके और बढ़ते विद्युत चालित बस बेड़े के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 3630 करोड़ से अधिक के संशोधित खर्च की मंजूरी दी

फरीदाबाद से 20 मिनट में पहुंचेंगे जेवर हवाई अड्डा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

नोएडा में बने रहे जेवर हवाई अड्डे की देश के अन्य भागों से बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सरकार नए एक्सप्रेसवे और राजमार्ग बना रही है। इसी कड़ी में फरीदाबाद से जेवर हवाई अड्डे तक एक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे भी बनाया जा रहा है। इस एक्सप्रेसवे के पूरा होने के बाद फरीदाबाद और जेवर के बीच की दूरी महज 15-20 मिनट में तय की जा सकेगी।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंगलवार को इस एक्सप्रेसवे के 7.8 किलोमीटर लंबे एक खंड को उपरिगामी बनाने की मंजूरी मिल गई है। उपरिगामी गलियारे के लिए सेक्टर-65 के पास पिलर निर्माण का काम पहले ही शुरू हो चुका है। इस परियोजना के तहत कुल 31.42 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड गलियारे का निर्माण होगा। छह-लेन वाला एक्सप्रेसवे बल्लभगढ़ से जेवर के दयानतपुर गांव तक फैला होगा और चंदावली, सोतई, बहबलपुर, फफूंदा, पनहेरा खुर्द, नरहवली, महमदपुर, हीरापुर, मोहना और चैनसा जैसे गांवों से होकर गुजरेगा।

वहीं इस गलियारे का लगभग 11 किलोमीटर का हिस्सा उपरिगामी मार्ग के रूप में विकसित किया जाएगा। यह गलियारा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे और डेडिकेटेड फ्रेट गलियारे से जुड़कर यातायात को तेज और सुविधाजनक बनाएगा। परियोजना की कुल अनुमोदित लागत लगभग 3,630.77 करोड़ रुपए है, जिसमें उपरिगामी गलियारे का अतिरिक्त खर्च भी शामिल है।



उपरिगामी गलियारे के लिए सेक्टर-65 के पास पिलर निर्माण का काम पहले ही शुरू हो चुका है। इस परियोजना के तहत कुल 31.42 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड गलियारे का निर्माण होगा। जिसमें से लगभग 11 किलोमीटर का हिस्सा उपरिगामी मार्ग के रूप में विकसित किया जाएगा।

प्रस्तावित गलियारे की अतिरिक्त लागत 689.24 करोड़ रुपए है और हरियाणा सरकार ने इसमें 450 करोड़ रुपए वहन करने पर सहमति जताई है। अधिकारियों का कहना है कि इसके पूरा होने से हवाई अड्डे तक पहुंचने का समय काफी घट जाएगा, माल और यात्री परिवहन अधिक सुगम होगा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर जाम से राहत दिलाने की तैयारी

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 10 मार्च।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर नोएडा क्षेत्र में इन दिनों दिनभर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। आने वाले महीनों में जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन शुरू होने के बाद इस एक्सप्रेस वे पर यातायात का दबाव और बढ़ने की आशंका है।

ऐसे में यातायात दबाव को कम करने के लिए यमुना पुश्ता मार्ग को वैकल्पिक मार्ग के रूप में विकसित करने की तैयारी तेज कर दी गई है। मौजूदा समय में यमुना के किनारे बनी करीब 45 मीटर चौड़ी सड़क के भूमि अधिग्रहण और निर्माण से जुड़े कार्य लंबे समय से अट-के हुए हैं, जिन्हें अब पूरा करने की दिशा में प्रयास तेज किए गए हैं।

करीब साढ़े 11 किलोमीटर लंबे यमुना पुश्ता मार्ग की मरम्मत और पुनर्निर्माण पर लगभग 30 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। चूंकि इस मार्ग की निगरानी उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के पास है, इसलिए विभाग ने मरम्मत के लिए यह अनुमान तैयार कर नोएडा प्राधिकरण को जांच के लिए भेजा है। अधिकारियों के मुताबिक, यदि इस पुश्ता मार्ग को सेक्टर-150 तक बढ़ाया जाता है तो यह नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे पर बढ़ते वाहनों के दबाव को कम करने में मदद करेगा। साथ ही यह मार्ग ग्रेटर नोएडा और जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक पहुंचने के लिए एक वैकल्पिक रास्ता भी उपलब्ध कराएगा। हालांकि जेवर हवाई अड्डे के लिए यमुना पुश्ता मार्ग पर अलग से छह लेन का उपरिगामी मार्ग बनाने का प्रस्ताव भी है, लेकिन इसके निर्माण में दो साल से अधिक समय लगने की संभावना है।

हवाई अड्डा पहुंचना आसान बनाएगा यमुना बांध मार्ग।

प्राधिकरण के महाप्रबंधक एसपी सिंह के मुताबिक, नोएडा एक्सप्रेस वे के साथ सेक्टर मार्ग के अधूरे हिस्सों के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की योजना बनाई है। पुश्ता रोड मार्ग मरम्मत और सेक्टर रोड के निर्माण से नोएडा- ग्रेनो एक्सप्रेस वे पर यातायात दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। सिंचाई विभाग के मुताबिक, प्राधिकरण की तरफ से मंजूरी और धनराशि उपलब्ध कराने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री को प्रस्तुत किया गया हवाई अड्डे का संचालन लाइसेंस

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 10 मार्च।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर भारत सरकार की ओर से जारी संचालन (एयरोड्रम) लाइसेंस प्रस्तुत किया। इसके साथ ही जेवर स्थित हवाई अड्डे के संचालन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम पूरा हो गया है। इस लाइसेंस के बाद अब हवाई अड्डे के उद्घाटन और वाणिज्यिक उड़ानों की शुरुआत की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

हवाई अड्डे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ श्नेलमैन समेत अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री को परियोजना की प्रगति और आगामी चरणों की जानकारी भी दी। अधिकारियों के अनुसार, एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के बाद अब नियामकीय स्वीकृतियों की अंतिम प्रक्रिया जारी है। हवाई अड्डे का एयरोड्रम सिक्योरिटी प्रोग्राम इस समय ब्यूरो आफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के पास समीक्षा के लिए लंबित है। अब हवाई अड्डा प्रबंधन सभी संबंधित एजंसियों के साथ समन्वय कर औपचारिक उद्घाटन और वाणिज्यिक संचालन की तिथि तय करेगा।

ग्रेटर नोएडा देश में सबसे प्रदूषित, गाजियाबाद तीसरे पर

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा/गाजियाबाद, 10 मार्च

तापमान में लगातार बढ़ोतरी के बावजूद वायु प्रदूषण कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, ग्रेटर नोएडा देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 340 दर्ज किया गया। यह स्तर 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है।

प्रदूषण की गंभीर स्थिति केवल ग्रेटर नोएडा तक सीमित नहीं रही। एनसीआर के अन्य शहर भी खराब हवा की चपेट में हैं। गाजियाबाद इस सूची में तीसरे स्थान पर रहा, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 329 तक पहुंच गया, जो 'बेहद खराब' श्रेणी में ही दर्ज किया गया। वहीं नोएडा की स्थिति भी बहुत बेहतर नहीं है। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 288 दर्ज किया गया, जिसे 'खराब' श्रेणी में रखा गया है। हवा की गिरती गुणवत्ता के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन और गले में खराश जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

दो युवकों पर चाकू से हमला, दो नाबालिगों को पकड़ा गया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 मार्च।

उत्तरी दिल्ली के एक मेट्रो स्टेशन के पास दो नाबालिगों ने दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि दोनों नाबालिगों को पकड़ लिया गया है। उसने बताया कि नाबालिग लड़कों ने अपराध में इस्तेमाल किए गए चाकू आनलाइन खरीदे थे। पुलिस के मुताबिक, लड़के ने बताया कि पीड़ित आकाश तोमर (18) और उसके दोस्त कुछ समय से उन्हें परेशान कर रहे थे जिससे वे उसे सबक सिखाना चाहते थे।

उत्तर पश्चिम की पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने मंगलवार को बताया कि छह मार्च को तोमर ने पुलिस से संपर्क किया और बताया कि एक दिन पहले उस पर और उसके दोस्त पर चाकू से हमला किया गया था। पांच मार्च को शाम करीब पांच बजे तोमर और उसके कुछ दोस्त जीटीबी नगर मेट्रो स्टेशन के पास एक ठेली पर खाना खा रहे थे। तभी गलती से तोमर के दूसरे लड़के से टकरा जाने के बाद उनके बीच बहस छिड़ गई। कहासुनी के दौरान तोमर के दोस्त अर्शील ने कथित तौर पर लड़के को थप्पड़ मारा और उसका बैग छीन लिया, जिसके बाद लड़कों ने तोमर और अर्शील पर चाकू से हमला किया और फिर मौके से फरार हो गए। इस हमले में तोमर पर दो-तीन बार चाकू से वार किया गया, जबकि अर्शील को चार-पांच जगह चोटें आईं। मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान टीम ने शिकायतकर्ता से पूछताछ की और स्थानीय जानकारी जुटाने के आधार पर एक नाबालिग को पकड़ लिया गया।

पीड़ित आकाश तोमर और उसके दोस्त कुछ समय से नाबालिगों को परेशान कर रहे थे जिससे वे उसे सबक सिखाना चाहते थे।

मेला — नई दिल्ली के भारत मंडपम में मंगलवार को आयोजित 40वें आहार-अंतरराष्ट्रीय खाद्य एवं आतिथ्य मेले में लगे स्टाल।

आत्मदाह की चेतावनी के बाद बैरंग लौटा जीडीए का दस्ता

जनसत्ता संवाददाता
गाजियाबाद, 10 मार्च

वेव सिटी इलाके में मंगलवार को उस समय भारी तनाव व्याप्त हो गया, जब गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की टीम भारी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंची। हालांकि, किसानों के उग्र प्रतिरोध और आत्मदाह के प्रयास के कारण प्रशासन को अपने कदम पीछे खींचने पड़े। मामला महरौली निवासी एक किसान परिवार की जमीन से जुड़ा है, जिसे वेव सिटी परियोजना के अधिग्रहण क्षेत्र से बाहर बताया जा रहा है।

वेव सिटी में किसान और जीडीए आमने-सामने।

घटनाक्रम के अनुसार, महरौली निवासी प्रमोद, सुबोध और सरवोश के नाम करीब आठ बीघे का खेत है, जिस पर वर्तमान में उनका कब्जा है। किसान पक्ष का दावा है कि यह भूमि अधिग्रहण के दायरे में नहीं आती है और परिवार इसी जमीन पर टीन शेड डालकर दुकान के माध्यम से अपनी आजीविका चला रहा है। आरोप है कि मंगलवार दोपहर जीडीए की टीम बिना किसी आधिकारिक पूर्व सूचना के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने पहुंच गई। जैसे ही इसकी भनक ग्रामीणों को लगी, देखते ही देखते मौके पर महिलाओं समेत दर्जनों किसान एकजुट हो गए।

विरोध की चिंगारी भड़क गई और स्थिति उस वक्त काफी संवेदनशील हो गई जब ओमपाल यादव, अंकुर और उनकी मां संगीता सहित कुछ अन्य लोगों ने अपने ऊपर डीजल छिड़क लिया और आत्मदाह की धमकी देने लगे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में करीब आधे घंटे तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। किसानों का आरोप था कि बिल्डर प्रशासन की मिलीभगत से उनकी निजी भूमि को जबरन हथियाना चाहता है।

नोएडा सीईओ के निरीक्षण में कई जगह मिली गंदगी

छह सफाईकर्मियों को नौकरी से निकाला

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 10 मार्च।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ कृष्णा करुणेश ने मंगलवार को शहर के विभिन्न सेक्टरों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था, नालों की स्थिति और अन्य नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर गंदगी और अव्यवस्था मिलने पर छह कर्मचारियों को बर्खास्त करने के निर्देश दिए। वहीं, घर-घर से कूड़ा उठाने वाली एजंसी पर पांच लाख का जुर्माना लगाया।

निरीक्षण के दौरान सेक्टर-8 के ई-9 क्षेत्र में मलबा पड़ा मिला। वहां तैनात सफाई कर्मी राहुल व सोनी तथा हेल्थ सुपरवाइजर श्रीप्रकाश मिश्रा की सेवाएं समाप्त करने और अवर अभियंता हर्षित मलिक का दस दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। शहर के बड़े नालों को ढककर उनके ऊपर वाकिंग जोन विकसित करने की संभावनाओं का परीक्षण कर आगे की कार्रवाई के निर्देश भी दिए। ए-ब्लाक मार्केट के पास नाली पर प्रीकास्ट स्लैब लगाकर पैदल मार्ग से जोड़ने के निर्देश दिए गए। सेक्टर-55 में में मलबा मिलने पर तत्काल सफाई कराने के लिए कहा गया, वहीं होटल रेडिसन ब्लू के पास सर्विस रोड का संपर्क मार्ग सुधारने के निर्देश दिए। सेक्टर-57 में सी-4 और सी-60 से 63 के आसपास भारी मात्रा में कूड़ा और मलबा मिलने पर वहां तैनात सुपरवाइजर आजाद की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए।

एजंसी पर पांच लाख का जुर्माना

शहर में घर-घर से कचरा उठाने की व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर एजंसी एजी एनवायरो इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रालि पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया। सभी वर्क सर्किलों को निर्देशित किया कि रोजाना सुबह 10 बजे तक सभी स्थानों से कूड़ा उठाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

खोड़ा के पास पथ विभाजक पर गंदगी मिलने पर सफाई कराने को कहा। साथ ही सेक्टर-62 में सड़क पर पड़े उद्यानिक कचरे को हटाने और सर्विस रोड को नियमित रूप से साफ कर आवागमन के लिए खोलने के निर्देश दिए। सेक्टर-62 में सड़कों पर बड़ी संख्या में निराश्रित गायें घूमती मिलीं, जिन्हें अभियान चलाकर गोशालाओं में भेजने और सेक्टर के बारातघर का निरीक्षण कर उसके नवीनीकरण के भी निर्देश दिए। फोर्टिस अस्पताल के समीप सड़क के सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए गए। वहीं सेक्टर-63 के आंतरिक मार्गों पर उपले और सूखी पेड़ों की टहनियों का कूड़ा पड़ा मिला तथा सेंट्रल वर्ज पर सूखे पत्तों का ढेर पाया गया, जिसकी सफाई कराने को कहा गया।

पूर्वी दिल्ली में यूट्यूबर मृत पाया गया

नई दिल्ली, 10 मार्च (भाषा)।

पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके में रहने वाले 31 वर्षीय यूट्यूबर एवं कारोबारी का शव डीडीए के एक खाली भूखंड में मिला। पीड़ित के परिवार ने मामले में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने बताया कि मृत व्यक्ति की पहचान पुष्पेंद्र उर्फ आकाश के रूप में हुई है और वह मंडावली का रहने वाला था। वह शनिवार को घर से बाहर निकला था और तब से लापता था।

परिवार ने दावा किया कि उसके पास लगभग 1.5 लाख रुपए नकद, सोने की एक अंगूठी, सोने की एक चेन और एक मोबाइल था। पुलिस के अनुसार, आठ मार्च को डीडीए के एक खाली भूखंड में एक अज्ञात व्यक्ति के शव होने की सूचना मिली थी।

योजना — मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की रफ्तार धीमी

रोजगार के लिए ऋण देने में नोएडा-गाजियाबाद फिसड्डी

हर्ष मिश्रा
नोएडा/गाजियाबाद, 10 मार्च।

प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' के अंतर्गत चल रहे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का उद्देश्य शिक्षित युवाओं को अपना कारोबार शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करना है, लेकिन प्रदेश के सबसे विकसित माने जाने वाले शहरों नोएडा और गाजियाबाद में इस योजना की रफ्तार बेहद धीमी दिखाई दे रही है।

स्थिति यह है कि प्रदेश के 75 जिलों की सूची में गौतमबुद्धनगर सबसे अंतिम स्थान पर पहुंच गया है, जबकि गाजियाबाद 61वें पायदान पर है। इस अभियान के तहत उद्योग क्षेत्र के लिए अधिकतम 25 लाख रुपए और सेवा क्षेत्र के लिए 10 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। वहीं युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत पांच लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। योजना का उद्देश्य युवाओं को रोजगार तलाशने के बजाय खुद रोजगार देने वाला बनाना है। इसके लिए आवेदक का प्रदेश का मूल निवासी होना, आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होना और न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल पास होना अनिवार्य है।

प्रशासन का कहना है कि कई आवेदनों में दस्तावेजों की त्रुटियां पाई जाती हैं, जबकि युवाओं का आरोप है कि बैंक तकनीकी कारणों का हवाला देकर फाइलें लंबित रख देते हैं। जानकारों का मानना है कि यदि बैंकों और विभागों के बीच बेहतर समन्वय नहीं हुआ तो हाइटेक शहरों के युवाओं के लिए स्वरोजगार का सपना अधूरा रह सकता है।

नोएडा सभी जिलों में सबसे आखिरी स्थान पर, गाजियाबाद 61वें स्थान पर।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, गौतमबुद्ध नगर जिले को 1800 लाभार्थियों का लक्ष्य दिया गया था। इसके लिए 2905 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2674 आवेदन बैंकों को भेजे गए, लेकिन केवल 721 युवाओं को ही ऋण स्वीकृत हो सका। गाजियाबाद में भी 2000 के लक्ष्य के मुकाबले 5123 आवेदन आए, मगर अंततः केवल 1274 आवेदनों को ही मंजूरी मिल सकी। इसके विपरीत आजमगढ़ जिले ने 2500 के लक्ष्य के मुकाबले 3437 ऋण स्वीकृत कराकर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं, मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर में 2700 के लक्ष्य के सापेक्ष 1945 आवेदन ही स्वीकृत हो पाए, जिससे वह 36वें स्थान पर रहा। विशेषज्ञों के अनुसार, बड़े शहरों में इस योजना की धीमी प्रगति के पीछे बैंकों का सख्त रवैया और परियोजनाओं को जोखिम भरा मानना मुख्य कारण है।

खबर कोना

इंटरचेंज परियोजना : किसानों के भूखंड और मुआवजे का 15 दिन में होगा निस्तारण

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 10 मार्च।

यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण कार्यालय में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक मंच) की बैठक हुई। बैठक में जगनपुर-दनकौर इंटरचेंज परियोजना से प्रभावित सैकड़ों किसान शामिल हुए। यीडा के ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इंटरचेंज परियोजना से प्रभावित कुल 135 किसानों में से 75 को आवासीय भूखंड आबंटित किए जा चुके हैं। शेष 65 किसानों को एक सप्ताह के भीतर भूखंड आबंटित कर दिए जाएंगे। जिन किसानों की औपचारिकताएं लंबित हैं, उन्हें संबंधित अधिकारियों द्वारा सूचित कर दिया गया है। इसके अलावा 64.7 फीसद बढ़ा मुआवजा भी आगामी 15 दिन के भीतर किसानों के खातों में भेज दिया जाएगा।

विदेश में नौकरी के नाम पर ठगी, छह आरोपी दबोचे गए

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 10 मार्च।

नोएडा के सेक्टर-113 थाना क्षेत्र में सक्रिय एक फर्जी काल सेंटर का पुलिस ने पर्दाफाश किया है, जो सोशल मीडिया के जरिए बेरोजगारों को अपने जाल में फंसाता था। पुलिस ने इस गिरोह के सरगना सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह सोशल मीडिया मंचों पर आकर्षक विज्ञापन चलाकर लोगों को देश और विदेशों में प्रतिष्ठित पदों पर नौकरी दिलाने का लालच देता था। एडीसीपी मनीषा सिंह के मुताबिक, पुलिस और मैनुअल इंटेलिजेंस की संयुक्त टीम ने सेक्टर-73 स्थित एक फ्लैट पर छापा मारकर इस धोखाधड़ी का खुलासा किया। आरोपियों की पहचान सरीम खान, शोएब खान और उनकी सहयोगी रितिका, मंतसा अब्बासी, फातिमा व खुशी उर्फ खुशबू के रूप में हुई है।

दो करोड़ की एक किलो हेरोइन बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 मार्च।

दिल्ली पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से दो करोड़ रुपए मूल्य की एक किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की है। पुलिस के अनुसार, उनकी गिरफ्तारी के साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी के बीच संचालित होने वाले मादक पदार्थों के एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान फईम बेग (29), कयूम खान (33) और आमिर खान (28) के रूप में हुई है। उसने बताया कि सभी उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी उस नेटवर्क का हिस्सा थे, जो दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश के शामली और सहारनपुर सहित कई जिलों में हेरोइन के निर्माण और आपूर्ति में शामिल था। पुलिस ने बताया कि 22 फरवरी को सूचना मिली कि बेग, पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार रेलवे भूमिगत पार पथ के पास हेरोइन की खेप पहुंचाएगा, जिसके बाद यह अभियान शुरू किया गया।

यीडा : चिकित्सा उपकरण पार्क में निवेश के लिए भूमि सबसिडी को मंजूरी

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 10 मार्च।

यूपी मंत्रिमंडल ने यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र (यीडा) में चिकित्सा उपकरण निर्माण इकाई स्थापित करने से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इसके तहत टीआइ मेडिकल्स प्रालि को भूमि सबसिडी प्रदान करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। कंपनी क्षेत्र में 4.48 हेक्टेयर भूमि पर करीब 215.20 करोड़ से चिकित्सा उपकरण निर्माण इकाई स्थापित करेगी। यह परियोजना उत्तर प्रदेश की एफडीआइ, एफसीआइ व फार्च्यून इंडिया-500 निवेश प्रोत्साहन नीति-2023 के तहत प्रस्तावित है। कंपनी को अनुमन्य सबसिडी के तहत 14.77 करोड़ प्रतिपूर्ति के रूप में दिए जाएंगे। यह राशि केंद्र सरकार की चिकित्सा उपकरण पार्क योजना के तहत पहले से प्राप्त सबसिडी को समायोजित करने के बाद दी जाएगी।

करूर भगदड़ : टीवीके प्रमुख विजय को फिर तलब किया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने अभिनेता और टीवीके प्रमुख विजय को करूर भगदड़ मामले में 15 मार्च को दोबारा तलब किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एजंसी ने जनवरी में विजय से दो बार पूछताछ की थी और नौ मार्च को अभिनेता को फिर से तलब किया था, लेकिन उन्होंने इसे 15 दिनों के लिए टालने का अनुरोध किया था।

अधिकारियों ने बताया कि अभिनेता विजय ने आगामी विधानसभा चुनावों के कारण राजनीतिक व्यस्तताओं का हवाला देते हुए यह भी आग्रह किया था कि पूछताछ चेन्नई या तमिलनाडु के किसी कार्यालय में की जाए। उन्होंने बताया कि सीबीआइ ने अब विजय को 15 मार्च को दिल्ली स्थित एजंसी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा है। केंद्रीय जांच एजंसी ने करूर से द्रमुक विधायक सेंथिल बालाजी को भी 17 मार्च को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है।

राज्य के पूर्व मंत्री बालाजी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह 17 मार्च को सीबीआइ के सामने पेश होकर करूर भगदड़ त्रासदी के संबंध में अपना पक्ष रखना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआइ ने एसआइटी से मामला अपने हाथ में ले लिया था, और वह 27 सितंबर, 2025 को तमिलनाडु के करूर में विजय की रैली के दौरान हुई भगदड़ से संबंधित मामले में सबूत जुटा रही है। इस भगदड़ में 41 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक लोग घायल हुए।

अधिकारियों ने बताया कि अभिनेता विजय ने आगामी विधानसभा चुनावों के कारण राजनीतिक व्यस्तताओं का हवाला देते हुए यह भी आग्रह किया था कि पूछताछ चेन्नई या तमिलनाडु के किसी कार्यालय में की जाए। सीबीआइ ने अब विजय को 15 मार्च को दिल्ली स्थित एजंसी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा है।एजंसी ने करूर से द्रमुक विधायक सेंथिल बालाजी को भी 17 मार्च को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। राज्य के पूर्व मंत्री बालाजी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह 17 मार्च को सीबीआइ के सामने पेश होकर करूर भगदड़ त्रासदी के संबंध में अपना पक्ष रखना चाहते हैं।

वर्ष 2025-26 में 43 नए मेडिकल कालेज बनाए गए

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

राज्यसभा में सरकार ने मंगलवार को बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए देश भर में 43 नए मेडिकल कालेज बनाए गए हैं। स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक प्रश्न के लिखित जवाब में बताया कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग से मिली जानकारी के अनुसार, सरकार ने इसी शैक्षणिक वर्ष के लिए देश भर में 11,682 एमबीबीएस सीटों और 8,967 परास्नातक सीटों को मंजूरी दी है।

सरकार ने 11,682 एमबीबीएस सीटों को मंजूरी।

उन्होंने कहा कि एनएमसी हर साल देश भर के मेडिकल कालेजों और संस्थानों से नए मेडिकल कालेज बनाने और स्नातक और परास्नातक सीटों को बढ़ाने के लिए आनलाइन आवेदन मंगाती है। इसके अलावा, अनुमति पत्र (एलओपी) या अस्वीकृति पत्र (एलओडी) चिकित्सा संस्थानों की स्थापना, मूल्यांकन और रेटिंग विनियमन, 2023, स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए न्यूनतम मानक आवश्यकता (यूजीएमएसआर), 2023, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए न्यूनतम मानक आवश्यकता (पीजीएमएसआर), 2023, और एनएमसी द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अन्य प्रासंगिक मानदंडों और दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार जांच और मूल्यांकन की उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद जारी किया जाता है।

पटेल ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय 'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पताल के साथ नए मेडिकल कालेज बनाने' के लिए एक केंद्र प्रायोजित योजना चलाता है।

इसमें उन इलाकों और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जाती है, जहां कोई मौजूदा सरकारी या निजी मेडिकल कालेज नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर एवं विशेष श्रेणी वाले राज्यों के लिए कोष केंद्र और राज्य सरकारों के बीच 90:10 और अन्य के लिए 60:40 के अनुपात में साझा किया जाता है।

खबर कोना

पासपोर्ट कार्यालयों, पासपोर्ट सेवा केंद्रों व डाकघरों को बम से उड़ाने की धमकी

जयपुर, 10 मार्च (भाषा)।

जयपुर में स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल मिलने के बाद राजस्थान के कई शहरों में पासपोर्ट कार्यालयों, पासपोर्ट सेवा केंद्रों और डाकघरों की मंगलवार को गहन जांच की गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पासपोर्ट कार्यालय के अधिकारियों ने तुरंत जयपुर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद प्रोटोकाल के अनुसार जांच की गई। जयपुर में स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय और पासपोर्ट सेवा केंद्र, डाकघर परिसर में संचालित पासपोर्ट कार्यालयों व सेवा केंद्रों को खाली कराया गया और जांच की गई। हालांकि, जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कार्यालयों में प्रवेश तुरंत रोककर अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकाल दिया गया। सुरक्षा टीमों ने कार्यालय परिसर के अंदर और आस-पास गहन निरीक्षण किया। अधिकारी ने बताया कि जांच उन डाकघरों में भी की गई जहां सेवा केंद्र संचालित हो रहे हैं, जिनमें बांसवाड़ा, बीकानेर, सीकर, जैसलमेर, बाड़मेर, झुंझुनू और श्रीगंगानगर शामिल हैं। इससे पहले भी उच्च न्यायालय, निचली अदालतों और कई स्कूलों को इसी तरह की धमकियां मिल चुकी हैं, जो बाद में झूठी साबित हुईं।

सरकार ने 2.81 लाख करोड़ के अतिरिक्त व्यय के लिए मंजूरी मांगी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

सरकार ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष में 2.81 लाख करोड़ रुपए से अधिक के सकल अतिरिक्त व्यय के लिए लोकसभा की मंजूरी मांगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अनुदान की अनुपूरक मांगों का दूसरा बैच लोकसभा में पेश किया। अनुदान की अनुपूरक मांगों में कहा गया है, '2,81,289.26 करोड़ रुपए के सकल अतिरिक्त व्यय को अधिकृत करने के लिए संसद की मंजूरी मांगी गई है। इसमें से शुद्ध नकदी व्यय से जुड़े प्रस्ताव कुल 2,01,142.96 करोड़ रुपए और मंत्रालयों/विभागों की बचत या बढ़ी हुई प्राप्तियों/वसूली से मेल खाते सकल अतिरिक्त व्यय 80,145.71 करोड़ रुपए हैं।'

दिक्कत बस्तर जिले की कुरेंगा पंचायत में मंगलवार को महिलाएं कुएं से बर्तनों में पानी भर रही हैं। कई गांव वाले पानी के लिए इसी कुएं पर निर्भर हैं।

मामूली विवाद में चौकीदार को जिंदा जलाया

भदोही के पीपर गांव का मामला, आरोपी प्रधान पुत्र गिरफ्तार किया गया

भदोही, 10 मार्च (भाषा/एजंसी)।

ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के पीपर गांव में सोमवार को मामूली विवाद के बाद ग्राम प्रधान के बेटे ने चौकीदार पर पेट्रोल डालकर उसे जिंदा जला दिया। 80 फीसद झुलस जाने के बाद चौकीदार 55 वर्षीय जैसलाल सरोज को गंभीर हालत में वाराणसी के बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में हत्या व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि सोमवार सुबह पीपर गांव में चौकीदार जैसलाल सरोज गांव में लगे एक हैंडपंप के खराब होने पर उसका पाइप बदलवाने के लिए प्रधान रामनाथ यादव के घर गया था। इस बीच वहां किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।

इस पर मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान रामनाथ यादव का बेटा कमलेश यादव घर के अंदर गया और पेट्रोल लेकर आया। पहले उसने जैसलाल सरोज पर पेट्रोल छिड़का और उसके बाद आग लगा दी।

सरोज को जलता देख कुछ गांव वालों ने कंबल डालकर किसी तरह आग बुझाई और उसे तत्काल महाराजा चेतसिंह जिला अस्पताल, ज्ञानपुर पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया, जहां मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मांगलिक ने बताया कि सरोज के भाई बाबूलाल की तहरीर पर दर्ज प्राथमिकी में हत्या की धारा जोड़ दी गई है। इसके साथ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा भी लगाई गई है।

मांगलिक ने कहा कि आरोपी कमलेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि भारी तनाव को देखते हुए मौके पर कई थानों की पुलिस के साथ पीएसी तैनात कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस शव के पोस्टमार्टम कराने सहित अन्य आवश्यक कार्रवाई में जुटी है और क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर द्वारा पूरे प्रकरण की विवेचना की जा रही है।

अस्सी फीसद झुलस जाने के बाद चौकीदार 55 वर्षीय जैसलाल सरोज को गंभीर हालत में वाराणसी के बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस शव के पोस्टमार्टम कराने सहित अन्य आवश्यक कार्रवाई में जुटी है और क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर द्वारा पूरे प्रकरण की विवेचना की जा रही है। भारी तनाव को देखते हुए मौके पर कई थानों की पुलिस के साथ पीएसी तैनात कर दी गई है। सरोज के भाई बाबूलाल की तहरीर पर दर्ज प्राथमिकी में हत्या की धारा जोड़ दी गई है। इसके साथ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा भी लगाई गई है।

कोर्ट ने 'एआइ' की मदद से तैयार याचिका खारिज की

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को लुधियाना के एक कपड़ा व्यापारी द्वारा दायर उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें याचिका का मसविदा तैयार करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआइ) उपकरणों का उपयोग करने की बात स्वीकार की गई और वह उसमें प्रयुक्त जटिल कानूनी शब्दों की व्याख्या करने में असमर्थ था।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने जनहित याचिका खारिज करते हुए कहा, 'जाओ, लुधियाना में 2-3 और स्वेटर बेचो, जिन लोगों का काम है ऐसी याचिका दाखिल करना, वो नुकसान कर देंगे आपका जुर्माना लगवा कर।' न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ को उस समय संदेह हुआ जब 12वीं कक्षा तक पढ़े कपड़ा व्यापारी रजनीश सिद्धू 'पीएम केयर फंड' से संबंधित अपनी याचिका पर बहस करने के लिए खड़े हुए। सिद्धू ने जैसे ही लिखित दलीलें पढ़नी शुरू कीं, प्रधान न्यायाधीश ने उनकी शैक्षणिक और अन्य पृष्ठभूमि पर सवाल किया। जब याचिकाकर्ता ने कहा कि उसने पहले कोई याचिका दायर नहीं की थी और वह सीधे शीर्ष अदालत में अपनी पहली याचिका दायर करने आया है, तो प्रधान न्यायाधीश ने व्यंग्यपूर्वक कहा, 'बड़ा बहादुरी का काम किया, सीधा लुधियाना से चलकर आ गए।'

मोदी आज तिरुचिरापल्ली में कई परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 मार्च को तिरुचिरापल्ली में लगभग 5,650 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास करेंगे। वह तमिलनाडु की अपनी संक्षिप्त यात्रा के दौरान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की एक रैली को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि राज्य भर में राजग की बढ़ती लोकप्रियता से द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) परेशान है।

तमिलनाडु के लोगों ने द्रमुक के कुशासन और अधूरे वादों को देखा है। यही कारण है कि वे राजग के आशा और प्रगति के एजेंडे से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में उनकी अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मदुरै हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने को मंजूरी दे दी।

मोदी ने कहा कि इससे विशेष रूप से दक्षिणी तमिलनाडु में पर्यटन, व्यापार और आर्थिक अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। शाश्वत संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत के लिए प्रसिद्ध मदुरै शहर अब वैश्विक स्तर पर अपने संपर्क को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाने जा रहा है।' शुरू की जाने वाली परियोजनाओं में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस बुनियादी ढांचा, ग्रामीण कनेक्टिविटी, राजमार्ग विकास और रेलवे सेवाएं शामिल हैं। वह दो अमृत भारत एक्सप्रेस, दो एक्सप्रेस ट्रेन और एक पैसेंजर ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाएंगे। इससे तमिलनाडु की रेल कनेक्टिविटी तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और पूर्वी भारत समेत अन्य क्षेत्रों से और मजबूत होगी, जिससे यात्रियों को लाभ मिलेगा और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

तमिलनाडु के लोगों ने द्रमुक के कुशासन और अधूरे वादों को देखा है। यही कारण है कि वे राजग के आशा और प्रगति के एजेंडे से जुड़ रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में उनकी अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मदुरै हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने को मंजूरी दे दी। मोदी ने कहा कि इससे विशेष रूप से दक्षिणी तमिलनाडु में पर्यटन, व्यापार और आर्थिक अवसरों को बढ़ावा मिलेगा।

LT FOODS
NURTURING GOODNESS
CIN L74899DL1990PLC041790
पंजीकृत कार्यालयः- यूनिट संख्या 134, पहली मंजिल, रेक्टैंगल-1, साकेत डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नई दिल्ली-110017 दूरभाषः 011-29565344
कॉर्पोरेट कार्यालयः चौथी मंजिल, MVL-I पार्क, सेक्टर-15, गुरुग्राम-122001, दूरभाषः 0124-3055100, ईमेलः ir@ltgroup.in, वेबसाइटः www.ltfoods.com

पोस्टल बैलेट नोटिस/डाक मतदान सूचना

यह नोटिस 26 फरवरी, 2026 के पोस्टल बैलेट नोटिस में उल्लिखित कार्य (कार्यों) के संपादन के उद्देश्य से कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 108 एवं 110 और अन्य सभी लागू नियमों के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) विनियम, 2014 ("नियम") के नियम 20 और नियम 22, भारतीय सिक्योरिटी एवं प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व एवं आवश्यक घोषणा) नियमन, 2015 ("सेबी लिस्टिंग रेगुलेशन्स") के रेगुलेशन 44 (किसी भी कानूनी बदलाव या वर्तमान में प्रभावी कानून दुबारा लागू करने के साथ-साथ समय-समय पर किए गए संशोधनों के अनुसार) और आम बैठक के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया ("एसएस-2") के सेक्रेटेरियल स्टैंडर्ड, 22 सितंबर, 2025 के एमसीए सामान्य सर्कुलर 03/2025 और 3 अक्टूबर, 2024 को जारी कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") के सेबी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी -पीओडी2/पी/सीआईआर/2024/133 और संबंधित अन्य सर्कुलरों (आगे सामूहिक रूप से एमसीए सर्कुलर कहा जाएगा) के तहत जारी और किसी भी अन्य प्रभावी कानूनों और विनियमों के अनुसार कम्पनी द्वारा सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक माध्यम ('ई-वोटिंग') से मतदान के लिए पोस्टल बैलेट हेतु सदस्यों की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए है।

1. श्री अभिराम सेठ (डीआईएनः 00176144) की कम्पनी के स्वतंत्र निदेशक पद पर पुनः नियुक्ति।
2. सुश्री अंबिका शर्मा (डीआईएनः 08201798) की कम्पनी की स्वतंत्र निदेशक पद पर पुनः नियुक्ति।
3. सुश्री रीमा गुप्ता (डीआईएनः 00360408) की कम्पनी की स्वतंत्र निदेशक पद पर पुनः नियुक्ति।
4. श्री अशोक कुमार अरोड़ा (डीआईएनः 02259429) की कम्पनी के पूर्णकालिक निदेशक पद पर नियुक्ति।
5. कम्पनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के ऑब्जेक्ट क्लॉज में परिवर्तन।

यह नोटिस **सोमवार, 09 मार्च, 2026** को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सिर्फ उन सदस्यों को भेज दिया गया है, जिनके नाम नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरीज लिमिटेड (एनएसडीएल) / सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) से प्राप्त सदस्यों के रजिस्टर / लाभार्थी स्वामियों की सूची में दर्ज हैं और जिन्होंने शुक्रवार, 6 मार्च, 2026 (कट-ऑफ डेट) तक एनएसडीएल / सीएसडीएल में अपने इलेक्ट्रॉनिक होल्डिंग्स के संबंध में संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से अपने ई-मेल पते और फिजिकल होल्डिंग्स के संबंध में कम्पनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) यानी मेसर्स बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के पास अपने ई-मेल पते दर्ज किए हैं। इसके अतिरिक्त एमसीए सर्कुलर के अनुसार मेंबर्स को पोस्टल बैलेट के लिए नोटिस की फिजिकल कॉपी, पोस्टल बैलेट फॉर्म और प्री-पेड बिजनेस रिप्लाई लिफाफा नहीं भेजा जाएगा और कोई भी फिजिकल बैलेट फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा।

डाक मतदान सूचना और कथित अधिनियम की धारा 102 और 110 के अनुसार और एसएस-2 के तहत ज़रूरी जानकारियां, जिनमें वास्तविक तथ्यों और उनके कारण दर्ज करने के साथ-साथ ई-वोटिंग प्रक्रिया के निर्देश और प्रक्रियाएं शामिल हैं एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com या कम्पनी की वेबसाइट www.ltfoods.com पर अपलोड की गई हैं। ये बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध हैं।

सदस्य जिनके ईमेल पते कम्पनी / डिपॉजिटरी के पास रजिस्टर नहीं हैं, नीचे दी गई प्रक्रिया के अनुसार अपने ईमेल पते रजिस्टर या अपडेट कर सकते हैं –

1. यदि शेयर फिजिकल रूप में रखे हैं, तो कृपया हमारे आरटीए अर्थात् मेसर्स बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को bssdelhi.bd@bigshareonline.com पर अपना नाम, फोलियो नंबर, शेयर प्रमाणपत्र संख्या, पैन, मोबाइल नंबर और ईमेल पता भेज दें।
2. सदस्य जिनके शेयर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम/ डीमैट में रखे हैं और जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ यह अपडेट कर सकते हैं। हालांकि ऐसे सदस्य अस्थायी रूप से कम्पनी के आरटीए के सीएलआईडी लिंक पर भी यह रजिस्टर कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सभी विवरण जैसे नाम, डीपी आईडी-सीएलआईडी (16 अंकों की डीपीआईडी + सीएलआईडी या 16 अंकों की लाभार्थी आईडी), पैन, मोबाइल नंबर और ईमेल पते देने होंगे।

बोर्ड ने मेसर्स डी दीक्षित एंड एसोसिएट्स के प्रोपराइटर, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज़ को इस अधिनियम के प्रावधानों और नियमों के अनुसार निष्पक्ष और पारदर्शी डाक मतदान ई-वोटिंग के लिए स्क्रूटिनाइज़र नियुक्त किया है।

कम्पनी ने सेबी लिस्टिंग रेगुलेशन के रेगुलेशन 44 के तहत अपने मेंबर्स को ई-वोटिंग की सुविधा देने के लिए एनएसडीएल के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग किया है। ई-वोटिंग की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी नोटिस में दी गई है।

ई-वोटिंग **मंगलवार, 10 मार्च, 2026 प्रातः 09.00 बजे (आईएसटी) आरंभ होगी और बुधवार, 08 अप्रैल, 2026 शाम 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी (दोनों दिन शामिल)।** तदुपरांत वोटिंग के लिए ई-वोटिंग मॉड्यूल एनएसडीएल द्वारा बंद कर दिया जाएगा। इसलिए कोई सदस्य इसके बाद वोट नहीं दे पाएंगे।

आवश्यक वोट मिल जाने की स्थिति में ई-वोटिंग की अंतिम तिथि यानी 8 अप्रैल, 2026 को प्रस्ताव पारित माने जाएंगे।

स्क्रूटिनाइज़र वोटों की जांच पूरी करने के बाद अपनी रिपोर्ट चेयरपर्सन या उनके अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को देंगे।

ई-वोटिंग की समय सीमा समाप्त होने के बाद दो कार्य दिवसों के अंदर यानी शुक्रवार, 10 अप्रैल, 2026 या उससे पहले चेयरपर्सन या उनका अधिकृत कोई अन्य व्यक्ति डाक मतदान से ई-वोटिंग (ई-वोटिंग प्रक्रिया से) के परिणामों के साथ स्क्रूटिनाइज़र की रिपोर्ट की घोषणा करेंगे।

घोषित किए गए परिणामों के साथ-साथ स्क्रूटिनाइज़र की रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.ltfoods.com पर निवेशक अनुभाग में तुरंत उपलब्ध होंगे और कम्पनी के शेयर जिन स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड हैं यानी www.bseindia.com और www.nseindia.com को भी फॉरवर्ड किए जाएंगे और एनएसडीएल की वेबसाइट यानी www.evoting.nsdl.com पर भी प्रकाशित किए जाएंगे।

यदि कोई जानकारी चाहिए तो आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में मेंबर्स के लिए उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और मेंबर्स के लिए ई-वोटिंग यूज़र मैनुअल देख सकते हैं या 022-48867000 पर कॉल कर सकते हैं या (सुश्री पल्लवी म्हात्रे) को evoting@nsdl.com पर रिक्वेस्ट भेज सकते हैं।

स्थान – गुरुग्राम
दिनांक – 09.03.2026

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते एलटी फूड्स लिमिटेड
हस्ता/–
मोनिका चावला जग्गिया
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

सार्वजनिक सूचना

कंपनी रजिस्ट्रार दिल्ली के समक्ष
सीमित देयता साझेदारी अधिनियम, 2008 की धारा 13(3) तथा सीमित देयता साझेदारी नियम, 2009 के नियम 17 के संदर्भ में
तथा
क्राउनफील्ड इंफ्रा एलएलपी के संबंध में, जिसका पंजीकृत कार्यालय 31-32, कम्युनिटी सेंटर, साकेत, नई दिल्ली-110017, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में स्थित है।

एतद्द्वारा जनता को सूचित किया जाता है कि क्राउनफील्ड इंफ्रा एलएलपी सीमित देयता साझेदारी अधिनियम, 2008 की धारा 13(3) के अंतर्गत कंपनी के रजिस्ट्रार, दिल्ली के समक्ष एक आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव करती है, जिसमें अपने पंजीकृत कार्यालय को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से उत्तर प्रदेश राज्य में स्थानांतरित करने की अनुमति प्राप्त करने का निवेदन किया जाएगा।

यदि किसी व्यक्ति के हित एलएलपी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना हो, तो वह व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर कंपनी रजिस्ट्रार, दिल्ली को पंजीकृत डाक द्वारा अथवा अपने हित की प्रकृति एवं आपत्ति के आधारों का उल्लेख करते हुए शपथपत्र सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है या प्रस्तुत करवा सकता है।

उक्त आपत्ति की एक प्रति एलएलपी को उसके उपर्युक्त पंजीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजना आवश्यक होगा।

क्राउनफील्ड इंफ्रा एलएलपी
की ओर से तथा उसके लिए
हस्ताक्षरित/–
रजनी कांत मिश्रा
नामित भागीदार
डिपीआईएन – 03116578
स्थान : नई दिल्ली दिनांक 10.03.2026

This is a public announcement for information purposes only and is not a prospectus announcement and does not constitute an invitation or offer to acquire, purchase or subscribe to securities.
Not for release, publication or distribution, directly or indirectly, outside India.
INTIMATION OF FILING OF THE PRE-FILED DRAFT RED HERRING PROSPECTUS DATED MARCH 9, 2026 ("PRE-FILED DRAFT RED HERRING PROSPECTUS") OF SWARAJ GREEN POWER AND FUEL LIMITED ("COMPANY") UNDER CHAPTER IIA OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018, AS AMENDED, ("SEBI ICDR REGULATIONS") WITH THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA ("SEBI") AND BSE LIMITED AND THE NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED (COLLECTIVELY, THE "STOCK EXCHANGES") IN RELATION TO THE PROPOSED INITIAL PUBLIC OFFERING OF ITS EQUITY SHARES BEARING FACE VALUE OF ₹10 EACH (THE "EQUITY SHARES") ON THE MAIN BOARD OF THE STOCK EXCHANGES

PUBLIC ANNOUNCEMENT

SWARAJ

SWARAJ GREEN POWER AND FUEL LIMITED

Registered and Corporate Office: Gat No. 332 B/2, Upalave, Phaltan, Satara – 415523, Maharashtra, India.
Contact Person: Lalit Ashok Karne, Company Secretary and Compliance Officer; **Email:** investors@swarajindia.co.in; **Tel:** (+91) 7378722722; **Website:** www.swarajindia.co.in; **Corporate Identification Number:** U01409PN2010PLC137013

This public announcement is being made pursuant to Regulation 59C(5) of the SEBI ICDR Regulations to inform the public that the Company has filed the Pre-filed Draft Red Herring Prospectus with SEBI and the Stock Exchanges, under Chapter IIA of the SEBI ICDR Regulations in relation to the proposed initial public offering of its equity shares on the main board of the Stock Exchanges. The filing of the Pre-filed Draft Red Herring Prospectus shall not necessarily mean that the Company will undertake the initial public offering.

This public announcement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The securities described in this public announcement have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "**U.S. Securities Act**") and may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable U.S. state securities laws. No public offering of securities in the United States is contemplated. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold only outside the United States in "offshore transactions" as defined in, and in reliance on, Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where those offers and sales are made.

For **Swaraj Green Power and Fuel Limited**
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Lalit Ashok Karne
Company Secretary and Compliance Officer

Place: Phaltan, Maharashtra
Date: March 10, 2026

शिक्षा क्रोध में आए बिना या अपने आत्मविश्वास को खोए बिना लगभग कुछ भी सुनने की क्षमता है, जिससे कुछ सीखा जा सके।

– राबर्ट फ्रोस्ट

कुप्रबंधन का पानी

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिस दौर में विज्ञान और तकनीक के मामले में नई ऊंचाइयां छूने का दावा किया जा रहा है, उसमें आज भी करोड़ों लोगों को पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि देश में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों को उपलब्ध कराए जा रहे पीने योग्य नल-जल की सुविधा के तिहत्तर फीसद दूषित नमूनों पर उपचारात्मक उपाय नहीं हो पाया। यानी देश में बड़ी तादाद में ऐसे लोग हैं, जिन्हें आज भी स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा है। सवाल है कि विकास की यह कौन-सी दिशा है, जिसमें पीने के साफ पानी की अनुपलब्धता से जुड़ी समस्या की इस हद तक अनदेखी की जा रही है कि आज यह व्यापक संकट का एक बड़ा कारण बनता दिख रहा है। राज्यों की भागीदारी से वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल मुहैया कराने का कार्यक्रम शुरू किया गया। मगर देश भर में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के प्रबंधन में जिस स्तर की कोताही बरती जा रही है, कहीं वह आने वाले समय में एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती की शक्ल में न सामने आए!

गौरतलब है कि वर्ष 2025-26 में जल जीवन मिशन के तहत उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की जांच के लिए चौंतीस राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों से आए पानी के नमूनों की जांच की गई। जांच के बाद दूषित पाए गए कुल नमूनों में से केवल 26.31 नमूनों पर ही उपचारात्मक उपाय किए जा सके। दरअसल, जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों के घरों तक पहुंचाए जा रहे पानी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए पेयजल के नमूने को संग्रह कर उनकी जांच की जाती है। जांच में अगर कहीं का पानी दूषित पाया जाता है, तो वहां जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाती है। अव्वल तो सवाल यह है कि पेयजल को स्वच्छ रखने के लिए क्या किया गया। फिर अगर कुल दूषित नमूनों में से तिहत्तर फीसद पर उपचारात्मक उपाय भी नहीं किए जा सके, तो क्या इसके लिए जिम्मेदारी तय की गई? क्या ऐसी ही लापरवाही की वजह से शहरों-महानगरों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में लोगों के घरों तक पहुंचाए जाने वाले पेयजल के दूषित होने की समस्या और ज्यादा नहीं बढ़ती जा रही है?

यह छिपा नहीं है कि आज देश के कई हिस्सों में लोग गंदा पानी पीने और उससे उपजी बीमारियों की चुनौती का सामना करने को मजबूर हैं। ज्यादा दिन नहीं बीते हैं, जब देश भर में सबसे स्वच्छ माने जाने वाले शहर इंदौर में दूषित पेयजल के सेवन की वजह पंद्रह लोगों की मौत और कई लोगों के गंभीर रूप से बीमार पड़ने की खबर देश भर में चिंता का कारण बनी थी। मगर इंदौर कोई अकेला शहर नहीं है, जहां पेयजल खतरनाक स्तर तक दूषित हो गया। देश के अलग-अलग हिस्से से आए दिन गंदा पानी घरों तक पहुंचने या इसकी वजह से लोगों के बीमार पड़ने की खबरें आती रहती हैं। मगर शायद ही कभी पेयजल और सीवर के पाइप को सुरक्षित दूरी पर रखने की योजना पर ठोस तरीके से काम किया गया। पीने से लेकर खाना पकाने और नहाने जैसी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए जिस पानी का उपयोग किया जाता है, उसका अधिकांश हिस्सा भूजल से आता है। अक्सर भूजल में आर्सेनिक, अमोनिया या अन्य जोखिम वाले तत्त्वों के बढ़ते जाने की रपट आती हैं। मगर इससे इतर हर घर जल अभियान के तहत जिस स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति का दावा किया जाता है, अगर वह भी दूषित है, तो आखिर सरकार इस मोर्चे पर क्या कर रही है।

सुविधा बनाम जोखिम

कृत्रिम मेधा पर आधारित चैटजीपीटी को एक सुविधा के तौर पर इसलिए देखा गया था, ताकि जानकारी जुटाने के मामले में लोगों को आसानी हो। मुश्किल और जटिल सवालों का जवाब वह इंसानों की तरह दे। उसने ऐसा किया भी। मगर इस बात पर शायद गौर नहीं किया गया था कि इसे जिस स्वरूप में तैयार किया गया है, उसमें इसका बेजा इस्तेमाल भी आसानी से किया जा सकता है। हालत यह है कि इसके दुरुपयोग की वजह से अब मनुष्य की मेधा ही नहीं, उसका जीवन भी खतरे में आ रहा है। हत्या और आत्महत्या के मामले में 'चैटबाट' के बढ़ते दुरुपयोग को गंभीरता से लेने की जरूरत है। हाल ही में कनाडा के एक स्कूल में हुई गोलीबारी में चैटजीपीटी के दुरुपयोग की खबर सामने आई है। इस घटना में बुरी तरह जख्मी एक छात्रा के माता-पिता ने मुकदमे में आरोप लगाया कि 'चैटबाट' बनाने वाली ओपनएआइ को पहले से मालूम था कि चैटजीपीटी के जरिए हमलावर सामूहिक हत्या की योजना बना रहा था। इस मामले में ओपनएआइ का हैरान करने वाला जवाब है कि उसने हमलावर की गतिविधियों पर विचार किया था, पर पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। इससे साबित होता है कि चैटजीपीटी का दुरुपयोग किस खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। निराशा की बात है कि इस पर नियंत्रण के लिए कोई नियामक नहीं है।

खास क्षमता से दक्ष चैटजीपीटी एक सलाहकार या सहयोगी की तरह काम करता है। यह व्यक्ति की मनोस्थिति के हिसाब से सवालों के जवाब देता है। हत्या या खुदकुशी के मामलों में इसके दुरुपयोग के कई मामले सामने आ चुके हैं। विचित्र बात है कि 'चैटबाट' गलत कदम उठाने को सही ठहरा देता है और अपनी या दूसरों की जान लेने के तरीके बता देता है। मगर इस तरह की गतिविधियों की निगरानी नहीं होती हो, ऐसा संभव नहीं है। कनाडा में हुई गोलीबारी के मामले में ओपनएआइ को हमलावर की गतिविधियों के बारे में पता था। अगर ऐसा है, तो समय रहते इसे रोकने के उपाय क्यों नहीं किए जा सकते हैं? तकनीक के सदुपयोग के साथ दुरुपयोग को रोकने की जवाबदेही तय नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में इससे उपजने वाली स्थिति का बस अंदाजा ही लगाया जा सकता है।

सिमटते संसाधनों के बीच अक्षय ऊर्जा

वैश्विक स्तर पर आज मनुष्य के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यही है कि प्रदूषण की रोकथाम कैसे की जाए। इससे प्रतिवर्ष लाखों लोगों की मौत हो रही है। प्राकृतिक संसाधन लगातार घट रहे हैं। इन दोनों ही समस्याओं का एक ही समाधान है- अक्षय ऊर्जा का उपयोग एवं कार्यान्वयन।

चेतनादित्य आलोक

प्रदूषण का दिनोंदिन बेकाबू होना, पृथ्वी पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों में तेजी से कमी तथा उनकी उपलब्धता की तुलना में अपेक्षाकृत अधिकाधिक दोहन किया जाना आज की बड़ी समस्याएं हैं। इससे सामान्यतः दुनिया के सभी देश और नागरिक प्रभावित हैं। वैश्विक स्तर पर आज मनुष्य के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि लगातार बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम कैसे की जाए, जो प्रतिवर्ष लाखों लोगों की मौत की वजह बन गया है। दूसरी ओर, प्राकृतिक संसाधन निरंतर घट रहे हैं। इनके बिना आज सुखद जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। गौर करें, तो इन दोनों ही समस्याओं का एक ही समाधान है- अक्षय ऊर्जा का उपयोग एवं कार्यान्वयन। अक्षय ऊर्जा यानी ऊर्जा का ऐसा स्रोत, जिसका कभी क्षय नहीं हो। यह ऐसी स्वच्छ ऊर्जा है, जो वातावरण की स्वच्छता को न केवल बनाए रखने में सहयोगी है, बल्कि आज की वैश्विक पर्यावरणीय चिंताओं से मुक्ति दिलाने में भी सहायक है। सच कहा जाए, तो आज के दौर में यदि किसी भी राष्ट्र को सर्वांगीण रूप में विकसित बनाना है, तो उसे प्रदूषण रहित अक्षय ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों का उपयोग करना ही पड़ेगा, लेकिन शर्त यह है कि उनका उपयोग समुचित और व्यापक रूप में हो।

दरअसल, पृथ्वी पर ऊर्जा के परंपरागत संसाधन यथा- कोयला, पेट्रोलियम और कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस और लकड़ी इत्यादि सीमित मात्रा में हैं, जबकि सदियों से इनका अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। उदाहरण के लिए, भारत सहित विश्व भर के कई देश बिजली जैसी ऊर्जा की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने सीमित और परंपरागत संसाधनों पर निर्भर हैं। इसके अलावा, पर्यावरणीय चुनौतियों यानी पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर समस्याएं भी हैं। ऐसे में, यदि ऊर्जा के इन परंपरागत संसाधनों का समुचित उपयोग नहीं किया गया और इनका इसी प्रकार लगातार दोहन किया जाता रहा, तो ऐसी आशंका है कि निकट भविष्य में ऊर्जा के ये संसाधन समाप्त हो जाएंगे और दुनिया भर में ऊर्जा का गंभीर संकट पैदा हो जाएगा। ऊर्जा के आसन्न संकट को महसूस करते हुए विश्व भर में ऊर्जा के गैर पारंपरिक स्रोतों के अधिक से अधिक उपयोग को बढ़ावा देने की जरूरत महसूस की गई। इसके बाद वैश्विक स्तर पर मनुष्य ने ऊर्जा के अक्षय स्रोतों से अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करने का प्रयास शुरू किया। भारत में भी ऊर्जा के अक्षय स्रोतों के विकास और उनके उपयोग को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वर्ष 2004 से ही प्रयास जारी हैं। इस वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर समुचित पहल किए जाने की भी जरूरत है।

दुनिया के कई देशों द्वारा समझदारी से इसमें निवेश करने से होने वाले संभावित लाभों का पता लगाने के उद्देश्य से वर्ष 2025 के मध्य में वैश्विक स्तर पर कराए गए एक सर्वेक्षण की रपट में अक्षय ऊर्जा के व्यापक उपयोग के अनेक लाभ बताए गए हैं। इसके अनुसार, यदि अक्षय ऊर्जा से जुड़े लक्ष्यों को समुचित ढंग से नीति बना कर उसे निवेश के साथ जोड़ा जाए, तो इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को मजबूती तो मिलेगी ही, साथ ही, पर्यावरणीय चुनौतियों से भी बहुत हद तक मुक्ति मिलेगी। इतना ही नहीं,

अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में नीतिगत निवेश को बढ़ावा देकर दुनिया भर के करोड़ों लोगों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

गौरतलब है कि इसके सभी लाभ तभी प्राप्त किए जा सकते हैं, जब दुनिया के सभी देशों के नागरिक अक्षय ऊर्जा को तेजी से अपनाएं। हालांकि,

> **अक्षय ऊर्जा में पर्याप्त निवेश को प्रोत्साहन देकर और सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप ऊर्जा नीतियां अपना कर विश्व के सभी देश अपने नागरिकों को बिजली एवं रसोई के लिए स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित कर सकते हैं। इसके अलावा, कुल 20.4 ट्रिलियन डालर की बचत भी कर सकते हैं। वैश्विक ऊर्जा समीक्षा के सुझावों को मान कर 19.3 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया जा सकता है। तात्पर्य यह कि ऐसा कर 14.2 करोड़ लोगों को भरपेट भोजन देकर कुपोषण के गर्त से बाहर निकाला जा सकेगा। वहीं 55 करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी और स्वच्छ वातावरण जैसी बुनियादी सुविधाएं दी जा सकेंगी।**

इस मामले में जब तक कोई सीमा निर्धारित नहीं की जाती, तब तक लोगों में भ्रम की स्थिति बनी रह सकती है। इसलिए बेहतर यही होगा कि हम अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजंसी (आइईए) की प्रथम वैश्विक ऊर्जा समीक्षा (जीआरई) के सुझावों को अंगीकार करते हुए अक्षय ऊर्जा यथा- सौर, पवन, जल एवं परमाणु ऊर्जा का तीन गुना उपयोग करें। इनके अलावा, हमें ऊर्जा की खपत को कम करने तथा जीवाश्म ईंधन जैसे पारंपरिक ईंधनों के उपयोग को धीरे-धीरे शून्य पर ले जाने का प्रयास भी करना होगा। यदि विश्व के सभी देशों ने इतना सब कुछ कर लिया, तो संभव है कि वर्ष 2060 तक कुल ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए जीवाश्म ईंधन पर उनकी निर्भरता मात्र 12 फीसद तक रह जाए। यह एक अत्यंत ही राहत की स्थिति मानी जा सकती है। इसका एक बड़ा लाभ यह भी होगा कि इससे पृथ्वी के तापमान को दो डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने में सफलता मिल सकेगी।

वहीं, अक्षय ऊर्जा में पर्याप्त निवेश को प्रोत्साहन देकर और सतत विकास के लक्ष्यों के अनुरूप ऊर्जा नीतियां अपना कर दुनिया के सभी देश अपने नागरिकों को बिजली और रसोई के लिए स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित कर सकते हैं। इससे अतिरिक्त कुल 20.4 ट्रिलियन डालर की बचत भी हो सकती है। वैश्विक ऊर्जा समीक्षा के सुझावों को मान कर 19.3 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया जा सकता है। तात्पर्य यह कि ऐसा करके 14.2 करोड़ लोगों को भरपेट भोजन देकर कुपोषण के गर्त से बाहर निकाला जा सकेगा। इनके अतिरिक्त, 55 करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी और स्वच्छ वातावरण जैसी बुनियादी सुविधाएं दी जा सकेंगी। पेरिस जलवायु समझौते में भारत की ओर से वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन का जो लक्ष्य रखा गया था, उसे निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले ही उसका आधा पूरा कर लिया गया है। स्पष्ट है कि अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए भारत ने सुधारात्मक नीतियों, समयबद्ध कार्य योजनाओं और जन भागीदारी से यह उपलब्धि हासिल की है।

भारत की यह उपलब्धि दुनिया के अन्य विकसित एवं विकासशील देशों के लिए भी अनुपम उदाहरण है। यह न केवल उसकी ऊर्जा नीति की दिशा में किए गए महत्त्वपूर्ण प्रयासों का द्योतक है, बल्कि जलवायु संबंधी अत्यंत गंभीर चुनौतियों से निपटने के वैश्विक प्रयासों में देश की महत्त्वपूर्ण भूमिका को भी प्रदर्शित करती है। भारत आज सौर ऊर्जा में तीसरे, पवन ऊर्जा में चौथे तथा कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में भी चौथे स्थान पर पहुंच चुका है। इसी के साथ हम स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि 232 गीगावाट से अधिक स्थापित और 176 गीगावाट नवीकरणीय क्षमता होने के साथ, हम न केवल अपनी ऊर्जा से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं, बल्कि ऊर्जा में बदलाव से जुड़ी वैश्विक चर्चा में महत्त्वपूर्ण हस्तक्षेप भी कर रहे हैं। वर्ष 2014 से अब तक भारत की अक्षय ऊर्जा क्षमता में तीन गुना वृद्धि हो चुकी है।

हालांकि, इसके लिए जरूरी है कि यथास्थितिवाद को त्याग कर दुनिया के अन्य देश भी अक्षय ऊर्जा का तीव्रता से विस्तार करें। सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप ऊर्जा नीतियां बनाएं और उन्हें अपनाएं भी। अन्यथा आज ही की तरह आने वाले दशकों में भी वे अपनी 70 फीसद ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं के लिए पारंपरिक जीवाश्म ईंधनों पर निर्भर रहने के कारण पृथ्वी के तापमान में 2.6 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। तापमान में इस संभावित वृद्धि का सीधा प्रभाव मनुष्य के स्वास्थ्य, भोजन, पोषण, स्वच्छता, बिजली, पानी इत्यादि पर पड़ेगा और करोड़ों लोग गरीबी में डूब जाएंगे।

उपकार की छवियां

फारूक आफरीदी

मानव सभ्यता का अतीत जितना संघर्षों का इतिहास है, उतना ही परोपकार और सहानुभूति से भी भरा हुआ है। मनुष्य के भीतर एक स्वाभाविक करुणा का भाव होता है, जो उसे दूसरों के दुख में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करता है। यही भाव समाज को जोड़ता है, मनुष्यता को अर्थ देता है और जीवन को गरिमा प्रदान करता है। मगर आधुनिक समय में, विशेषकर डिजिटल युग के आगमन के बाद, इस करुणा की अभिव्यक्ति के रूप और उद्देश्य में एक विचित्र परिवर्तन देखने को मिल रहा है। अब सहायता एक 'दिखावे' में भी तब्दील होती जा रही है। इस प्रवृत्ति में उपकार की छवियां कैमरे में कैद होकर सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही हैं। क्या यह सचमुच सेवा है या सेवा के आवरण में स्वार्थ और आत्मप्रचार का एक नया रूप है?

भारतीय संस्कृति में सेवा को एक उच्चतम नैतिक कर्तव्य माना गया है। संत कबीर, महात्मा गांधी और अन्य अनेक विचारकों ने निस्वार्थ सेवा को मनुष्य का धर्म बताया है। सेवा का आदर्श यही रहा है कि वह बिना किसी प्रतिफल की अपेक्षा के यह कार्य करे। उसमें न अहंकार हो, न प्रदर्शन। सहायता का अर्थ किसी की पीड़ा को कम करना है, न कि उस पीड़ा को सार्वजनिक करके स्वयं को महान सिद्ध करना। मगर आज अक्सर कोई व्यक्ति किसी वंचित, गरीब या असहाय की मदद करता है, तो कैमरा तुरंत सामने आ जाता है। सहायता पाने वाला व्यक्ति एक ऐसा 'दृश्य' बन जाता है, जो 'लाइक, शेयर और कमेंट' की दुनिया में प्रसारित होता है। सेवा का भाव पीछे छूट जाता है। उसके बदले 'मान्यता की लालसा' आ जाती है।

सोशल मीडिया ने मनुष्य के जीवन के हर क्षेत्र को कई अर्थों में प्रभावित किया है। यह मंच जहां संवाद का माध्यम है, वहीं यह आत्म-प्रदर्शन का भी सबसे बड़ा मंच बन गया है। इस प्रवृत्ति ने परोपकार को भी प्रभावित किया है। अब परोपकार केवल एक नैतिक कर्तव्य नहीं, बल्कि 'डिजिटल प्रतिष्ठा' पाने का साधन बन गया है। गरीब को भोजन कराना, किसी जरूरतमंद को कपड़े, औषधि या किसी वृद्ध की सहायता करना जैसे कार्यों के साथ कैमरे की उपस्थिति अनिवार्य हो गई है। इस प्रवृत्ति का सकारात्मक पक्ष यह है कि इससे अन्य प्रेरणा लेते हैं, लेकिन इसका एक नकारात्मक पक्ष भी है, जिसमें सहायता पाने वाले व्यक्ति की निजता और अस्मिता की अनदेखी होती है।

जब कोई व्यक्ति किसी वंचित की सहायता करके उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर डालता है, तब वह अनजाने में उस व्यक्ति की गरिमा का उल्लंघन कर रहा होता है। लाभार्थी अक्सर अपनी परिस्थितियों के कारण असहाय होता है। वह अपनी गरीबी या कठिनाई को सार्वजनिक नहीं करना चाहता, लेकिन सहायता पाने के लिए परिस्थितिवश उसे स्वीकार करना पड़ता है। जब उसकी तस्वीरें बिना उसकी अनुमति सार्वजनिक कर दी जाए, तब वह व्यक्ति एक 'वस्तु' बन जाता है। उसके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचती है। उसकी अस्मिता को आघात पहुंचता है।

यह प्रश्न केवल सामाजिक व्यवहार का नहीं, बल्कि नैतिकता और संवेदनशीलता का भी है। सेवा का कार्य तभी सार्थक होता है, जब उसमें संवेदनशीलता हो। हमें सहायता करते समय यह विचार करने की जरूरत है कि क्या हम उस व्यक्ति की स्थिति का उपयोग अपने लाभ के लिए तो नहीं कर रहे हैं? क्या हम उसकी पीड़ा को अपने 'कंटेंट' या प्रचारात्मक सामग्री में बदल रहे हैं? अगर उत्तर 'हां' है, तो यह सेवा नहीं, बल्कि शोषण का एक सूक्ष्म रूप है।

कई बार सरकारें और संस्थाएं भी अपने कल्याणकारी कार्यों का प्रचार करने के लिए लाभार्थियों की तस्वीरें और वीडियो सार्वजनिक करती हैं। प्रचार कार्यों की जानकारी देना आवश्यक हो सकता है, लेकिन इसमें संतुलन और संवेदनशीलता की आवश्यकता है। शासन का दायित्व है कि वह नागरिकों की सहायता करे, न कि उसे एक प्रचार का साधन बनाए। अगर किसी योजना का लाभार्थी अपनी पहचान सार्वजनिक नहीं करना चाहता, तो उसकी निजता का सम्मान किया जाना चाहिए। संस्थाओं को भी यह समझना चाहिए कि उनका उद्देश्य सेवा है, न कि अपनी छवि निर्माण। हालांकि कई बार समाज में सकारात्मक कार्यों का प्रचार आवश्यक होता है, ताकि लोग प्रेरित और जागरूक हों।

इस समस्या का समाधान केवल नियमों से नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना से होगा। हमें अपनी सोच बदलनी होगी। सेवा का अर्थ गरिमा के साथ सहायता करना है। सहायता करते समय यदि फोटो लेना आवश्यक हो, तो लाभार्थी की स्पष्ट अनुमति ली जाए। तस्वीरों में व्यक्ति की पहचान को उजागर करने से बचा जाए। बच्चों और महिलाओं की तस्वीरें विशेष सावधानी से ली जाएं। समाज में यह शिक्षा दी जाए कि सेवा का मूल्य उसके प्रदर्शन में नहीं, बल्कि उसके प्रभाव में है। यह प्रश्न हमारे भीतर के मनुष्य से जुड़ा है। क्या हम किसी की मदद इसलिए कर रहे हैं कि उसका जीवन बेहतर हो, या इसलिए कि हमारी छवि बेहतर हो? उपकार की सच्ची छवि कैमरे में नहीं, बल्कि उस व्यक्ति की मुस्कान में दिखाई देती है जिसकी मदद की गई है। वह मुस्कान ही सेवा का सबसे बड़ा प्रमाण है। उसे किसी सोशल मीडिया पोस्ट की आवश्यकता नहीं होती। अगर हमारी सेवा किसी की अस्मिता को ठेस पहुंचाती है, तो वह सेवा नहीं, बल्कि एक प्रकार का अहंकार है।

ऐसे में यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारी करुणा और सहानुभूति केवल 'छवियों' तक सीमित न रह जाए, बल्कि वह वास्तविक जीवन में सम्मान और संवेदना का रूप ले। तभी उपकार की छवियां सचमुच सुंदर और सार्थक बन पाएंगी- ऐसी छवियां जो कैमरे में नहीं, बल्कि मानवता के हृदय में अंकित होती हैं।

दुनिया मेरे आगे

> **सेवा का कार्य तभी सार्थक होता है, जब उसमें संवेदनशीलता हो। अगर सहायता के समय हम उस व्यक्ति की भावनाओं और सम्मान का ध्यान नहीं रखते, तो वह सहायता अधूरी है। हमें सहायता करते समय यह विचार करने की जरूरत है कि क्या हम उस व्यक्ति की स्थिति का उपयोग अपने लाभ के लिए तो नहीं कर रहे हैं?**

राष्ट्रहित सर्वोपरि

वैश्विक राजनीति में ऊर्जा, व्यापार और कूटनीति का संबंध हमेशा से गहरा रहा है। हाल के घटनाक्रमों में अमेरिका ने भारत के रूस से तेल खरीदने के मुद्दे को लेकर जो रुख अपनाया, उसने अंतरराष्ट्रीय संबंधों की जटिलता को फिर उजागर कर दिया है। यूक्रेन युद्ध के बाद से अमेरिका लगातार भारत पर रूस से तेल खरीद कम करने का दबाव बनाता रहा है, लेकिन भारत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उसकी ऊर्जा सुरक्षा सर्वोपरि है और वह अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर ही निर्णय लेगा। भारत की ऊर्जा आवश्यकताएं बहुत बड़ी हैं और यह सस्ती तथा विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जहां से उचित लगे, वहां से तेल खरीदने के लिए स्वतंत्र है। यही कारण है कि रूस से रियायती दरों पर मिलने वाला कच्चा तेल भारत के लिए महत्त्वपूर्ण बना हुआ है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद जब पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए, तब भारत ने संतुलित कूटनीति अपनाते हुए अपने राष्ट्रीय और आर्थिक हितों को प्राथमिकता दी। तब अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाने जैसे कदम उठाए। मगर भारत ने संयमित और आत्मविश्वासी नीति अपनाई और अपने निर्णय का बचाव किया।

– विभूति बुपक्या, रतलाम. मप्र

टूटता भरोसा

बिहार में जनता दल (एकी) और भारतीय जनता पार्टी के बीच बना संतुलन बदला हुआ नजर आने लगा है। राज्य में बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार का राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन करना, भाजपा की एक सोची-समझी चाल है। जाहिर है कि जनता दल (एकी) के गठबंधन के साथ ही वह प्रदेश की राजनीति की बागडोर अपने हाथ में लेना चाहती है। सोशल मीडिया पर बिहार के लोगों के प्रति नीतीश कुमार का शुक्रिया अदा करना, यह बताने के लिए काफी है कि वे भाजपा को आगे कर राज्य की राजनीति से दूर रहना चाहते हैं। क्या यह दोनों दलों का कोई छिपा हुआ एजंडा है? मौजूदा हालात में मतदाता निराशा दिख रहे हैं। उनका भरोसा टूटा है। सवाल है कि यह भरोसा अब कैसे कायम होगा। सत्ताधारी पार्टियां आगे क्या करेंगी, यह तो वक्त ही बताएगा। आने वाली सरकार को यह पक्का करना होगा कि नीतीश के कार्यकाल में शुरू किए गए विकास कार्य पटरी से न उतरें।

– युगल किशोर शर्मा, फरीदाबाद

चुनौतियों का दायरा

'जंग के मोर्चे' (संपादकीय, 9 मार्च) में इजराइल और अमेरिका के ईरान पर हमले से उत्पन्न संभावित कठिनाइयों से अवगत कराया गया है। स्वाभाविक है कि इस युद्ध से दुनिया भर के उन लोगों को भी अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, जिनके देश की प्रत्यक्ष भागीदारी इस जंग में नहीं है। सवाल है कि आखिर यह जंग क्यों लड़ी जा रही है? क्या यह रोकी नहीं जा सकती थी? निस्संदेह मानवीयता और लोकतांत्रिक मूल्यों का दायरा बड़ा विस्तृत है। इस हिसाब से देखा जाए, तो इसके प्रति निष्ठा न तो इजराइल, अमेरिका और न ही ईरान की दिखलाई पड़ रही है। आखिर लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करने में वैश्विक संगठन से लेकर तमाम देशों की सरकारें नाकाम क्यों है। जबकि अमन-चैन से ही विकास संभव है। ऐसे युद्ध का दर्द इसके समाप्त होने के बाद भी वर्षों तक महसूस किए जाते रहेंगे। फिर भी सुधार की दिशा में कोई कदम नहीं बढ़ा रहा है, तो यह अफसोस की बात है।

– मुकेश कुमार मनन, पटना

हुनर की जगह

भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्वकप में न्यूजीलैंड को फाइनल में हरा कर ऐतिहासिक जीत हासिल की। यह देश के लिए सचमुच गर्व की बात है। भारत में एक से बढ़ कर एक खिलाड़ी हैं। अगर कमी है, तो उन्हें खोजने और तराशने की। देश के हर जिले में क्रिकेट अकादमी स्थापित की जानी चाहिए। बहुत से ऐसे युवा होंगे जो सचिन, रोहित शर्मा और विराट की तरह क्रिकेट में कमाल कर सकते हैं। बहरहाल, भारत के जिन खिलाड़ियों ने क्रिकेट में भारत को शानदार जीत दिलवा कर टीम का रुतबा बढ़ाया है, उन्हें चाहिए कि वे उन युवाओं को हुनर देने का प्रयास करें, जो क्रिकेट में कुछ करने का जज्बा रखते हों। इसके लिए दिग्गज खिलाड़ियों को अपने गृहक्षेत्र या हो सके, तो दूसरे राज्यों में क्रिकेट के कोचिंग सेंटर खोलें और इसकी फीस इतनी कम रखें कि कमजोर वर्ग का युवा भी इसमें प्रवेश कर क्रिकेट का 'विराट' बन सके।

– राजेश कुमार चौहान, जलंधर

गर्भाशय कैंसर का पता लगाने के लिए आठ करोड़ महिलाओं की जांच की गई : सरकार

राज्यसभा में मंगलवार को सरकार ने कहा कि 14 वर्ष आयु की पात्र किशोरियों का देशव्यापी मानव पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान निर्धारित सरकारी स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों पर चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि राष्ट्रीय गैर संचारी रोग पोर्टल के अनुसार 17 फरवरी 2026 तक 8.73 करोड़ महिलाओं की गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के लिए जांच की जा चुकी है। उन्होंने कहा, 'देशव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान चल रहा है, जिसमें 14 वर्ष आयु की पात्र लड़कियों को लक्षित किया गया है। यह टीकाकरण निर्धारित सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), उप-जिला अस्पताल (एसडीएच), जिला अस्पताल (डीएच) और सरकारी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में किया जा रहा है।'

पांच साल में साइबर अपराध शिकायत हर दिन नौ गुना बढ़ी

पंकज रोहिला

देश में तेजी से बढती तकनीक ने साइबर अपराध के जाल को बीते पांच साल में प्रतिदिन औसतन नौ गुना से भी ज्यादा बढ़ा दिया। हर दिन साढ़े छः हजार से अधिक शिकायत केंद्र सरकार के पास पहुंच रही है। वर्ष 2021 में साइबर अपराध की शिकायतों का प्रतिदिन औसत आंकड़ा 720 शिकायत तक था, जो कि वर्ष 2025 तक बढ़कर औसतन प्रतिदिन दिन 6582 शिकायत तक पहुंच गया है। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के आंकड़ों के आंकलन पर यह तथ्य सामने आया है।

साइबर अपराध की शिकायतों में हर साल इजाफा दर्ज किया जा रहा है। जहां वर्ष 2021 में साइबर अपराध शिकायतें औसतन प्रतिदिन 720 थी, वे वर्ष 2025 में बढ़कर 6582 तक पहुंच गई है। वार्षिक औसतन आंकड़ा वर्ष 2022 में 1902, 2023 में 3590 और वर्ष 2024 में 5257 शिकायत प्रतिदिन दर्ज किए गए, जो कि लगातार मामले बढ़ने की ओर इशारा कर रहे हैं। गृह राज्यमंत्री बंडी संजय कुमार के मुताबिक मंत्रालय ने वित्तीय धोखाधड़ी की तत्काल सूचना देने और धोखाधड़ी करने वालों के द्वारा निधि की चोरी रोकने के लिए वर्ष 2021 में नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली (सीपएफसीएफआरएमएस) की शुरुआत की थी। आइ4सी पर 31 दिसंबर 2025 तक 23.61 लाख से अधिक शिकायत दर्ज की गई है। इन शिकायतों के आधार पर कुल 8189 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि को बचाया जा सका है। इसके अतिरिक्त मंत्रालय ने 31 दिसंबर तक पुलिस अधिकारियों द्वारा दर्ज किए गए मामलों के आधार पर 12.21 लाख सिम कार्ड और 3.03 लाख आइएमईआइ नंबर को ब्लाक कर दिया है। इसी प्रकार दिसंबर 2025 तक बैंकों से प्राप्त 21.65 लाख से अधिक पहचानकर्ता डेटा और 26.48 लाख लेयर म्यूल खातों को संदिग्ध रजिस्ट्री की भाग लेने वाली संस्थाओं को दिया गया है। इस पहल से 9055.27 करोड़ रुपए के लेनदेन को रोका जा सका है।

मंत्रालय के मुताबिक साइबर अपराध पोर्टल पर आने वाले शिकायतों को एफआइआर में बदलने और उन पर आगे की कार्रवाई यानी आरोप-पत्र दाखिल करने, गिरफ्तारी और शिकायतों के समाधान से जुड़े कार्य राज्य व केंद्र शासित क्षेत्र की संबंधित विधि प्रवर्तन एजंसियों द्वारा कानून के प्रावधान के तहत किया जाता है। आई 4 सी के तहत मेवात, जामतारा, अहमदाबाद, हैदराबाद, चंडीगढ़, विशाखापट्टनम और गुवाहाटी के लिए सात संयुक्त साइबर समन्वय टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों की मदद से देश भर में हो रहे साइबर अपराध और साइबर अपराध के गढ़ वाले क्षेत्रों पर सीधी नजर रखी जाती है।

दिसंबर 2025 तक साइबर अपराध से संबंधित 13299 से अधिक मामलों को विधि प्रवर्तन एजंसियों को सौंपे गए हैं। अपराधों में कमी लाई जा सके, इसके लिए साइबर अपराध की जांच, फारेंसिक, अभियोजन आदि के महत्वपूर्ण पहलूओं पर आनलाइन पाठ्यक्रम के माध्यम से पुलिस व न्याय अधिकारियों के क्षमता निर्माण पर काम किया जा रहा है। इसक लिए साइनट्रेन पोर्टल के माध्यम से एक अध्ययन कराया जाता है। 31 दिसंबर 2025 तक इस पोर्टल के माध्यम से 1, 47, 665 से अधिक पुलिस अधिकारियों ने पंजीकरण कराया है ओर 134423 से अधिक प्रमाण पत्र मंत्रालय की ओर से जारी किए जा चुके हैं।

बीते वर्षों में दर्ज एनसीआरपी पर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतें

वर्ष	मामलों की संख्या
2021	2,62,846
2022	6,94,446
2023	13,10,357
2024	19,18,835
2025	24, 02,579

आंकड़ा

राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के मुताबिपक, वर्ष 2021 में साइबर अपराध की शिकायतों का प्रतिदिन औसत आंकड़ा 720 शिकायत तक था, जो कि वर्ष 2025 तक बढ़कर औसतन प्रतिदिन दिन 6582 शिकायत तक पहुंच गया है।

युद्ध : हवाई क्षेत्रों में बंदिश से विमानन क्षेत्र की बढ़ीं मुश्किलें

सर्वेश कुमार

खाड़ी देशों में संघर्ष की वजह से कतर, ओमान, बहरीन, कुवैत, इजराइल, ईरान सहित अन्य देशों के हवाई क्षेत्रों पर लगी पाबंदी से भारतीय एअरलाइंस की मुश्किलें लगातार बनी हुई हैं। पहले ही अप्रैल, 2025 से भारतीय विमानों के लिए पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र बंद है। भू-राजनीतिक अस्थितरता और संघर्ष के कारण खाड़ी समेत यूरोप के देशों के लिए हवाई रास्ता और लंबा हो गया है। इससे ईंधन की अधिक खपत और रोजाना सैकड़ों उड़ानें रद्द होने से से विमानन कंपनियों की चिंता बढ़ने लगी है। पाबंदियों के बावजूद फंसे हुए नागरिकों को निकालने की राह में भी मुश्किलें पेश आ रही हैं।

पश्चिम एशिया संकट के कारण पिछले दस दिनों के दौरान रोजाना औसतन भारत की 200 से अधिक उड़ानें रद्द हुई हैं। इससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि खाड़ी देशों में फंसे यात्रियों को राहत देने के लिए सीमित सेवा की शुरुआत की गई, बावजूद इसके भारी संख्या में लोग अपने घरों को लौटने के इंतजार है।

विमानन क्षेत्र में उड़ानों के बड़े पैमाने पर रद्द होने की शुरुआत, कोविड-19 के बाद से शुरू हुई। जानकारों का कहना है कि ईरान संकट के साथ एक के बाद संघर्ष की चपेट में कई देशों के आने से दिलों के साथ साथ गंतव्यों तक की दूरी भी लगातार बढ़ रही है। विमानन क्षेत्र के विशेषज्ञ जीएस बावा का कहना है कि कोविड महामारी के दौरान विमानों के भारी संख्या में लंबे समय तक रद्द होने की शुरुआत हुई। इसके बाद भी वैश्विक स्तर पर कई देशों में पिछले कुछ महीनों से संघर्ष का कमोबेश, विमानन क्षेत्र पर पड़ा। लेकिन, कोविड के बाद लोगों ने भी समझ लिया कि ऐसे हालात में कैसे यात्रा कर सकते हैं। भारतीय विमानन क्षेत्र ने कोविड के बाद काफी तेजी से खुद को दोबारा नए सिरे से आगे बढ़ने लगा।

विशेषज्ञ बावा के मुताबिक, विमानन सेवाओं का असर अर्थव्यवस्था पर है और विकसित भारत 2047 संकल्प को पूरा करने में भी इसकी अहम भूमिका है। उन्होंने कहा, अगर युद्ध लंबे समय तक जारी रहा तो इसका असर रोजगार, महंगाई समेत कई पहलुओं पर पड़ेगा। पहले ही पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र बंद होने से एअरलाइंस को वितीय नुकसान का सामना करना पड़ रहा है और इस संघर्ष का भी असर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर यात्रियों पर पड़ने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। हालात सामान्य होने के बाद ही नुकसान का आकलन किया जा सकता है। विमानन क्षेत्र के जानकार, जीएस बाजवा ने कहा, ईरान संकट के कारण भारी संख्या में उड़ानें रद्द होने से विमानन क्षेत्र की मुश्किलें बरकरार हैं।

भू-राजनीतिक अस्थितरता और संघर्ष के कारण खाड़ी समेत यूरोप के देशों के लिए हवाई रास्ता और लंबा हो गया है। इससे ईंधन की अधिक खपत और रोजाना सैकड़ों उड़ानें रद्द होने से से विमानन कंपनियों की चिंता बढ़ने लगी है।

मार्ग बदलने से 20 फीसद तक बढ़ी ईंधन की खपत

आइसीआरए (आइक्रा) के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026 में भारतीय विमानन उद्योग को करीब 17-18 हजार करोड़ रुपए के घाटे का अनुमान है। यह नुकसान मुख्य तौर पर भू-राजनीतिक तनावों के कारण हो रहा है। ईरान-इजराइल संघर्ष और क्षेत्रीय तनाव के कारण उड़ानों के रूट में बदलाव से ईंधन की खपत 20 फीसद तक बढ़ गई है। एअरलाइंस को प्रति घंटा 6,000-10,000 डालर का अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ रहा है। मध्य पूर्व में मिसाइल और ड्रोन हमलों के कारण विमानों को अधिक ऊंचाई पर उड़ान भरना पड़ रहा है, जिससे ईंधन की खपत बढ़ रही है।

स्वदेशी तकनीक से कम खर्च में होगा दुर्लभ रोगों का इलाज

राकेश शर्मा

दुर्लभ रोग से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए स्वदेशी तकनीक आने वाले समय में बड़ी राहत बनकर उभरेगी। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के नेतृत्व में जीन उपचार, दवा पुनः उपयोग और क्रिस्टर्ड रेगुलरली इंटरस्पेस्ड शार्ट पैलिंड्रोमिक रिपीट्स (क्रिस्पर कास) तकनीक पर गहन शोध चल रहा है। 'क्रिस्पर कास' एक जीन-एडिटिंग तकनीक है, जो आणविक कैंची की तरह काम करती है। यह डीएनए के विशिष्ट हिस्सों को सटीक रूप से काटने, हटाने या बदलने की अनुमति देती है, जिससे अनुवांशिक बीमारियों का उपचार संभव हो सकेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि स्वदेशी तकनीक विकसित हो जाती है तो आने वाले समय में इन दुर्लभ रोगों के इलाज का खर्च 100 गुना तक कम हो सकता है। वर्तमान समय में इन रोगों के उपचार की लागत बेहद अधिक है। कई मामलों में इलाज का खर्च प्रति मरीज 10 लाख रुपए से 30 करोड़ रुपए तक पहुंच जाता है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में मरीज आर्थिक कारण से उपचार नहीं करा पाते। इन रोगों के इलाज को प्रभावी के साथ किफायती बनाने के लिए भारत सहित दुनिया भर में अनुसंधान जारी है।

देश में चल रहे शोध में जीन उपचार तकनीक के तहत रोग के मूल कारण मौजूद दोष को ठीक करने की कोशिश की जाती है। इसके अलावा दवाओं के पुनः उपयोग के माध्यम से पहले से उपलब्ध दवाओं का नए रोगों में उपयोग करने की संभावना भी तलाश की जा रही है। वहीं, 'क्रिस्पर कास' तकनीक के जरिए जीन में मौजूद खराब हिस्से को काटकर ठीक करने की दिशा में शोध चल रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दस सालों में इस क्षेत्र में काफी बदलाव मिल सकते हैं। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि भारत में विकसित तकनीक न केवल देश के मरीजों के लिए सुलभ होगी, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उपयोगी साबित हो सकती है। आइसीएमआर दिल्ली की वैज्ञानिक डाक्टर मोनिका पाहुजा का कहना है कि आने वाले सालों में स्वदेशी तकनीक विकसित होगी। अभी विदेशी दवाएं व तकनीक काफी महंगी होती है।

पांच फीसद को मिलता है इलाज : डाक्टर पाहुजा का कहना है कि करीब 450 दुर्लभ रोगों की पहचान की जा चुकी है, लेकिन इनमें से केवल पांच फीसद रोगों का ही उपचार उपलब्ध है। 90 से 95 फीसद रोग ऐसे हैं जिनका अभी तक कोई प्रभावी इलाज मौजूद नहीं है। चिंताजनक बात यह भी है कि दुर्लभ रोगों से प्रभावित करीब 70 फीसद मरीज बच्चे होते हैं। एक अनुमान के अनुसार देश में लगभग 14 लाख लोग किसी न किसी दुर्लभ रोग से पीड़ित हैं। औसतन हर दस हजार लोगों में से एक व्यक्ति में इस रोग के लक्षण दिखते हैं। इस रोग के होने का कारण जीन में होने वाला परिवर्तन (म्यूटेशन) है। जीन में यह बदलाव शरीर में खराब प्रोटीन बनने की प्रक्रिया को बढ़ा देता है, जिससे शरीर की सामान्य जैविक क्रियाएं प्रभावित होने लगती हैं। यही कारण है कि इन रोगों का उपचार जटिल और चुनौतीपूर्ण माना जाता है। इन रोगों के इलाज के लिए सरकार भी मदद करवाती है। करीब 12 संस्थान में इन रोगों का इलाज होता है। अभी इनमें करीब 4664 मरीज पंजीकृत हैं।

मौजूदा समय में 95 फीसद तक दुर्लभ रोगों का नहीं है इलाज। मरीज को इलाज के लिए करने पड़ते करोड़ों रुपए खर्च।

स्वास्थ्य

कृषि

त्रिपुरा की राजधानी अगरतला के पास मंगलवार को धान की रोपाई करते किसान।

पर्यावरण मंजूरी में तेजी के लिए निकाय के गठन का प्रस्ताव

जनसत्ता विशेष

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने देश के विभिन्न राज्यों में पर्यावरण संरक्षण संबंधी मंजूरी जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए एक अलग निकाय के गठन का प्रस्ताव रखा है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पर्यावरण प्रभाव आकलन पर स्थायी प्राधिकरण (एसएईआइए) नामक एक प्राधिकरण के गठन के लिए एक मसविदा अधिसूचना जारी की है। इसके अलावा मंत्रालय ने प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश के लिए पर्यावरण प्रभाव आकलन पर एक स्थायी समिति (एससीईआइए) के गठन का भी प्रस्ताव रखा है।

कदम

पर्यावरण मंत्रालय की ओर से पिछले सप्ताह जारी मसविदा अधिसूचना के मुताबिक, 'ये दोनों नए निकाय राज्य स्तर पर श्रेणी बी के अंतर्गत आने वाली विकास परियोजनाओं का मूल्यांकन करेंगे और समय पर पर्यावरण संबंधी मंजूरी प्रदान करेंगे।

श्रेणी बी की परियोजनाओं में निर्माण, भवन निर्माण, खनन और उद्योग शामिल हैं।' मसविदा अधिसूचना के अनुसार नए निकाय वर्तमान निकायों के निष्क्रिय हो जाने की स्थिति में कार्य करेंगे, जिनकी अधिकतम परिचालन अवधि छह महीने होगी और जिसे अतिरिक्त छह महीने तक बढ़ाया जा सकता है। यदि राज्य स्तरीय समिति द्वारा 120 दिनों की अवधि के भीतर आवेदन का मूल्यांकन नहीं किया जाता है, तो आवेदन को विचार के लिए एससीईआइए को भेज दिया जाएगा।

इससे पहले, 2006 की पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना के तहत, केंद्र ने श्रेणी बी विकास परियोजनाओं का मूल्यांकन करने के लिए दो महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय निकायों की स्थापना की थी: राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसईआइएए) और राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी)। इन निकायों में पर्यावरण विशेषज्ञ शामिल थे।

अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन में विश्व शांति की अपील

सुनील दत्त पांडेय

देवभूमि उत्तराखंड के ऋषिकेश में गंगा के पावन तट पर अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन में 80 देशों के 1500 योग साधकों ने पूरी दुनिया से युद्ध के मार्ग की बजाय योग मार्ग को अपनाने अपील की हैं। युद्ध की विभीषिका में उलझे हुए अमेरिका, इजरायल ,ईरान ,रूस ,यूक्रेन सहित विभिन्न देशों से युद्ध समाप्त कर समस्या का समाधान शांतिपूर्वक माहौल में बातचीत से करने की अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में विश्व योग बिरादरी से जुड़े हुए देशों ने बहुत भावनात्मक अपील की है।

विश्व बिरादरी का कहना है कि युद्ध किसी चीज का समाधान नहीं है, समाधान शांति वार्ता ही है और योग मनुष्य में एकाग्रता का भाव पैदा करता है और योग पूरी दुनिया को जोड़ने का काम करता है।

इसीलिए विश्व योग बिरादरी अपील करती है कि युद्ध के मैदान में डटे हुए देश युद्ध के मैदान से वापस आए और शांति बनाए रखने के लिए बातचीत करें और युद्ध नहीं योग को चुने। भले ही अमेरिका, इजरायल, ईरान, रूस, यूक्रेन युद्ध के मैदान में डटे हो, परंतु इन देशों के योगाचार्य परमार्थ निकेतन ऋषिकेश में गंगा के तट पर एक साथ रह रहे हैं और योग कर रहे हैं और साथ ही शांति का संदेश पूरी दुनिया को दे रहे है। 9 मार्च से 15 मार्च तक चलने वाले 38 वें सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव की इस बार सबसे बड़ी खासियत यह है कि महोत्सव में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों ने आयोजित विश्व शांति यज्ञ में आहुतियां समर्पित कीं।

इस अवसर पर विश्व शांति के लिए विशेष प्रार्थना की गई, विशेष रूप से मध्य पूर्व के देशों में शांति, सद्भाव और मानवता की स्थापना के लिए सामूहिक सर्वमंगल की प्रार्थना की गई। इस तरह इस बार अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव हिमालय की गोद और मां गंगा के पवित्र तट पर पूरी मानवता को एक सूत्र में जोड़ने वाला वैश्विक आध्यात्मिक संगम बन गया है।विश्व के विभिन्न देशों से आए हजारों योग साधक, आध्यात्मिक गुरु और योग जिज्ञासु यहां एकत्र होकर योग, ध्यान, प्राणायाम और साधना के माध्यम से शांति, संतुलन और समरसता का संदेश दे रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के मुख्य आयोजक और परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद मुनि का कहना है कि इस महोत्सव का उद्देश्य केवल योग का अभ्यास कराना ही नहीं, बल्कि मानव चेतना को जागृत करना और मानवता को एकत्व प्रदान करना है। ताकि पूरे विश्व में शांति स्थापित हो सके। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि 'आज जब विश्व विभाजन, संघर्ष और असंतोष की पीड़ा से जूझ रहा है, ऐसे समय में हम योग के माध्यम से सम्पूर्ण वैश्विक परिवार को गंगा के पावन तट और हिमालय की दिव्य गोद में एकत्र किया है ताकि यहां से वे शांति, सद्भाव और एकात्मता का दिव्य संदेश लेकर जाएं। उत्तराखण्ड केवल एक भूभाग नहीं, बल्कि योग की भूमि, तप की भूमि, त्याग की भूमि और गहन ध्यान की पवित्र साधना-स्थली है।

संदेश

एनसीईआरटी ने न्यायिक भ्रष्टाचार पर अध्याय को लेकर माफी मांगी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने न्यायिक भ्रष्टाचार पर एक अध्याय शामिल करने के लिए सार्वजनिक माफी मांगते हुए मंगलवार को कहा कि आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पूरी पाठ्यपुस्तकें वापस ले ली गई हैं। आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की इस पाठ्यपुस्तक में लिखा था कि न्यायपालिका के सामने आने वाली चुनौतियों में भ्रष्टाचार, लंबित मामलों का भारी बोझ और पर्याप्त न्यायाधीशों की कमी शामिल हैं।

एनसीईआरटी ने बयान में कहा कि परिषद के निदेशक और सदस्य उक्त अध्याय के लिए बिना शर्त माफी मांगते हैं।

एनसीईआरटी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने हाल में कक्षा 8 (भाग 2) की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक 'एक्सप्लोरिंग सोसाइटीः इंडिया एंड बियान्ड' प्रकाशित की है, जिसमें अध्याय चार 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' शामिल था। बयान में कहा गया कि एनसीईआरटी के निदेशक और सदस्य उक्त अध्याय के लिए बिना शर्त और पूर्ण माफी मांगते हैं। पूरी पुस्तक वापस ले ली गई है और अब उपलब्ध नहीं है।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जायमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में न्यायपालिका के बारे में आपत्तिजनक बयानों का स्वतः संज्ञान लिया था। यह मामला वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी द्वारा तत्काल विचार के लिए उठाया गया था।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने और उसकी गरिमा को धूमिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने पुस्तक के भविष्य में किसी भी प्रकाशन, पुनर्मुद्रण या डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। सरकार ने पुस्तक में विवादास्पद सामग्री शामिल होने पर खेद व्यक्त किया था। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि दोषियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

लोकसभा में निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई

पुनरीक्षण के मुद्दे पर दोनों सदनों में हंगामा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की प्रक्रिया को लेकर मंगलवार को लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष ने जमकर हंगामा किया।

राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया और सदन से बहिर्गमन कर गए। इसके बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहा है और उसका यह आचरण निंदनीय है।

उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति सीपी राधाकृष्णन ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाने के बाद जब शून्यकाल शुरू करने के लिए कहा, तभी तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया। आसन की अनुमति मिलने पर उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा की मांग सदस्य लगातार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल सदन के नेता ने कहा था कि चुनाव सुधार पर चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कि लेकिन पुनरीक्षण पर चर्चा की मांग अब तक पूरी नहीं हुई है।

लोकसभा में हंगामा कर रहे सांसद अपने हाथों में पोस्टकार्ड लेकर आए थे। संसद की कार्यवाही शुरू होते ही जैसे ही पीठासीन अधिकारी ने प्रश्नकाल शुरू कराया तो तृणमूल कांग्रेस के सांसदों समेत अन्य विपक्षी दल वैल में आ गए। सांसदों ने आयोग की प्रक्रिया के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस बीच, विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष एवं सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पुनरीक्षण बहुत महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने कहा कि यह एक राज्य के बाद दूसरे राज्य में.... हर जगह हो रहा है और लोगों के नाम मतदाता सूचियों से हटाए जा रहे हैं। हंगामे के बीच ही सभापति ने कहा कि चुनाव सुधार के मुद्दे पर चर्चा हो चुकी है और आज वह कामकाज होने देना चाहिए जो आज की कार्य सूची में तय है। उन्होंने कहा कि आप हर दिन सदन की कार्यवाही बाधित करते हैं और वे मुद्दे उठाते हैं जिनके बारे में स्पष्ट व्यवस्था दी जा चुकी है। इस पर असंतोष जताते हुए विपक्षी सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए।

सदन के नेता एवं केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि मैंने कल भी यह बात कही थी और आज भी कह रहा हूं कि विपक्ष की मंशा कभी भी, किसी भी मुद्दे पर चर्चा करने की नहीं होती। वे गंभीर मुद्दों पर भी गंभीरता नहीं दिखाते। उन्होंने कहा कि आज ये लोग एसआइआर का मुद्दा लेकर आए। चुनाव सुधार पर करीब 15 घंटे चर्चा हो चुकी है जिसमें एसआइआर पर भी सबने अपनी अपनी बात रखी थी। लेकिन मंत्री के के जवाब से पहले ही ये लोग सदन से बहिर्गमन कर गए। नड्डा ने विपक्ष पर संसदीय परंपराओं को बाधित करने तथा चर्चा में व्यवधान डालने का आरोप लगाया।

वहीं, लोकसभा में सांसदों ने निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ओर वोट चोरी बंद करो के नारे लगाए। हंगामे की वजह से पीठासीन अधिकारी को एक बार सदन की कार्यवाही बाधित भी करनी पड़ी।

हंगामे के बीच सांसदों का कहना था कि निर्वाचन आयोग बिहार में पुनरीक्षण की प्रक्रिया के बाद अब पश्चिम बंगाल में भी वोट चोरी कर रहा है। हंगामे के बीच प्रश्नकाल जारी था और प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान अपने मंत्रालय के सवालों का जवाब दे रहे थे।

राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा

पर्यावरण मंजूरी अवधि घटकर तीन माह हुई

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

राज्यसभा में पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अरावली पर्वतमाला की सुरक्षा को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता जताते हुए मंगलवार को कहा कि पर्यावरण मंजूरी मिलने को लेकर पहले करीब तीन साल का समय लग जाता था, जिसे नरेंद्र मोदी सरकार ने घटाकर तीन महीने कर दिया है।

उच्च सदन में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार अरावली पर्वतमाला की सुरक्षा और वहां हरियाली बढ़ाने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है तथा इस क्षेत्र में वह अवैध खनन नहीं होने देगी। अरावली में अवैध खनन के आरोपों को लेकर कांग्रेस के जयराम रमेश और उनके बीच कई बार आरोप प्रत्यारोप हुए।

यादव ने कहा कि देश के पर्यावरण क्षेत्र की तीन प्रमुख चुनौतियां थीं जिनमें पर्यावरण मंजूरी के विषय, वन एवं जैव विविधता के विषय और जलवायु परिवर्तन के विषय शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन विषयों के समाधान के लिए सभी विभागों को समग्रता से लेकर अपना रवैया तय किया। मंत्री ने कहा कि सरकार ने पर्यावरण के क्षेत्र मानक तय करने की मांग को देखते हुए दो साल में कुछ दिशानिर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि देश में एक समय था जब पर्यावरण मंजूरी लेने में 600 दिन का समय लगता था और यदि कोई उद्योग लगाना चाहता था तो उसे इस मंजूरी को लेने में कई बार तीन साल का समय लगता है। उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण मंजूरी 90 दिनों के भीतर मिल जाती है।

उन्होंने कहा कि तीन साल की अवधि को तीन माह में ला दिया। उन्होंने कहा कि यह परिवेश में पारदर्शिता और प्रदर्शन के कारण संभव हुआ है। यादव ने कहा कि सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद भोपाल में यूनियन कार्बाइड का खतरनाक कचरा पिछले दो सालों में पूरी तरह से निस्तारित कर दिया।

नाराजगी

संसद के बजट सत्र के दौरान सपा सांसद डिंपल यादव, धर्मेंद्र, प्रिया सरोज और अन्य आलू की कीमतों को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

'राजस्थान में नदी प्रदूषण मामले में अधिकारियों ने ढिलाई बरती'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राजस्थान की तीन नदियों के प्रदूषण से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारियों की ढिलाई के कारण सार्वजनिक अवसंरचना को भारी नुकसान पहुंचा है। अदालत जोजारी नदी में प्रदूषण से संबंधित एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी। इसने राज्य में बांदी और लूणी नदियों में प्रदूषण के मुद्दे को भी उठाया था।

पिछले साल नवंबर में शीर्ष अदालत ने पारिस्थितिकी तंत्र में मौजूद मूलभूत खामियों का पता लगाने, आगे प्रदूषण को रोकने के लिए आवश्यक उपचारात्मक उपायों की निगरानी करने और पहले से हुए नुकसान को दूर करने के लिए दीर्घकालिक सुझाव देने के वास्ते एक उच्चस्तरीय पारिस्थितिकी तंत्र निगरानी समिति का गठन किया था। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मंगलवार को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि समिति ने अपनी अंतरिम रपट दे दी है।

पीठ ने राजस्थान की ओर से पेश हुए वकील से कहा कि सरकार द्वारा समिति को आवश्यक सुविधा और सहायता प्रदान किए जाने के तरीके में गंभीर समस्याएं रहीं। इसने कहा, 'अधिकारियों की ढिलाई के कारण सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है और वह नष्ट हो गया है।' मामले में अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी।

'कोविड टीकाकरण पर दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा की नीति बनाएं'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 रोधी टीकाकरण के बाद होने वाले गंभीर दुष्प्रभाव के लिए दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति तैयार करने का केंद्र सरकार को मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी।

याचिका में यह भी दावा किया गया कि टीकाकरण के बाद दो महिलाओं को गंभीर दुष्प्रभाव प्रभाव झेलने पड़े।

न्यायमूर्ति नाथ ने फैसला सुनाते हुए कहा, 'टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभाव के वैज्ञानिक मूल्यांकन के लिए मौजूदा व्यवस्था को देखते हुए, अदालत द्वारा नियुक्त किसी अलग विशेषज्ञ निकाय की आवश्यकता नहीं है।' पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि उसका यह निर्णय किसी व्यक्ति को कानून में उपलब्ध अन्य उपायों का सहारा लेने से रोकता नहीं है। पीठ ने कहा, 'इसी तरह, दोष निर्धारण के बैगर मुआवजा देने की नीति तैयार, सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण की ओर से किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी या गलती को स्वीकार करना नहीं माना जाएगा।'

कोर्ट ने उन याचिकाओं पर यह व्यवस्था दी, जिनमें आरोप लगाया गया था कि 2021 में कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक लेने के बाद दो महिलाओं की मृत्यु हो गई थी।

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा

राहुल एआइ सम्मेलन के दौरान प्रदर्शन के शिल्पकार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 मार्च।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हाल ही में आयोजित एआइ शिखर सम्मेलन के दौरान देश को 'शर्मिंदा' करने के उद्देश्य से किए गए विरोध प्रदर्शन का 'शिल्पकार और डिजाइनर' करार दिया। साथ ही राहुल पर भारत को अपमानित और बदनाम करने की कोशिश करने का मंगलवार को आरोप लगाया।

भाजपा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के सदस्यों द्वारा 'इंडिया एआइ इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान किए गए विरोध प्रदर्शन का जिक्र किया और आरोप लगाया कि यह एक पूर्वनिर्धारित योजना का हिस्सा था। पात्रा ने कहा कि उस समय हमने स्पष्ट रूप से कहा था कि यह कांग्रेस पार्टी का 'अर्द्धनग्न', 'अविवेकी' और 'शर्मनाक' प्रदर्शन था।

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि युवा कांग्रेस के सदस्यों द्वारा 'इंडिया एआइ इम्पैक्ट समिट 2026' का विरोध प्रदर्शन एक पूर्वनिर्धारित योजना का हिस्सा था। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि गांधी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को अपमानित होते देखकर प्रसन्न दिखाई दिए।

उन्होंने दावा किया कि यह प्रदर्शन कोई अचानक हुई घटना नहीं, बल्कि पहले से योजनाबद्ध और सोची-समझी हरकत थी। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि यह कोई संयोग नहीं था, बल्कि एक प्रयोग था। हमने उस समय भी कहा था कि इस हरकत के शिल्पकार और डिजाइनर खुद राहुल गांधी थे और इसकी योजना उनके आवास पर तैयार की गई थी।

भाजपा नेता ने कांग्रेस की एक बैठक में सोमवार को एआइ सम्मेलन को लेकर गांधी द्वारा दिए गए बयान का हवाला देते हुए दावा किया कि नेता प्रतिपक्ष ने (विरोध प्रदर्शन की) जिम्मेदारी स्वीकार कर ली है।

पात्रा ने कहा कि कल राहुल गांधी ने खुद कहा, 'हां, हमने काम कर दिया'। देश देख रहा था कि जब उन्होंने दावा किया कि उन्होंने भारत में हो रहे एआइ शिखर सम्मेलन को बाधित कर दिया, तो उनके चेहरे पर मीर जाफर जैसी एक मुस्कान थी।

पेज 1 का बाकी

समान नागरिक संहिता का समय

बागची ने यह भी कहा, 'इस अदालत ने बार-बार विधायिका से यह सिफारिश की है कि वह समान नागरिक संहिता लागू करे। सुनवाई की शुरुआत में, भूषण ने यह दलील दी कि न्यायालय यह घोषणा कर सकता है कि मुसलिम महिलाओं को पुरुषों के समान उत्तराधिकार प्राप्त हैं और यदि न्यायालय 1937 के 'मुसलिम पर्सनल ला (शरिया) एप्लीकेशन एक्ट' को रद्द कर देता है तो भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे।

भूषण ने कहा, 'शायरा बानो के फैसले के बाद अब देश में यह स्थिति नहीं हो सकती कि मुसलिम महिलाओं को तलाक के मामलों में मुसलिम पुरुषों के समान अधिकार न मिलें।' उन्होंने यह भी कहा कि यह मुद्दा जटिल है और इसके लिए व्यापक स्तर पर विचार-विमर्श की आवश्यकता है। पीठ ने भूषण को पालोमी पाविनी शुक्ला और अन्य द्वारा दायर याचिका में संशोधन करने की अनुमति दी और कहा कि यह एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है, इसलिए इसे आगे की सुनवाई के लिए चार हफ्ते बाद सूचीबद्ध किया जाए।

पीठ ने टिप्पणी की, 'आप कुछ तैयारी करें तथा कुछ और संदर्भ एवं वैकल्पिक उपाय के साथ आएं। यदि कुछ असंतुष्ट मुसलिम महिलाएं सामने आती हैं जो 1937 के अधिनियम से बाहर निकलना चाहती हैं, तो न्यायिक हस्तक्षेप उचित होगा।'

पुनरीक्षण पर सुनवाई के लिए न्यायाधिकरण बनेगा : कोर्ट

बागची भी शामिल हैं। पीठ इस बात से नाराज नजर आई, क्योंकि एक नई याचिका में यह कहा गया था कि जिन लोगों को मतदाता सूची से हटाया जा रहा है, उनके दावे और आपत्तियों को निपटाने की अनुमति न्यायिक अधिकारियों को न दी जाए।

इससे पहले, सर्वोच्च न्यायालय ने पुनरीक्षण प्रक्रिया में पश्चिम बंगाल के जिला न्यायाधीशों और दीवानी न्यायाधीशों को तैनात करने की अनुमति दी थी। पीठ ने मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की नई रपट का अध्ययन किया और कई नए दिशानिर्देश जारी किए। न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग को राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में न्यायिक अधिकारियों को सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने का निर्देश भी दिया। पीठ ने इस बात का संज्ञान लिया कि पुनरीक्षण प्रक्रिया में तैनात न्यायिक अधिकारियों ने अब तक मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के 10.16 लाख आपत्तियों और दावों पर सुनवाई की है।

पीठ ने निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की मंजूरी के बिना कोई भी ऐसा अनिवार्य कदम न उठाया जाए, जिससे पुनरीक्षण प्रक्रिया बाधित हो। पीठ ने कहा कि आयोग के पोर्टल में तकनीकी व्यवधानों की जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि ऐसी कोई बाधा न उत्पन्न हो। पीठ ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों के लिए नए 'लागिन आइडी' शीघ्र बनाए जाएं, ताकि मतदाता सूचियों में संशोधन की प्रक्रिया सुचारू रूप से सुनिश्चित हो सके। इसने यह भी कहा कि न्यायिक अधिकारियों के निर्णयों की समीक्षा निर्वाचन आयोग के किसी भी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा नहीं की जा सकती।

शीर्ष अदालत ने कहा कि कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अपीलों पर सुनवाई के लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और उच्च न्यायालय के दो या तीन न्यायाधीशों से अपीलीय न्यायाधिकरणों में अपनी सेवा देने के लिए आग्रह कर सकते हैं। ये पूर्व न्यायाधीश कलकत्ता उच्च न्यायालय या निकटवर्ती राज्यों के उच्च न्यायालयों के हो सकते हैं। एक बार अनुशंसा हो जाने के बाद, निर्वाचन आयोग को उन्हें ऐसी अपीलें सुनने के लिए अपीलीय न्यायाधिकरण के रूप में अधिसूचित करना होगा। प्रत्येक पीठ में सदस्यों की संख्या को कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के विवेक पर छोड़ दिया गया है। निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दामा शेषाद्री नायडू ने पीठ को आश्वस्त किया कि समस्याओं का निपटारा अविलंब किया जाएगा। पीठ ने उन दो नई याचिकाओं को भी स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिसमें अंतिम मतदाता सूची से अवैध रूप से नाम हटाए जाने का दावा किया गया था। दोनों याचिकाओं को वापस लिया हुआ मानकर खारिज कर दिया गया और याचिकाकर्ताओं को नई स्थापित अपीलीय व्यवस्था का लाभ उठाने की अनुमति दी गई।

चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष व विपक्ष में तीखी नोकझोंक

के वैश्विक संकट में तेल कहां से आएगा, इस पर दूसरे देशों से जानकारियां सामने आ रही है। वहीं, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर गंभीरता पूर्ण व्यवहार नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने तंज किया कि यदि प्रियंका गांधी को विपक्ष का नेता बनाया गया होता, तो कार्य (परफारमेंस) शायद थोड़ा अच्छा होता। उन्होंने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष सदन में जिस तरह का हल्का व्यवहार करते हैं, वैसा ही अपने सांसदों को भी करने के लिए मजबूर करते हैं।

उन्होंने कहा कि इस मामले में हम तो कुछ नहीं कर सकते हैं और ये मेरे हाथ में तो नहीं है। वहीं, उन्होंने सांसद प्रियंका गांधी की ओर इशारा करते हुए कहा कि देखिए प्रियंका गांधी भी पीछे बैठकर मुस्कुरा रही हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष कह रहा है कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने की अनुमति नहीं दी जाती। जबकि प्रावधानों में स्पष्ट है कि सदन में कोई भी सांसद अध्यक्ष की अनुमति के नहीं बोल सकता। अध्यक्ष के पास विशेषाधिकार होते हैं।

एलएनजी आयात में कमी व किल्लत के बाद सरकार ने लगाया आवश्यक वस्तु अधिनियम

को रखा गया है। इन्हें परिचालन उपलब्धता के आधार पर छह महीने की औसत गैस खपत का लगभग 80 फीसद उपलब्ध कराया जाएगा। शहरी गैस वितरण (सीजीडी) से जुड़ी कंपनियों द्वारा औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को की जाने वाली आपूर्ति को प्राथमिकता सूची में चौथे स्थान पर रखा गया है। अधिकारी ने कहा कि इन उपायों को लागू किए जाने के बाद उत्पादन में 10 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रेस्तरां, होटलों और अन्य उद्योगों को एलपीजी आपूर्ति से संबंधित मांगों की समीक्षा के लिए तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के तीन कार्यकारी निदेशकों की एक समिति बनाई गई है। भारत में सालाना करीब 3.13 करोड़ टन एलपीजी की खपत होती है। इसमें लगभग 87 फीसद हिस्सा घरेलू रसोई गैस का है जबकि बाकी का उपयोग होटल, रेस्तरां और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में होता है। उद्योग सूत्रों के अनुसार इस आपूर्ति बाधा का असर मुंबई और बंगलुरु जैसे शहरों में दिखने लगा है, जहां होटल और रेस्तरां को रसोई गैस उपलब्ध कराने में मुश्किल हो रही है। इंडिया होटल्स एंड रेस्तरां एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय शेट्टी ने कहा कि गैस की किल्लत तेजी से बढ़ रही है और यदि जल्द आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो यह पूरे क्षेत्र के संचालन को प्रभावित कर सकती है।

पुणे, औरंगाबाद, नागपुर, दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से भी इसी तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं। रेस्तरांओं को एक सलाह जारी कर खान-पान सूची में बदलाव करने और एलपीजी संरक्षण के उपाय अपनाने को कहा है। हालांकि, मंत्रालय का कहना है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है। एलपीजी सिलेंडर की दो बुकिंग के बीच का अंतराल भी 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है ताकि जमाखोरी और कालाबाजारी रोकी जा सके। फेडरेशन आफ इंडियन मिनरल इंडस्ट्रीज (फिमी) ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति में रुकावट की आशंका के बीच अंतरराष्ट्रीय एल्युमीनियम की कीमतें 3,400 डालर प्रति टन से ऊपर पहुंच गई हैं।

मेघालय में हिंसक झड़प, पुलिस की गोलियों से दो लोगों की मौत

लिए जिला प्रशासन ने मंगलवार को पूरे पश्चिम गारो पर्वतीय जिले में दिन भर के लिए कर्फ्यू लगा दिया है। एसपी ने कहा, हमने अतिरिक्त सुरक्षा बलों की मांग की है और वे आ रहे हैं।यह घटना मेघालय सरकार द्वारा जिले में 10 मार्च से 48 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित करने के आदेश के कुछ घंटों बाद हुई है।

सफाई सामग्री, वाटर कूलर व आर ओ की ए.एम.सी (सामान सहित) अग्नि सुरक्षा यंत्र/ रिफीलिंग, कैंटीन, AMC वित E-Classrooms (Interactive Boards, Visualizers, LCD Projector), फ़र्निचर (लकड़ी, स्टील एवं प्लास्टिक), ऑफिस स्टेशनरी, प्रिंटिंग स्टेशनरी, एयर कंडीशनर, वैज्ञानिक उपकरण (उपभोज्य/ गैर उपभोज्य), दृश्य श्रवण सामग्री, शिक्षण सहायक सामग्री, फोटोकोपीयर मशीनफोटोकॉपी प्रति पेज/मशीन किराया, खेल कूद सामग्री, टेंट हाउस एवं मंच साज सज्जा, परिवहन (Transportation), विद्यालय में बिजली के कार्य हेतु, बिजली का सामान, कम्प्युटर/सीसीटीवी और इसकी AMC, तथा विद्यालय भवन की मरम्मत तथा निर्माण सामग्री (Maintenance & Repair), Taxi/Buses for hiring कैंटीन, Student Medical Checkup, Flex Board/ Banner Printing Writing Sun Board हेतु इच्छुक फर्म अपना आवेदन दिनांक 31.03.2026 तक आवश्यक दस्तावेज़ तथा पैन नंबर, जीएसटी, सर्विस टैक्स, लाइसेंस FSSI सर्टिफिकेट इत्यादि की स्वप्रमाणित प्रति पंजीकरण प्रपत्र (Registration Proforma) के साथ संलग्न कर पंजीकृत डाक अथवा विद्यालय में आकर आवेदन करें। लिफाफे के ऊपर "**फर्म पंजीकरण हेतु**" एवं संबन्धित कार्य का नाम लिखा होना आवश्यक हैं।

नोटः– 1. पंजीकरण प्रपत्र (Registration Proforma) विद्यालय से प्राप्त अथवा विद्यालय की वैबसाइट से डाउन्लोड किया जा सकता हैं। 2. वर्तमान सरकारी नियमानुसार GeM से खरीद को प्राथमिकता दी जाती है एवं किसी तरह के भवन मरम्मत व् निर्माण के लिए NBCC Approved Contractor की लिस्ट से लिए जायेंगे, फिर भी विशेष परिस्थति में खरीद के लिए फर्म रजीस्ट्रेशन की मांग है।

प्राचार्य

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक

आपकी उम्मीद का खाता

(एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)

राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण इलाहाबाद खंडपीठ, प्रयागराज के समक्ष
कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में
और
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 एवं अन्य प्रयोज्य प्रावधानों तथा उसके तहत निर्मित नियमों के मामले में
और
उत्कर्ष कोरइन्वेस्ट लिमिटेड ("अंतरक कंपनी" या "आवेदक कंपनी 1") के मामले में
और
उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ("अंतरिती कंपनी" या "आवेदक कंपनी 2") के मामले में
और
उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड और उनके संबंधित शेयरधारकों के साथ उत्कर्ष कोरइन्वेस्टलिमिटेड के समामेलन की योजना के मामले में
सीए (सीएए) संख्या 37/एएलडी/2025

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड
सीआईएनः L65992UP2016PLC082804
कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमित एक कंपनी,
पंजीकृत कार्यालयः उत्कर्ष टॉवर, एनएच -31 (एयरपोर्ट रोड), सेहमलपुर, काजी सराय, हरहुआ, वाराणसी, पिन - 221105, उत्तर प्रदेश
इसका प्रतिनिधित्व इसके अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता - श्री मुथैया गणपति द्वारा
दूरभाष संख्याः +91- 542-6135000 कईमेलः shareholders@utkarsh.bank

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के अप्रतिभूत लेनदारों की बैठक बुलाने के लिए नोटिस और नोटिस का विज्ञापन

1. एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, इलाहाबाद खंडपीठ, प्रयागराज ('एनसीएलटी'), ने 11 फरवरी, 2026 के एक आदेश ('एनसीएलटी आदेश') द्वारा कंपनी (समझौते, व्यवस्था और समामेलन) नियम, 2016 ('सीएए नियम') और कंपनी अधिनियम और सीएए नियमों के अन्य लागू प्रावधानों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 (कंपनी अधिनियम) की धारा 230 से 232 के अनुसार उत्कर्ष कोरइन्वेस्ट लिमिटेड ('अंतरक कंपनी') के साथ उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (अंतरिती कंपनी) और उनके संबंधित शेयरधारकों के बीच समामेलन की योजना (इसके पश्चात 'योजना' के रूप में संदर्भित) पर विचार करने, और यदि उपयुक्त समझा जाए तो अनुमोदन करने के लिए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ('कंपनी'/'बैंक'/'अंतरिती कंपनी') के अप्रतिभूत लेनदारों की एक बैठक बुलाने का निर्देश दिया है।
2. एनसीएलटी आदेश के अनुसरण में और जैसा कि उसमें आगे निर्देशित किया गया है, एतद्द्वारा यह नोटिस दिया जाता है कि अंतरिती कंपनी के अप्रतिभूत लेनदारों की एक बैठक (इसके बाद 'बैठक' के रूप में संदर्भित) शनिवार, 28 मार्च, 2026 को दोपहर 3.30 बजे (भा.मा.स.) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी') के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जो समय-समय पर कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए परिपत्रों सहित लागू कानूनों के अनुपालन में होगी और उक्त बैठक में अप्रतिभूत लेनदारों से भाग लेने का अनुरोध है।
3. अंतरिती कंपनी ने ईमेल के माध्यम से बैठक की सूचना दिनांक 24 फरवरी, 2026 और नियमों के नियम 6 के साथ पठित अधिनियम की धारा 230(3), 232(1) और (2) और 102 के तहत आवश्यक व्याख्यात्मक विवरण और नोटिस के सूचकांक में उल्लिखित दस्तावेज (सामूहिक रूप से 'नोटिस और अनुलग्नक' के रूप में संदर्भित) 24 फरवरी, 2026 को अंतरिती कंपनी के उन अप्रतिभूत लेनदारों को जिनके नाम रविवार, 30 नवंबर, 2025 तक अप्रतिभूत लेनदारों की सूची में दर्ज हैं, और जिनके ई-मेल पते उक्त तिथि को अंतरिती कंपनी/संबंधित डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं, भेज दिया है। नोटिस की भौतिक प्रतियां उन अप्रतिभूत लेनदारों को भेजी जा रही हैं जिन्होंने एनसीएलटी के आदेश में निर्दिष्ट मोड में अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं किया है। इस नोटिस और अनुलग्नकों की एक प्रति अंतरिती कंपनी की वेबसाइट https://www.utkarsh.bank.in/investors पर, बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) की वेबसाइटों और ई-वोटिंग एजेंसी की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी होस्ट की जाएगी।
4. इस बैठक की तिथि तक, नोटिस और/या अनुलग्नक की प्रतियां पंजीकृत कार्यालय में बैठक में भाग लेने के हकदार किसी भी व्यक्ति द्वारा इसके लिए की गई मांग पर 1 (एक) दिन के भीतर निः शुल्क प्राप्त की जा सकती हैं।
5. यह देखते हुए कि बैठक एनसीएलटी के आदेश के अनुसार वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से, और एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में अप्रतिभूत लेनदारों की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता के बिना आयोजित की जा रही है, अप्रतिभूत लेनदारों द्वारा प्रॉक्सी की नियुक्ति की सुविधा उक्त बैठक के लिए उपलब्ध नहीं होगी।
6. एनसीएलटी ने डॉ. संतोष कुमारी (ईमेल आईडीः sk.kumar7916@gmail.com) को उक्त बैठक के अध्यक्ष के रूप में और श्री अनंत प्रकाश (ईमेलः anantprakash.adv@gmail.com) को वैकल्पिक अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। एनसीएलटी ने बैठक के लिए श्री सुमित अग्रवाल (ईमेल आईडीः agrsumit@yahoo.co.in) को संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।
7. अप्रतिभूत लेनदारों के पास अपने वोटः (ए) वीसी के माध्यम से आयोजित होने वाली बैठक में उपलब्ध ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से (बी) निम्नलिखित अवधि के दौरान रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग द्वारा वोट डालकर योजना के अनुमोदन के लिए संकल्प पर मतदान करने की सुविधा और विकल्प होगाः

रिमोट ई-वोटिंग अवधि

रिमोट ई-वोटिंग अवधि का प्रारंभ	बुधवार, 25 मार्च, 2026 को 09:00 बजे पूर्वा. भा.मा.स.
रिमोट ई-वोटिंग अवधि की समाप्ति	शुक्रवार, 27 मार्च, 2026 को 05:00 बजे अप. भा.मा.स.

8. वीसी और ई-वोटिंग के माध्यम से बैठक में भाग लेने की विस्तृत प्रक्रिया उक्त नोटिस का हिस्सा है, और अप्रतिभूत लेनदारों से अनुरोध है कि वे इसे पढ़ें। ई-वोटिंग के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण विवरण नीचे दिए गए हैं:

ए) बैठक के दौरान उन अप्रतिभूत लेनदारों के लिए ई-वोटिंग सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान नहीं किया था। जिन अप्रतिभूत लेनदारों ने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाला है, वे बैठक में भाग लेने और भाग लेने के हकदार होंगे, लेकिन बैठक के दौरान फिर से मतदान नहीं करेंगे। नोटिस में उल्लिखित कार्य से संबंधित चर्चा समाप्त होने के बाद ई-वोटिंग शुरू होगी और उसके बाद यह सुविधा 30 मिनट के लिए उपलब्ध होगी।

बी) एक अप्रतिभूत लेनदार का मतदान अधिकार 30 नवंबर, 2025 तक कारोबार की समाप्ति पर अंतरिती कंपनी में उनके बकाया देयता के अनुपात में होगा।

सी) इस योजना को अंतरिती कंपनी के अप्रतिभूत लेनदारों द्वारा अनुमोदित माना जाएगा यदि नोटिस में उल्लिखित प्रस्ताव को कंपनी अधिनियम की धारा 230 - 232 के प्रावधानों के संदर्भ में रिमोट ई-वोटिंग और बैठक के दौरान ई-वोटिंग द्वारा अप्रतिभूत लेनदारों के मूल्य में तीन-चौथाई का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकांश व्यक्तियों द्वारा अनुमोदित किया गया है।

इसके अलावा, उपरोक्त के रूप में अप्रतिभूत लेनदारों द्वारा अनुमोदित योजना के बाद, एनसीएलटी के बाद के अनुमोदन के अधीन होगी।

ई-वोटिंग का परिणाम 31 मार्च, 2026 तक घोषित किया जाएगा, और वह, संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ, पंजीकृत कार्यालय में, अंतरिती कंपनी की वेबसाइट (https://www.utkarsh.bank.in), बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (www.bseindia.com) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com); और ईवोटिंग एजेंसी, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) (www.evoting.nsdl.com) की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा ।

डी) अप्रतिभूत लेनदारों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैनुअल www.evoting.nsdl.com m के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध है या कॉल करें: 022 - 4886 7000 या evoting@nsdl.com पर एक अनुरोध भेजें।

एनसीएलटी, इलाहाबाद पीठ, प्रयागराज के आदेशानुसार
हस्ता./-
मुथैया गणपति
अधिकृत प्रतिनिधि
उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

तिथि : 11.03.2026
स्थान : मुम्बई

उत्कर्ष कोरइन्वेस्ट लिमिटेड

कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में इलाहाबाद में राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण इलाहाबाद पीठ के समक्ष
और
कंपनी अधिनियम की धारा 230 से 232 एवं अन्य प्रयोज्य प्रावधानों के मामले में
और
उत्कर्ष कोरइन्वेस्ट लिमिटेड के मामले मे
और
उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के मामले में
और
उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंकलिमिटेड और उनके संबंधित शेयरधारकों और लेनदारों के साथ उत्कर्ष कोरइन्वेस्ट लिमिटेड के समामेलन की योजना के मामले में
(सीएए) संख्या 37/2025

उत्कर्ष कोरइन्वेस्ट लिमिटेड
सीआईएनः U65191UP1990PLC045609
कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमित एक कंपनी,
पंजीकृत कार्यालयः एस-24/1-2, चौथी मंजिल, महावीर नगर, अर्दली बाजार, महावीर मंदिर के पास, वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत - 221002
इसके अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता - श्री नीरज कुमार तिवारी द्वारा प्रतिनिधित्व
दूरभाष संख्याः +91-9598069737 I ईमेलः secretarial@utkarshcoreinvest.com

उत्कर्ष कोरइन्वेस्ट लिमिटेड के इक्विटी शेयरधारकों (सार्वजनिक शेयरधारकों सहित) की बैठक बुलाने के लिए नोटिस और विज्ञापन

1. एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, इलाहाबाद खंड, इलाहाबाद ('एनसीएलटी') ने, 11 फरवरी, 2026 के एक आदेश ('एनसीएलटी आदेश') द्वारा, उत्कर्ष कोरइन्वेस्ट लिमिटेड ('अंतरक कंपनी') और उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ('अन्तरिती कंपनी') और उनके संबंधित शेयरधारकों के बीच समामेलन की योजना (इसके बाद 'योजना' के रूप में संदर्भित) पर विचार करने के उद्देश्य से, और यदि उचित समझा जाए, तो अनुमोदन करने के उद्देश्य से कंपनी (समझौता, व्यवस्था और समामेलन) नियम, 2016 ('सीएए नियम') के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 ('कंपनी अधिनियम') की धारा 230 से 232 और कंपनी अधिनियम और सीएए नियमों के अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार उत्कर्ष कोरइन्वेस्ट लिमिटेड ('कंपनी'/'अन्तरक कंपनी') के इक्विटी शेयरधारकों (सार्वजनिक शेयरधारकों सहित) की बैठक बुलाने का निर्देश दिया है।
2. एनसीएलटी आदेश के अनुसरण में और जैसा कि आगे निर्देशित किया गया है, यह एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी किए गए परिपत्रों सहित लागू कानूनों के अनुपालन में अन्तरक कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों (सार्वजनिक शेयरधारकों सहित) की एक बैठक शनिवार, 28 मार्च, 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी') के माध्यम से आयोजित की जाएगी (इसके बाद 'बैठक' के रूप में संदर्भित किया जाएगा) और उक्त अप्रतिभूत लेनदारों से बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया जाता है।
3. अन्तरक कंपनी ने नियमों के नियम 6 के साथ पठित अधिनियम की धारा 230(3), 232(1) और (2) और 102 के तहत आवश्यक ईमेल के माध्यम से 24 फरवरी, 2026 को बैठक की सूचना और व्याख्यात्मक विवरण और नोटिस के सूचकांक (सामूहिक रूप से 'नोटिस और अनुलग्नक' के रूप में संदर्भित) में उल्लिखित दस्तावेज, 24 फरवरी, 2026 को अन्तरक कंपनी के उन इक्विटी शेयरधारकों को जिनके नाम शुक्रवार 20 फरवरी, 2026 को सदस्यों के रजिस्टर/लाभभोगी स्वामियों की सूची में दर्ज हैं, और जिनके ई-मेल पते उक्त तिथि को अन्तरक कंपनी/संबंधित डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं, भेज दिया है। इक्विटी शेयरधारकों के लिए जिन्होंने अपना ई-मेल पता अन्तरक कंपनी/संबंधित डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत नहीं किया है, इस बैठक की सूचना, अनुलग्नक के साथ अन्तरक कंपनी की वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। इस नोटिस और अनुलग्नकों की एक प्रति अन्तरक कंपनी की वेबसाइट www.utkarshcoreinvest.com और ई-वोटिंग एजेंसी अर्थात नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी होस्ट की जाएगी।
4. इस बैठक की तिथि तक, नोटिस और/या अनुलग्नक की प्रतियां पंजीकृत कार्यालय में बैठक में भाग लेने के हकदार किसी भी व्यक्ति द्वारा इसके लिए की जा रही मांग पर 1 (एक) दिन के भीतर निः शुल्क प्राप्त की जा सकती हैं।
5. यह देखते हुए कि बैठक एनसीएलटी के आदेश के अनुसार वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से और एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में कंपनी अधिनियम की धारा 105 के तहत इक्विटी शेयरधारकों की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता के बिना आयोजित की जा रही है, अतः इक्विटी शेयरधारकों द्वारा प्रॉक्सी की नियुक्ति की सुविधा उक्त बैठक के लिए उपलब्ध नहीं होगी।
6. एनसीएलटी ने उक्त बैठक के अध्यक्ष के रूप में डॉ. संतोष कुमारी (ईमेल आईडीः sk.kumar7916@gmail.com) और श्री अनंत प्रकाश (ईमेलः anantprakash.adv@gmail.com) को वैकल्पिक अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। एनसीएलटी ने बैठक के लिए श्री सुमित अग्रवाल (ईमेल आईडीः agrsumit@yahoo.co.in) को संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।
7. इक्विटी शेयरधारकों के पास इस अवधि के दौरान रिमोट इलेक्ट्रॉनिक मतदान द्वारा (क) वीसी के माध्यम से आयोजित होने वाली बैठक में उपलब्ध ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम (ख) नीचे उल्लिखित अवधि के दौरान रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग द्वारा योजना के अनुमोदन के लिए प्रस्ताव पर मतदान करने की सुविधा और विकल्प होगाः

रिमोट ई-वोटिंग अवधि

रिमोट ई-वोटिंग अवधि का प्रारंभ	बुधवार, मार्च 25, 2026 को 09:00 बजे पूर्वा. भा.मा.स.
रिमोट ई-वोटिंग अवधि की समाप्ति	शुक्रवार, 27 मार्च, 2026 को 05:00 बजे अप. भा.मा.स.

8. वीसी और ई-वोटिंग के माध्यम से बैठक में भाग लेने की विस्तृत प्रक्रिया उक्त नोटिस का हिस्सा है, और इक्विटी शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे इसे पढ़ें। ई-वोटिंग के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण विवरण नीचे दिए गए हैं:

क) बैठक के दौरान उन इक्विटी शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान नहीं किया था। इक्विटी शेयरधारक जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाला है, वे बैठक में भाग लेने और भाग लेने के हकदार होंगे, लेकिन बैठक के दौरान फिर से मतदान नहीं करेंगे। नोटिस में उल्लिखित कार्य से संबंधित चर्चा समाप्त होने के बाद ई-वोटिंग शुरू होगी और उसके बाद यह सुविधा 30 मिनट के लिए उपलब्ध होगी।

ख) किसी सदस्य/लाभभोगी स्वामी (इलेक्ट्रॉनिक शेयरहोल्डिंग के मामले में) के मतदान अधिकार कट-ऑफ तिथि, यानी शुक्रवार 20 फरवरी, 2026 को चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होंगे।

ग) कोई भी व्यक्ति जो बैठक की सूचना भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ तिथि तक शेयर रखता है या वह सदस्य जिसने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं किया है, वह एनएसडीएल को अनुरोध भेजकर एनएसडीएल से यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

घ) इस योजना को हस्तांतरणकर्ता कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित माना जाएगा यदि नोटिस में उल्लिखित प्रस्ताव को कंपनी अधिनियम की धारा 230 - 232 के प्रावधानों के संदर्भ में रिमोट ई-वोटिंग और बैठक के दौरान ई-वोटिंग द्वारा इक्विटी शेयरधारकों के मूल्य में तीन-चौथाई का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकांश व्यक्तियों द्वारा अनुमोदित किया गया है। इस योजना पर कार्रवाई केवल तभी की जाएगी जब योजना के अनुमोदन के लिए उपर्युक्त संकल्प के पक्ष में सार्वजनिक शेयरधारकों द्वारा डाले गए मतों की संख्या (रिमोट ई-वोटिंग और बैठक के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से) इसके खिलाफ सार्वजनिक शेयरधारकों द्वारा डाले गए मतों की संख्या से अधिक हो।

इसके अलावा, उपरोक्त के रूप में इक्विटी शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित योजना के बाद, एनसीएलटी के बाद के अनुमोदन के अधीन होगी।

ई-वोटिंग का परिणाम 31 मार्च, 2026 को या उससे पहले घोषित किया जाएगा, और इसे संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ, पंजीकृत कार्यालय में, अन्तरक कंपनी की वेबसाइट https://www.utkarshcoreinvest.com पर और ई-वोटिंग एजेंसी, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर प्रदर्शित किया जाएगा।

ङ) किसी भी प्रश्न के मामले में, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders देख सकते हैं या कॉल कर सकते हैं : 022 -4886 7000 पर या श्री कौशल कुमार को evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेज सकते हैं।

एनसीएलटी, इलाहाबाद पीठ के आदेश से
हस्ता./-
नीरज कुमार तिवारी
अधिकृत प्रतिनिधि
उत्कर्ष कोरइन्वेस्ट लिमिटेड

तिथि : 11.03.2026
स्थान : वाराणसी

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान से युद्ध जल्द समाप्त होने की संभावना जताई, कहा

तेल आपूर्ति बाधित हुई तो और कठोर हमले करेंगे

दुबई, 10 मार्च (एपी)।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि ईरान के खिलाफ युद्ध अल्पकालिक हो सकता है, लेकिन उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर इस्लामी गणराज्य वैश्विक तेल आपूर्ति को बाधित करता है तो लड़ाई और तेज हो सकती है।

ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के बाद उनके पुत्र अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई को उनका उत्तराधिकारी चुना गया। इसके एक दिन बाद ही तेल की कीमतें कुछ समय के लिए 2022 के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

निवेशकों का मानना है कि यह इस बात का संकेत है कि अमेरिका और इजराइल द्वारा शुरू किए गए युद्ध के 10 दिन बाद ईरान अपनी स्थिति और मजबूत कर रहा है।हालांकि बाद में कीमतों में थोड़ी नरमी आई, जिसके बाद अमेरिकी शेयर बाजार में तेजी आई और यह उम्मीद जगी कि संभवतः ईरान के साथ युद्ध ज्यादा समय तक नहीं चलेगा। ट्रंप ने मियामी के पास अपने गोल्फ क्लब में रिपब्लिकन सांसदों से कहा, 'हम कुछ शैतानी ताकतों को खत्म करने के इरादे से कुछ समय के लिए पश्चिम एशिया में थे और मुझे उम्मीद है कि यह सब जल्द खत्म हो जाएगा।' कुछ घंटे बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कियाः 'अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल के प्रवाह को रोकने वाला कोई भी कदम उठाता है तो अमेरिका उस पर अब तक की तुलना में बीस गुना अधिक जोरदार हमले करेगा।'

ट्रंप ने पुतिन से फोन पर युद्ध के मुद्दों पर चर्चा की

ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी फोन पर बात की और युद्ध तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की। पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा कि खाड़ी देशों के नेताओं और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के साथ बातचीत के बाद पुतिन ने संघर्ष के त्वरित राजनीतिक और राजनयिक समाधान के संबंध में कुछ विचार व्यक्त किए। इस बीच ईरान की राजधानी तेहरान में कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई, जिसे राजधानी पर सबसे भीषण हवाई हमला माना जा रहा है।

जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री अराघची से फोन पर बात की

नई दिल्ली, 10 मार्च (भाषा)। पश्चिम एशिया संकट, विशेष रूप से ऊर्जा आपूर्ति पर बढ़ते असर को लेकर चिंताओं के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत की। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर संयुक्त सैन्य हमले शुरू करने के बाद से जयशंकर ने तीसरी बार अराघची से बात की। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा, 'आज शाम ईरान के विदेश मंत्री अराघची के साथ संघर्ष से संबंधित नवीनतम घटनाक्रम पर विस्तृत बातचीत हुई। हम संपर्क में रहने पर सहमत हुए।

कहीं आपका ही सफाया न हो जाए: ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने ट्रंप को दी धमकी

दुबई, 10 मार्च (एपी)।

ईरान के एक शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनके सफाए की धमकी दी है। अली लारिजानी ने मंगलवार को एक्स पर यह पोस्ट तब की जब ट्रंप ने ईरान को धमकी दी कि अगर तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल का प्रवाह रोका तो वह ईरान पर 'बीस गुना अधिक' भीषण हमला करेंगे।

लारिजानी ने लिखा, 'ईरान जैसा बलिदानी राष्ट्र तुम्हारी खोखली धमकियों से नहीं डरता। तुमसे बड़े भी ईरान को खत्म नहीं कर सके। सावधान रहें, कहीं खुद आपका सफाया न हो जाए।' गौरतलब हो कि अतीत में ईरान पर ट्रंप की हत्या की साजिश रचने का आरोप लग चुका है। ईरान ने इजराइल, खाड़ी देशों पर नए हमले किए

ईरान ने इजराइल और खाड़ी देशों पर नए हमले किए

ईरान ने मंगलवार को दबाव बनाने की नीति के तहत इजराइल और खाड़ी देशों पर नये हमले किए। इस युद्ध ने वैश्विक बाजारों को हिलाकर रख दिया है। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में मिसाइलों की चेतावनी वाले सायरन बजने लगे, जबकि बहरीन में अधिकारियों ने कहा कि ईरान ने राजधानी में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया, जिसमें 29-वर्षीय एक महिला मारी गई, जबकि आठ घायल हो गए। सऊदी अरब ने कहा कि उसने अपने तेल-समृद्ध पूर्वी क्षेत्र में दो ड्रोन नष्ट किए। कुवैत के नेशनल गार्ड ने कहा कि उसने छह ड्रोन मार गिराए हैं।

ममता का धरना समाप्त, अपीलीय प्राधिकरण के कदम का स्वागत किया

कोलकाता, 10 मार्च (भाषा)।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को 'दोषपूर्ण पुनरीक्षण प्रक्रिया' के खिलाफ अपना धरना पांचवें दिन समाप्त कर दिया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा मतदाता सूची संशोधन के संबंध में अपीलीय न्यायाधिकरण गठित करने के आदेश के बाद विरोध-प्रदर्शन को अस्थायी रूप से स्थगित किया जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपीलीय प्राधिकरण के गठन के कदम का स्वागत करते हुए बनर्जी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा बंद किया गया दरवाजा अब खुल गया है, जिससे उन लोगों के लिए आशा की एक नई किरण जगी है जिनके नाम पुनरीक्षण के तहत 'तार्किक विसंगति' के कारण हटा दिए गए थे या विचाराधीन थे।

कतर से 1,000 भारतीय नागरिकों को निकाला गया

दोहा, 10 मार्च (भाषा)।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कतर में फंसे लगभग 1,000 भारतीय नागरिकों को मंगलवार को नई दिल्ली, मुंबई और कोच्चि लाया गया। भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी।

दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने फंसे हुए भारतीय नागरिकों और आपातकालीन मामलों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए कतर एयरवेज के साथ समन्वय किया। दूतावास की तरफ से एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी गई। दूतावास ने कहा, 10 मार्च को कतर एअरवेज की उड़ानों से लगभग 1,000 भारतीय यात्री नई दिल्ली, मुंबई और कोच्चि गए। दूतावास ने मानवीय आधार पर मामलों को प्राथमिकता देने के लिए एअरलाइन को धन्यवाद दिया।

इसमें यह भी बताया गया कि कतर एअरवेज की एक उड़ान बुधवार को नई दिल्ली के लिए निर्धारित है। दूतावास ने कहा कि वह 96 घंटे की वैधता वाले अस्थायी पारगमन वीजा पर सलवा सीमा के रास्ते सऊदी अरब जाने वाले भारतीय नागरिकों की यात्रा को सुगम बनाना जारी रखे हुए है। दूतावास ने बताया, कतर में फंसी भारतीय बास्केटबाल टीम सऊदी अरब से उड़ान भरकर भारत पहुंच गयी है।

दोहा स्थित भारतीय दूतावास की तरफ से एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी गई। *दूतावास* ने मानवीय आधार पर मामलों को प्राथमिकता देने के लिए एअरलाइन को धन्यवाद दिया।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा

पात्र मतदाता का नाम नहीं हटेगा, शांतिपूर्ण होंगे बंगाल चुनाव

कोलकाता, 10 मार्च (भाषा)।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा और उसकी प्राथमिकता राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करना है। तनावपूर्ण राजनीतिक माहौल के बीच आयोग ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को तेज कर दिया है। राज्य में चुनाव तैयारियों पर दो दिन तक राजनीतिक दलों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कई बैठकें करने के बाद कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन में कुमार ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता का हमेशा से 'शांतिपूर्ण और भागीदारी वाले लोकतंत्र' में विश्वास रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य बंगाल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव तथा शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करना है।

सीईसी ने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम नहीं हटाया जाएगा। मतदाताओं की सूची को लेकर जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) पर कुमार ने कहा कि यह प्रक्रिया संवैधानिक मानदंडों के अनुसार पूरे देश में चलाई जा रही है। एसआइआर राजनीतिक रूप से संवेदनशील प्रक्रिया है और इसके कारण तृणमूल कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी आमने-सामने हैं। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में एसआइआर का संचालन संवैधानिक मानदंडों के अनुसार किया जा रहा है।

कुमार ने कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जो लोग मतदान करने के पात्र हैं, उनके नाम मतदाता सूची में शामिल हों, जबकि अपात्र लोगों के नाम सूची में नहीं रहें। सीईसी ने इस दावे का खंडन किया कि तार्किक विसंगतियां केवल बंगाल के लिए ही सामने लाई गई हैं। पश्चिम बंगाल की तरह ही सभी 12 राज्यों में इस तरह की विसंगतियां उजागर हुई हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान सामने आए आंकड़ों के पैटर्न को समझाते हुए कुमार ने कहा कि जनगणना प्रपत्र जमा करने के बाद लगभग चार-पांच फीसद मतदाता 2002 की मतदाता सूची से अपना मिलान नहीं कर पाए। बताया कि इन्हें अमान्य मतदाता की श्रेणी में रखा गया। कुमार ने कहा कि जानबूझकर या अनजाने में हुई गलतियों के कारण सात-आठ फीसद मतदाताओं ने अपना मिलान गलत तरीके से किया था।

ज्ञानेश कुमार ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता का हमेशा से 'शांतिपूर्ण और भागीदारी वाले लोकतंत्र' में विश्वास रहा है।

मंदिर में पहुंचे मुख्य निर्वाचन आयुक्त को दिखाए काले झंडे

दक्षिणेश्वर काली मंदिर में मंगलवार को पूजा-अर्चना करने पहुंचे मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लोगों के एक समूह ने वापस जाओ के नारे लगाए और काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले, कुमार के रविवार रात कोलकाता पहुंचने पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर भी इसी तरह का विरोध प्रदर्शन किया गया था। इसके बाद सोमवार सुबह जब वह कालीघाट मंदिर गए, तब भी उन्हें इसी तरह के विरोध का सामना करना पड़ा। लोगों ने उन्हें काले झंडे दिखाए और वापस जाओ के नारे लगाए।

विभीषिका

लेबनान के बेरूत के दक्षिणी उपनगर दाहिये में मंगलवार को इजरायली हवाई हमले में क्षतिग्रस्त हुई अल-क़रद अल-हसन की इमारत के सामने एक व्यक्ति प्रतिक्रिया व्यक्त करता हुआ।

नौसेनाकर्मी को जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया

लखनऊ, 10 मार्च (भाषा)।

उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने पाकिस्तान की खुफिया एजंसी आइएसआइ के लिए जासूसी करने के आरोप में नौसेना के एक लांस नायक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। एटीएस ने बताया कि खुफिया जानकारी मिली थी कि एक व्यक्ति आइएसआइ एजेंट के संपर्क में था और संवेदनशील जानकारी उसे दे रहा था।

बयान के अनुसार, इलेक्ट्रानिक और निगरानी के आधार पर की गई जांच में संदिग्ध की पहचान आगरा निवासी आदर्श कुमार उर्फ लकी (24) के रूप में हुई, जो केरल के कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान में लांस नायक के पद पर तैनात था। एटीएस के अनुसार, जांच में पता चला कि आरोपी ने आइएसआइ एजेंट से संपर्क स्थापित किया और अपने बैंक खाते से एजेंट को रुपए भेजे थे। एटीएस ने बताया कि आरोपी ने युद्धपोतों सहित रणनीतिक रूप से संवेदनशील नौसैनिक संपत्तियों की तस्वीरें साझा कीं। जांच एजेंसी के मुताबिक, मामले की पुष्टि होने के बाद आदर्श कुमार को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों और पाकिस्तानी खुफिया नेटवर्क से आपराधिक संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया।

नौसेना के एक लांस नायक पर लगा आरोप, भारत से संबंधित संवेदनशील जानकारी दी।

चीन की 15वीं पंचवर्षीय योजना

सीमावर्ती क्षेत्रों में राजमार्गों को मजबूत करेगा

बेजिंग, 10 मार्च (भाषा)।

चीन ने इस वर्ष से शुरू होने वाली 15वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान अपनी दूरस्थ सीमाओं को मजबूत करने के लिए भारत से लगे संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में अगले पांच वर्षों में अपने रणनीतिक परिवहन नेटवर्क को और मजबूत करने की योजना बनाई है।

हांगकांग आधारित साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट ने 15वीं पंचवर्षीय योजना की मसविदा रपट का हवाला देते हुए बताया कि एक परियोजना में शिनजियांग, उइगुर स्वायत्त क्षेत्र में बीहड़ तियानशान पहाड़ों के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों को जोड़ने वाले 394 किलोमीटर लंबे राजमार्ग का निर्माण शामिल है।

इस योजना को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (चीन की संसद) की मंजूरी के लिए रखा गया है, जिसका सत्र वर्तमान में यहां जारी है। यह मार्ग विवादित अक्साई चिन क्षेत्र से होकर गुजरने वाली एक रणनीतिक सड़क के समानांतर होगा, जिसका निर्माण 1962 के चीन-भारत सीमा युद्ध के बाद सैन्य आवागमन में सुधार के लिए किया गया था। मध्य शिनजियांग में दुशांजी-कुका राजमार्ग का निर्माण सितंबर में शुरू हुआ और इसके 2032 तक पूरा होने की उम्मीद है।

पाकिस्तान व चीन ने पश्चिम एशिया में तनाव कम करने का आह्वान किया

इस्लामाबाद, 10 मार्च (भाषा)। पाकिस्तान और चीन ने मंगलवार को पश्चिम एशिया में तनाव कम करने का आह्वान किया और मतभेदों को दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के अनुसार संवाद और कूटनीति का सहारा लेने की आवश्यकता पर जोर दिया। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर संयुक्त हमला किया, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई और कई शीर्ष कमांडर मारे गए। विदेश कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, विदेश मंत्री इसहाक डार ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ टेलीफोन पर बात की और वैश्विक घटनाक्रम पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य खतरों की चेतावनी दी

घातक

ईरानी नागरिकों ने सिरदर्द, सांस लेने में कठिनाई की शिकायत की

अमेरिकी हवाई हमलों के बाद ईरान में काली और अम्लीय बारिश

मेलबर्न, 10 मार्च (भाषा)।

अमेरिकी और इजराइली हवाई हमलों के बाद ईरान के कुछ हिस्सों में काले रंग की बारिश होने की खबरें आई हैं। मीडिया की कुछ खबरों में इसे 'अम्लीय बारिश' कहा गया है। ईरानी नागरिकों ने सिरदर्द, सांस लेने में कठिनाई होने और इमारतों एवं वाहनों पर तेल मिश्रित पानी गिरने की शिकायतें की हैं। ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने चेतावनी दी है कि इस बारिश में मौजूद रासायनिक यौगिक अत्यंत खतरनाक और अम्लीय हो सकते हैं।

एक वायुमंडलीय रसायन विशेषज्ञ और रासायनिक इंजीनियर के अनुसार, यह बारिश केवल अम्लीय नहीं है। इसमें सल्फ्यूरिक और नाइट्रिक अम्ल तो होंगे ही, साथ ही अन्य कई हानिकारक रसायन भी मिल सकते हैं। ये प्रदूषक मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए तत्काल और दीर्घकालिक रूप से खतरनाक हैं। तेल डिपो पर हमलों से उठे धुएं में हाइड्रोकार्बन, अल्ट्राफाइन कण (पीएम 2.5), पालीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएचएस) और भारी धातुएं शामिल हो सकती हैं। इन प्रदूषकों के बारिश में मिलने से यह और भी हानिकारक हो जाती है।

धुएं में सल्फ़र डाइआक्साइड और नाइट्रोजन डाइआक्साइड भी होते हैं, जो वायुमंडल में सल्फ़्यूरिक और नाइट्रिक अम्ल बनाने के लिए जिम्मेदार हैं। यही अम्ल पानी की बूंदों में घुलकर परंपरागत 'अम्लीय बारिश' बनाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह बारिश सामान्य अम्लीय बारिश से कहीं अधिक खतरनाक है, क्योंकि इसमें कई विषाक्त और कैंसरकारी तत्व शामिल हैं। स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव गंभीर हो सकते हैं।

तुरंत प्रभाव में लोग सिरदर्द, सांस लेने में कठिनाई और अस्थमा जैसी परेशानियों का सामना कर सकते हैं। विशेषकर वृद्ध, बच्चे, गर्भवती महिलाएं और असमर्थ लोग अधिक जोखिम में हैं। लंबे समय में, अल्ट्राफाइन कण रक्त प्रवाह में प्रवेश कर कैंसर, हृदय रोग और मानसिक विकार जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। प्रदूषक जब जल स्रोतों में पहुंचते हैं, तो यह पानी और जलजीवों के लिए भी खतरनाक हो सकते हैं। काली बारिश से रासायनिक यौगिक इमारतों, सड़कों और अन्य सतहों पर जमा हो जाते हैं और जब हवा में उठते हैं तो फिर से सांस के माध्यम से शरीर में प्रवेश कर सकते हैं।

स्थानीय लोगों के लिए सुरक्षा उपाय भी बताए गए हैं। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि प्रभावित लोग मास्क पहनें, घर में रहें, दरवाजे और खिड़कियां बंद रखें और बाहर की हवा को भीतर न आने दें। सतहों को नियमित रूप से साफ़ करना भी जरूरी है। हालांकि युद्ध की स्थिति में इन उपायों को लागू करना कठिन है।

वायुमंडलीय रसायन विशेषज्ञ और रासायनिक इंजीनियर के अनुसार, यह बारिश केवल अम्लीय नहीं है। इसमें सल्फ़्यूरिक और नाइट्रिक अम्ल तो होंगे ही, साथ ही अन्य कई हानिकारक रसायन भी मिल सकते हैं। ये प्रदूषक मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए तत्काल और दीर्घकालिक रूप से खतरनाक हैं। तेल डिपो पर हमलों से उठे धुएं में हाइड्रोकार्बन, अल्ट्राफाइन कण शामिल हैं।

खबर कोना

मध्य पूर्व में जारी भीषण संघर्ष के बीच मिस्र में ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद मंगलवार को काहिरा में पेट्रोल पंप के मीटर पर पर बढ़े हुए मूल्य को देखता मोटरसाइकिल सवार।

वैश्विक चुनौतियों से निपटने में राष्ट्रमंडल की भूमिका काफी अहम होगी

लंदन, 10 मार्च (भाषा)।

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि दुनिया में जारी संघर्षों से जो वैश्विक चुनौतियां सामने आ रही हैं, उन्हें लोकतांत्रिक देशों के सबसे बड़े समूह राष्ट्रमंडल के माध्यम से दूर किया जा सकता है। राष्ट्रमंडल के विदेश मंत्रियों की बैठक के 26वें संस्करण में भाग लेने के लिए ब्रिटेन पहुंचे सिंह ने लंदन के सेंट जेम्स पैलेस में आयोजित समारोह में शिरकत की। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का भी जिम्मा संभाल रहे मंत्री ने मेजबान महाराजा चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के दौरान जलवायु से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास की किम जोंग की बहन ने की आलोचना

सियोल, 10 मार्च (एपी)।

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास जारी रखने की आलोचना करते हुए कहा है कि यह कदम वैश्विक सुरक्षा के लिए संवेदनशील समय में उठाया गया है और उत्तर कोरिया की सुरक्षा को किसी भी तरह की चुनौती 'भयानक परिणाम' ला सकती है। किम यो जोंग का यह बयान मंगलवार को उस समय आया जब सहयोगी देशों ने एक दिन पहले हजारों सैनिकों की भागीदारी वाले 11 दिन के फ्रीडम शील्ड सैन्य अभ्यास की शुरुआत की थी। इसी दौरान अमेरिका इजराइल के साथ पश्चिम एशिया में ईरान के साथ युद्ध भी कर रहा है।

विश्व व्यवस्था के पुनर्निर्माण में भारत की भूमिका काफी महत्वपूर्ण

जोहानिसबर्ग, 10 मार्च (भाषा)।

दक्षिण अफ्रीका के व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय के उप मंत्री जुको गोडलिम्पी ने प्रिटोरिया में उद्योग जगत के दिग्गजों, शिक्षाविदों और नीति-निर्माताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की विश्व व्यवस्था के पुनर्निर्माण में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है जो अब पतन के कगार पर है। गोडलिम्पी ने भारतीय उच्चायोग और सीआइआइ-इंडिया बिजनेस फोरम द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दूसरे वार्षिक भारत-दक्षिण अफ्रीका व्यापार सम्मेलन को संबोधित किया। मंत्री ने कहा कि स्वतंत्र भारत का जन्म उस वैश्विक व्यापार प्रणाली के ढांचे के बीच हुआ, जिसे पश्चिमी देशों ने तैयार किया था।

जम्मू-कश्मीर : तीन लोग राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में बर्खास्त किए गए

श्रीनगर, 10 मार्च (भाषा)।

जम्मू - कश्मीर सरकार ने जल शक्ति विभाग के तीन कर्मचारियों को कथित रूप से राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने को लेकर बर्खास्त कर दिया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बर्खास्त किए गए तीन में से दो कर्मचारी किश्तवाड़ जिले के रहने वाले हैं जबकि एक दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले का निवासी है। इनकी पहचान किश्तवाड़ के भगवान मोहल्ला हुलर निवासी लियाकत अली भगवान और किश्तवाड़ के हुंजाला निवासी कौसर हुसैन भगवान और अनंतनाग के इकबाल मोहल्ला बिजबेहारा निवासी शौकत अहमद जरगर के रूप में हुई है।

वर्धाना फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

varthana

पंजीकृत कार्यालयः नंबर 5 बीसी–110, वरसिद्धि तीसरी मंजिल, आउटर रिंग रोड, सर्विस रोड, तीसरा ब्लॉक, एचआरबीआर लेआउट, कल्याण नगर, बैंगलोर–560043
वेबसाइट: www.varthana.com, ईमेल: care@varthana.com, फोन: 080–68456777

शाखा कार्यालयः अजंता, प्लॉट नंबर 14/73, तीसरी मंजिल शिप्रा पथ मानसरोवर जयपुर – 302020

अचल संपत्ति की बिक्री हेतु नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

भारतीय स्कूल वित्त कंपनी (जिसे आगे "आईएसएफसी" के रूप में संदर्भित किया जाएगा) ने 29–02–2024 के असाइनमेंट डीड के अनुसार वित्तीय परिसंपत्तियों को मैसर्स वर्धाना फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर (जिसे पहले थिरुमेनी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के रूप में जाना जाता था) (जिसे आगे "वीएफपीएल" के रूप में संदर्भित किया जाएगा) को सौंप दिया है। वीएफपीएल ने आईएसएफसी के स्थान पर कदम रखा है और वित्तीय परिसंपत्तियों के संबंध में आईएसएफसी के सभी अधिकार, शीर्षक और हित, साथ ही अंतर्निहित सुरक्षा हित, गारंटी, प्रतिज्ञाएं उधारकर्ता(ओं) द्वारा प्राप्त वित्तीय सहायता के संबंध में वीएफपीएल में निहित हैं और वीएफपीएल सुरक्षित ऋणदाता के रूप में अपने सभी अधिकारों का प्रयोग करेगा।

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए नीलामी बिक्री नोटिस

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और बंधककर्ता(ओं) को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित ऋणदाता को गिरवी/प्रभारित की गई है, जिसका कब्जा मैसर्स वर्धना फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर (जिसे पहले थिरुमेनी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, नीचे उल्लिखित ऋण खाते की वसूली के लिए 30.03.2026 (सोमवार) को दोपहर 1 बजे, "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" आधार पर बेचा जाएगा।

उधारकर्ता(ओं) / बंधककर्ता(ओं) की सुरक्षित संपत्ति / बकाया / आरक्षित मूल्य / नीलामी तिथि और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है:

उधारकर्ताओं / बंधककर्ताओं का नाम: 1. मैसर्स जयअम्बे सैकण्डरी–स्कूल, इसके अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रतिनिधित्व, 2. मैसर्स जयअम्बे शिक्षा समिति, इसके सचिव द्वारा प्रतिनिधित्व, 3. स्वर्गीय कानूनी उत्तराधिकारी. गजनंद शर्मा, 4. श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी श्री गजनंद शर्मा
ऋण खाता संख्या 133101000027

कुल बकाया राशि का विवरण रुपए में : रु.37,37,539/– (रु. सैंतीस लाख सैंतीस हजार पांच सौ उनतालीस मात्र) 02–03–2026 तक साथ ही, पूर्ण राशि की प्राप्ति तक, आगे सहमत संविदात्मक ब्याज दर तथा कानूनी लागत / शुल्क भी शामिल होंगे।
अचल संपत्ति का विवरण: आवासीय परिवर्तित भूमि का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खसरा नं.151/3, ग्राम बनबरीपुर, तहसील हिंडौन, जिला करौली, माप 2432 वर्ग फीट परिबद्ध : पूर्व – सार्वजनिक सड़क, उत्तर: श्री रामेश्वर की संपत्ति, पश्चिम: श्री रामेश्वर की संपत्ति, दक्षिण: श्री केदारलाल की संपत्ति
उपरोक्त संपत्ति / संपत्तियों का आरक्षित मूल्य रु. 12,16,000 और जमा बयाना राशि (आरक्षित मूल्य का 10% ईएमडी) रु. 1,21,600/–
ज्ञात भार, यदि कोई हो: शून्य

इच्छुक बोलीदाताओं को अपना ईएमडी राशि और बोली राशि के साथ केवाईसी दस्तावेज (पैन कार्ड और आधार / मतदाता पहचान पत्र / ड्राइविंग लाइसेंस) और रुपये 1,000 का गैर–वापसी योग्य निविदा शुल्क डिमांड ड्राफ्ट / पे ऑर्डर के माध्यम से जमा करना होगा जो जयपुर में "मैसर्स वर्धाना फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड" के पक्ष में अनुसूचित बैंक पर 11 बजे से पहले या 30–03–2026 (सोमवार) से पहले देय हो

नीलामी यहां आयोजित की जाएगी : दिनांक 30–03–2026 (सोमवार) दोपहर 1.00 बजे, अजंता, प्लॉट नंबर 14/73, तीसरी मंजिल शिप्रा पथ मानसरोवर जयपुर–302020

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया कंपनी की वेबसाइट www.varthana.com पर दिए गए लिंक को देखें।
संभावित बोलीदाता अधिकृत अधिकारी श्री निखिल मिश्रा– फोन नंबर 7380625660, श्री धर्म राज मीना, फोन नंबर 9928147686 से संपर्क कर सकते हैं।

तारीख: 11–03–2026, स्थान: बैंगलुरु हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, वर्धाना फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

वर्धाना फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

varthana

पंजीकृत कार्यालयः नंबर 5 बीसी–110, वरसिद्धि तीसरी मंजिल, आउटर रिंग रोड, सर्विस रोड, तीसरा ब्लॉक, एचआरबीआर लेआउट, कल्याण नगर, बैंगलोर–560043
वेबसाइट: www.varthana.com, ईमेल: care@varthana.com, फोन: 080–68456777

शाखा कार्यालयः एस–15, दूसरी मंजिल, मंगलाम फन स्क्वायर, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर – 313001

अचल संपत्ति की बिक्री हेतु नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

भारतीय स्कूल वित्त कंपनी (जिसे आगे "आईएसएफसी" के रूप में संदर्भित किया जाएगा) ने 29–02–2024 के असाइनमेंट डीड के अनुसार वित्तीय परिसंपत्तियों को मैसर्स वर्धाना फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर (जिसे पहले थिरुमेनी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के रूप में जाना जाता था) (जिसे आगे "वीएफपीएल" के रूप में संदर्भित किया जाएगा) को सौंप दिया है। वीएफपीएल ने आईएसएफसी के स्थान पर कदम रखा है और वित्तीय परिसंपत्तियों के संबंध में आईएसएफसी के सभी अधिकार, शीर्षक और हित, साथ ही अंतर्निहित सुरक्षा हित, गारंटी, प्रतिज्ञाएं उधारकर्ता(ओं) द्वारा प्राप्त वित्तीय सहायता के संबंध में वीएफपीएल में निहित हैं और वीएफपीएल सुरक्षित ऋणदाता के रूप में अपने सभी अधिकारों का प्रयोग करेगा।

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए नीलामी बिक्री नोटिस

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और बंधककर्ता(ओं) को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित ऋणदाता को गिरवी/प्रभारित की गई है, जिसका कब्जा मैसर्स वर्धना फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर (जिसे पहले थिरुमेनी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, नीचे उल्लिखित ऋण खाते की वसूली के लिए 13.04.2026 (सोमवार) को दोपहर 1 बजे, "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" आधार पर बेचा जाएगा।

उधारकर्ता(ओं) / बंधककर्ता(ओं) की सुरक्षित संपत्ति / बकाया / आरक्षित मूल्य / नीलामी तिथि और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है:

उधारकर्ताओं / बंधककर्ताओं का नाम: 1. मैसर्स शुभशील सेवा संस्थान, इसके अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया, और: मयूर पब्लिक स्कूल, जिसका प्रतिनिधित्व इसके अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा 2. श्री मुकेश कुमार वैष्णव, पुत्र श्री गोवर्धन दास वैष्णव, 3. श्री संतोष वैष्णव पुत्र श्री गोविंद दास वैष्णव
ऋण खाता संख्या 157101000006.

कुल बकाया राशि का विवरण रुपए में : रु. 44,40,570/– (रु. चौवालीस लाख चालीस हजार पाँच सौ सत्तर मात्र) 09–03–2026 तक साथ ही, पूर्ण राशि की प्राप्ति तक, आगे सहमत संविदात्मक ब्याज दर तथा कानूनी लागत / शुल्क भी शामिल होंगे।
अचल संपत्ति का विवरण: आवासीय प्रयोजन के लिए परिवर्तित भूमि का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नंबर 08, खसरा नंबर 3755/2226, 3756/2226, ग्राम रेलमार्ग, ग्राम पंचायत रेलमार्ग, तहसील, रेलमार्ग, जिला राजसमंद (राज.) माप 1655.00 वर्ग फीट, सीमाएँ: उत्तर: प्लॉट नं.9, दक्षिण: कॉमन वे 30 फीट चौड़ा, पूर्व: प्लॉट नं. 07, पश्चिम: कॉमन वे 30 फीट चौड़ा
उपरोक्त संपत्ति / संपत्तियों का आरक्षित मूल्य रु. 5,13,050/- और जमा बयाना राशि (आरक्षित मूल्य का 10% ईएमडी) रु. 5,13,050/-
ज्ञात भार, यदि कोई हो: शून्य

इच्छुक बोलीदाताओं को अपना ईएमडी राशि और बोली राशि के साथ केवाईसी दस्तावेज (पैन कार्ड और आधार / मतदाता पहचान पत्र / ड्राइविंग लाइसेंस) और रुपये 1,000 का गैर–वापसी योग्य निविदा शुल्क डिमांड ड्राफ्ट / पे ऑर्डर के माध्यम से जमा करना होगा जो जयपुर में "मैसर्स वर्धाना फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड" के पक्ष में अनुसूचित बैंक पर 13–04–2026 (सोमवार) को 11 बजे से पूर्व देय हो

नीलामी यहां आयोजित की जाएगी : दिनांक 13–04–2026 (सोमवार) दोपहर 1.00 बजे, एस–15, दूसरी मंजिल, मंगलाम फन स्क्वायर, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर – 313001

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया कंपनी की वेबसाइट www.varthana.com पर दिए गए लिंक को देखें।
संभावित बोलीदाता अधिकृत अधिकारी श्री निखिल मिश्रा– फोन नंबर 7380625660, श्री धर्म राज मीना, फोन नंबर 9928147686 से संपर्क कर सकते हैं।

तारीख: 11–03–2026, स्थान: बैंगलुरु हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, वर्धाना फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 09, कांमुनिटी सेंटर , बसंत लोक, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057।
शाखा कार्यालयः कार्यालय संख्या ए–6, तीसरी मंजिल, सेक्टर–4, नोएडा–201301।

सार्वजनिक सूचना (ई–नीलामी) अचल संपत्ति की बिक्री के लिए [सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत]

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) के पास गिरवी रखी अचल संपत्ति की बिक्री के लिए सूचना।

आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) या उनके कानूनी वारिसों / प्रतिनिधियों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी / बंधक हैं और जिनका कब्जा हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, 16 अप्रैल 2026 (ई–नीलामी तिथि) को "जैसा है जहां है", "जैसा है वैसा ही" और "जो कुछ भी उपलब्ध है" के आधार पर नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं, सह–उधारकर्ताओं या गारंटरों से बकाया राशि की वसूली के लिए बेची जाएंगी। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि नीचे दी गई है। सार्वजनिक ई–नीलामी में भाग लेने के लिए बयाना राशि डिमांड ड्राफ्ट / आरटीजीएस / एनईएफटी के माध्यम से बोली प्रपत्र के साथ जमा की जानी चाहिए, जिसे 15 अप्रैल 2026 को शाम 5 बजे तक या उससे पहले हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी को शाखा कार्यालयः ए–6, तीसरी मंजिल, सेक्टर–4, नोएडा – 201301 में जमा करना होगा। .

ऋण खाता संख्या	उधारकर्ता(ओं) / सह–उधारकर्ता / (आं) / गारंटर (आरे) / / कानूनी उत्तराधिकारी(ओं) / / कानूनी प्रतिनिधि का नाम।	मांग सूचना की तिथि / आज की तिथि तक की राशि	कंस्ट्रक्टिव भौतिक के तहत कब्जे का प्रकार	आरक्षित राशि	बयाना राशि
HHFDEL-HOU 19000005092	रिम्पा कर्माकर, सुजय पारुई	21/08/2025, रु. 22,65,167/– 26/02/2026 तक	भौतिक	रु. 19,50,000/–	रु. 1,95,000/–

संपत्ति का विवरण: "फ्रीहोल्ड निर्मित संपत्ति (संख्या ई–67) का संपूर्ण तीसरा तल, छत के अधिकारों सहित, जिसका क्षेत्रफल 60 वर्ग गज है, खसरा संख्या 159 में स्थित है, जो मटियाला कॉलोनी, मानसे राम पार्क ब्लॉक ई, उत्तम नगर, नई दिल्ली–110059 के क्षेत्र में है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः संपत्ति का भाग, पश्चिमः प्लॉट संख्या 68, उत्तरः 20 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिणः प्लॉट का भाग।"

नियम एवं शर्तें:

ई–नीलामी पोर्टल https://bankeauctions.com के माध्यम से 16 अप्रैल 2026 (ई–नीलामी तिथि) को सुबह 11:00 बजे के बाद से आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक नीलामी के लिए 10 मिनट का सीमित विस्तार दिया जाएगा। इच्छुक खरीदार / बोलीदाताओं को आरआईजीएस / एनईएफटी या डिमांड ड्राफ्ट / आरटीजीएस / एनईएफटी के माध्यम से फ्हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड" के पक्ष में ईएमडी राशि जमा करनी होगी। ई–नीलामी समाप्त होने के बाद असफल बोलीदाताओं को ईएमडी राशि वापस कर दी जाएगी।

ई–नीलामी के नियम एवं शर्तें:

(1) ई–नीलामी "जैसा है जहाँ है" और "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" और पबिना किसी सहारा के" आधार पर आयोजित की जा रही है और इसका संचालन "ऑनलाइन" किया जाएगा। (2) 25 लाख तक के आरक्षित मूल्य के लिए बोली वृद्धि राशि 15,000 रुपये (पंद्रह हजार रुपये मात्र), 25 लाख से अधिक और 50 लाख तक के आरक्षित मूल्य के लिए 25,000 रुपये (पच्चीस हजार रुपये मात्र), 50 लाख से अधिक और 1 करोड़ तक के आरक्षित मूल्य के लिए 50,000 रुपये (पचास हजार रुपये मात्र) और 1 करोड़ से अधिक के आरक्षित मूल्य के लिए 1,00,000 रुपये (एक लाख रुपये मात्र) होगी। (3) ई–नीलामी का संचालन मेसर्स के माध्यम से किया जाएगा। सी–1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, श्री धरानी कृष्णा के माध्यम से – 9948182222 (हेल्पलाइन नंबरः सपोर्ट लैंडलाइन नंबर 91 124 43020201 20211 20221 20231 2024, सपोर्ट मोबाइल नंबरः +917291981124 / 25 126 और ईमेल support@bankeauctions.com @andhra@clindia.com पर) उनके वेब पोर्टल https://bankeauctions.com पर। (4) संपत्ति पर ऐसा कोई भार नहीं है जिसकी जानकारी सुरक्षित लेनदारों को हो। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले, संपत्ति पर भार, नीलामी के लिए रखी गई संपत्ति के स्वामित्व और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों / अधिकारों / देयताओं के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच कर लेनी चाहिए। इस संबंध में, ई–नीलामी विज्ञापन हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की ओर से कोई प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व नहीं है और न ही इसे ऐसा माना जाएगा। (5) अधिकृत अधिकारी / सुरक्षित लेनदार किसी भी तृतीय–पक्ष के दावों / अधिकारों / देयताओं के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे। बिक्री वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत निर्धारित नियमों / शर्तों के अधीन होगी। ई–नीलामी के अन्य नियम और शर्तें निम्नलिखित वेबसाइट www.herohousingfinance.com पर प्रकाशित हैं: (6) संपत्ति के विवरण और निरीक्षण के लिए श्री इरशाद अली @ershad.ali@herohfl.com /8802270415 और शेखर सिंह / 9711522275 / shekhar.singh@herohfl.com से संपर्क करें। (7) इच्छुक बोलीदाता पूर्व नियुक्ति के साथ 10 अप्रैल 2026 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे के बीच संपत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता को 30 दिन का बिक्री नोटिस

उपरोक्त उधारकर्ता / गिरवीदार / गारंटर को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि वे धारा 13(2) के अंतर्गत मांग नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान, दिनांकित ब्याज और व्यय सहित, नीलामी की तिथि से पहले करें, अन्यथा संपत्ति की नीलामी की जाएगी और यदि कोई बकाया राशि हो तो उसे ब्याज और लागत सहित आपसे वसूल किया जाएगा।

बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) की वेबसाइट www.herohousingfinance.com पर दिए गए लिंक https://uat.herohomefinance.in/hero_housing/other-notice को देखें।

दिनांकः 11 –03–2026,
स्थानः दिल्ली–एनसीआर

हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के लिए,
अधिकृत अधिकारी
श्री आयुष कुमार गुप्ता, मोबाइल नंबरः 7625048332,
ईमेलः ayush.gupta@herohfl.com

"IMPORTANT"

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक

आपकी उम्मीद का खाता
(एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)

राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण इलाहाबाद खंडपीठ, प्रयागराज के समक्ष
कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में
और
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 एवं अन्य प्रयोज्य प्रावधानों तथा उसके तहत निर्मित नियमों के मामले में
और
उत्कर्ष कोरइन्वेस्ट लिमिटेड ("अंतरक कंपनी" या "आवेदक कंपनी 1") के मामले में
और
उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ("अंतरिती कंपनी" या "आवेदक कंपनी 2") के मामले में
और
उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड और उनके संबंधित शेयरधारकों के साथ उत्कर्ष कोरइन्वेस्टलिमिटेड के समामेलन की योजना के मामले में
सीए (सीएए) संख्या 37/एएलडी/2025

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड
सीआईएनः L65992UP2016PLC082804
कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमित एक कंपनी,
पंजीकृत कार्यालयः उत्कर्ष टॉवर, एनएच -31 (एयरपोर्ट रोड), सेहमलपुर,
काजी सराय, हरहुआ, वाराणसी, पिन – 221105, उत्तर प्रदेश
इसका प्रतिनिधित्व इसके अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता – श्री मुथैया गणपति द्वारा
दूरभाष संख्याः +91– 542–6135000 ईमेलः shareholders@utkarsh.bank

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के इक्विटी शेयरधारकों की बैठक बुलाने के लिए नोटिस और नोटिस का विज्ञापन

1. एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, इलाहाबाद खंडपीठ, प्रयागराज ('एनसीएलटी'), ने 11 फरवरी, 2026 के एक आदेश ('एनसीएलटी आदेश') द्वारा कंपनी (समझौते, व्यवस्था और समामेलन) नियम, 2016 ('सीएए नियम') और कंपनी अधिनियम और सीएए नियमों के अन्य लागू प्रावधानों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 (कंपनी अधिनियम) की धारा 230 से 232 के अनुसार उत्कर्ष कोरइन्वेस्ट लिमिटेड ('अंतरक कंपनी') के साथ उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (अंतरिती कंपनी) और उनके संबंधित शेयरधारकों के बीच समामेलन की योजना (इसके पश्चात 'योजना' के रूप में संदर्भित) पर विचार करने, और यदि उपयुक्त समझा जाए तो अनुमोदन करने के लिए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ('कंपनी'/'बैंक'/'अंतरिती कंपनी') के इक्विटी शेयरधारकों की एक बैठक बुलाने का निर्देश दिया है।
2. एनसीएलटी आदेश के अनुसरण में और जैसा कि उसमें आगे निर्देशित किया गया है, एतद्द्वारा यह नोटिस दिया जाता है कि अंतरिती कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों की एक बैठक (इसके बाद 'बैठक' के रूप में संदर्भित) शनिवार, 28 मार्च, 2026 को दोपहर 12.30 बजे (भा.मा.स.) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी') के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जो समय–समय पर कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए परिपत्रों सहित लागू कानूनों के अनुपालन में होगी और उक्त बैठक में इक्विटी शेयरधारकों से भाग लेने का अनुरोध है।
3. अंतरिती कंपनी ने ईमेल के माध्यम से बैठक की सूचना दिनांक 24 फरवरी, 2026 और नियमों के नियम 6 के साथ पठित अधिनियम की धारा 230(3), 232(1) और (2) और 102 के तहत आवश्यक व्याख्यात्मक विवरण और नोटिस के सूचकांक में उल्लिखित दस्तावेज (सामूहिक रूप से 'नोटिस और अनुलग्नक' के रूप में संदर्भित) 24 फरवरी, 2026 को अंतरिती कंपनी के उन इक्विटी शेयरधारकों को जिनके नाम शुक्रवार, 20 फरवरी, 2026 तक सदस्यों के रजिस्टर/लाभभोगी स्वामियों की सूची में दर्ज हैं, और जिनके ई–मेल पते उक्त तिथि को अंतरिती कंपनी/संबंधित डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं, भेज दिया है। नोटिस की भौतिक प्रतियां उन इक्विटी शेयरधारकों को भेजी जा रही हैं जिन्होंने एनसीएलटी के आदेश में निर्दिष्ट मोड में अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं किया है। इस नोटिस और अनुलग्नकों की एक प्रति अंतरिती कंपनी की वेबसाइट www.utkarsh.bank.in/investors पर , बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) की वेबसाइटों और ई–वोटिंग एजेंसी की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी होस्ट की जाएगी।
4. इस बैठक की तिथि तक, नोटिस और/या अनुलग्नक की प्रतियां पंजीकृत कार्यालय में बैठक में भाग लेने के हकदार किसी भी व्यक्ति द्वारा इसके लिए की गई मांग पर 1 (एक) दिन के भीतर निः शुल्क प्राप्त की जा सकती हैं।
5. यह देखते हुए कि बैठक एनसीएलटी के आदेश के अनुसार वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से, और एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में कंपनी अधिनियम की धारा 105 के तहत इक्विटी शेयरधारकों की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता के बिना आयोजित की जा रही है, इक्विटी शेयरधारकों द्वारा प्रॉक्सी की नियुक्ति की सुविधा उक्त बैठक के लिए उपलब्ध नहीं होगी।
6. एनसीएलटी ने डॉ. संतोष कुमारी (ईमेल आईडीः sk.kumar7916@gmail.com) को उक्त बैठक के अध्यक्ष के रूप में और श्री अनंत प्रकाश (ईमेलः anantprakash.adv@gmail.com) को वैकल्पिक अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। एनसीएलटी ने बैठक के लिए श्री सुमित अग्रवाल (ईमेल आईडीः agrsumit@yahoo.co.in) को संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।
7. इक्विटी शेयरधारकों के पास अपने वोटः (ए) वीसी के माध्यम से आयोजित होने वाली बैठक में उपलब्ध ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से (बी) निम्नलिखित अवधि के दौरान रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग द्वारा वोट डालकर योजना के अनुमोदन के लिए संकल्प पर मतदान करने की सुविधा और विकल्प होगाः

रिमोट ई–वोटिंग अवधि

रिमोट ई–वोटिंग अवधि का प्रारंभ	बुधवार, 25 मार्च, 2026 को 09:00 बजे पूर्वा. भा.मा.स.
रिमोट ई–वोटिंग अवधि की समाप्ति	शुक्रवार, 27 मार्च, 2026 को 05:00 बजे अप. भा.मा.स.

7.	**ऋणी**- 1. मेसर्स सिटी कोक एंटरप्राइजेज प्रोपराइटर नजमुसहर पत्नी श्री मुरसलीन के माध्यम से, पता- एन. एच. प्लाजा, जी.टी. रोड, खुर्जा, बुलंशहर, 2. मुरसलीन पुत्र मोहम्मद इदरीस, पता- 115, खवंस ज्ञान जामुन स्ट्रीट, खुर्जा, बुलंशहर	**23,89,866.11** मांग सूचना दिनांक 31-05-2021 तक + ब्याज व अन्य खर्चे (घटार्थ यदि कोई वसूली हुई हो तो)	बेसमेंट शॉप नंबर एस-13, एनएच-प्लाजा, राय चांदी, कमर्शियल स्कीम नंबर 01, रोडवेज बस स्टैंड के पास, कस्बा खुर्जा, जिला बुलंदशहर, एरिया- 23.23 वर्ग मीटर/250 वर्ग फीट, संपत्ति मुरसलीन पुत्र मोहम्मद इदरीश के नाम, चौहद्दी: पूर्व- के. पी. सिंह की दुकान, पश्चिम: अन्य की दुकान, उत्तर: एनएच प्लाजा का हॉल, दक्षिण: गैलरी फिर जीटी रोड	भौतिक	**15,85,000/-** / **1,59,000/-**
8.	**ऋणी**- 1. मैसर्स भारत फर्नीचर, प्रोप.- नसीम सैफी, 2. नसीम सैफी C/o ज़ाकिर हुसैन, दोनों का पता- नई बस्ती, धमेड़ा अड्डा बुलन्दशहर	**37,96,984.78** मांग सूचना दि. 11-06-2024 तक + ब्याज व अन्य खर्चे (घटार्थ यदि कोई वसूली हुई हो तो)	दो मंजिला आवासीय मकान नगर पालिका संख्या 1749, स्थित नयागाँव, (धमेरा रोड, वार्ड संख्या 32), परगना बरन, तहसील एवं जिला बुलंदशहर, एरिया- 100.39 वर्ग मीटर, चौहद्दी: पूर्व: सलीम का मकान, पश्चिम: गुलज़ार अहमद का मकान, उत्तर: 12 फीट चौड़ा या 3.69 मीटर चौड़ा रास्ता, दक्षिण: सईदा का मकान	सांकेतिक	**35,00,000/-** / **3,50,000/-**
9.	**ऋणी**- मैसर्स श्री राम इंटरप्राइजेज, प्रोप.- श्रीमती नेहा सक्सेना पत्नी श्री मोहित सक्सेना, **गारंटर**- 1. श्री हेमन्त सक्सैना पुत्र महावीर प्रसाद, **सभी का पता**- निकट शिवम पब्लिक स्कूल, 107 बुर्ज उस्मान अहीरपाड़ा खुर्जा, बुलन्दशहर, 2. श्रीमती सरला देवी पत्नी श्री वीरेंद्र सक्सेना, पता- डाकर मोड़ सिकंदराबाद, अहीरपाड़ा खुर्जा, बुलंदशहर	**34,71,422.83** मांग सूचना दिनांक 02.12.2024 तक + ब्याज व अन्य खर्चे (घटार्थ यदि कोई वसूली हुई हो तो)	मकान संख्या 113, मोहल्ला बुर्ज उस्मानखां खुर्जा, सुभाष रोड, परगना एवं तहसील खुर्जा एवं जिला बुलंदशहर, श्रीमती सरला देवी पत्नी स्वगह्रय श्री वीरेंद्र कुमार सक्सेना के नाम पर, एरिया 30.71 वर्ग मीटर (36.71 वर्ग गज) कुल कवर्ड एरिया (GF+FF+SC) 92.13 वर्ग मीटर है। चौहद्दी: पूर्व- अन्य की संपत्ति, पश्चिम गली 05 फीट चौड़ी, उत्तर- हरिओम की संपत्ति, दक्षिण- राजेश का मकान	सांकेतिक	**8,30,000/-** / **83,000/-**
10.	**ऋणी**- 1. श्री हाजी तोहिद पुत्र हाजी यासीन, 2. श्री शादाब पुत्र श्री हाजी तौहीद, 3. श्री दिलशाद पुत्र श्री हाजी तोहिद, सभी का पता- मकान नंबर 685, दिल्ली गेट 1 हापुड	**33,20,442.96** मांग सूचना दिनांक 14.08.2023 तक + ब्याज व अन्य खर्चे (घटार्थ यदि कोई वसूली हुई हो तो)	मकान संख्या 685 पर निर्मित आवासीय भवन दिल्ली गेट, हापुड़ नगरपालिका नं. डब्ल्यू-34/175, पुरानी नगर पालिका नं. 11-7/686/105 एवं 84/11, स्थित मोहल्ला दिल्ली गेट, हापुड, एरिया- 125.96 वर्ग गज, अर्थात 105.36 वर्ग मीटर (45.64 वर्ग गज पर प्लॉट निर्मित), संपत्ति श्री हाजी तोहिद, पुत्र हाजी यासीन के नाम पर, चौहद्दी: पूर्व- गैलरी मुश्तरका 5' चौड़ी, भुजा 26', पश्चिम: मकान शाह यासीन, भुजा 27', उत्तर: गली 4' चौड़ी, मुश्तरका क्रेता एवं हाजी यामीन, भुजा 20'-6', दक्षिण: रास्ता 20' चौड़ा, भुजा 20'-3', गैलरी क्षेत्रफल 20.32 वर्ग गज सहित	सांकेतिक	**35,00,000/-** / **3,50,000/-**
11.	**ऋणी**- 1. मैसर्स श्री बालाजी इंजीनियरिंग वर्क्स, पता- फ्लाईओवर के पास पहासू रोड झमका बुलन्दशहर, प्रोप.- श्री अरुण चौधरी पुत्र श्री राजेश चौधरी, पता- नं. 1, झमका पहासू रोड, खुर्जा, बुलन्दशहर, 2. श्रीमती राजवती देवी पत्नी श्री राजेश कुमार, पता- झमका पहासू रोड, खुर्जा, बुलन्दशहर, 3. श्री. राज कुमार पुत्र श्री हरीश चन्द्रा, पता- बाघराय कलां, बाघराय खुर्जा, बुलन्दशहर	**21,29,053/-** मांग सूचना दिनांक 01-02-2025 तक + ब्याज व अन्य खर्चे (घटार्थ यदि कोई वसूली हुई हो तो)	एक नग व्यावसायिक भवन खेत/भूमि नं. 55, गांव झमका, परगना एवं तहसील खुर्जा, जिला बुलंदशहर, एरिया: 69.37 वर्ग मीटर, संपत्ति श्री अरुण चौधरी पुत्र राजेश कुमार उर्फ राजेश चौधरी के नाम पर, चौहद्दी: पूर्व- श्रीमती आदेश का प्लॉट, पश्चिम- प्लॉट प्रथम पक्ष एवं रास्ता 10 फीट चौड़ा, उत्तर- प्रथम पक्ष का प्लॉट, दक्षिण- प्लॉट दीगर	सांकेतिक	**10,48,000/-** / **1,05,000/-**
12.	**ऋणी**- एस पी कम्प्यूटर्स (प्रो.-सुधीर कुमार), पता- गिरीज संत निवास ललित राज एन्क्लेव मार्केट मोहल्ला ककराला सिटी स्टेशन खुर्जा बुलन्दशहर, प्रोपराइटर- सुधीर कुमार पुत्र जग पाल सिंह, पता-बुद्ध विहार कलिंगी डाकर मोड़ खुर्जा, बुलन्दशहर, **गारंटर**- प्रकाशी देवी पत्नी जग पाल सिंह, पता- मकान नं 83, डी नया गंज-2 खुर्जा, बुलन्दशहर, मनोज देवी पत्नी सुरेंद्र पाल सिंह, पता- 104, धुन्ना जाटान-2 खुर्जा, बुलन्दशहर	**54,58,083.87** मांग सूचना दिनांक 14-07-2025 तक + ब्याज व अन्य खर्चे (घटार्थ यदि कोई वसूली हुई हो तो)	एक मकान, खसरा नंबर 1575 एम का भाग, स्थित मोहल्ला बहार चुंगी, कस्बा खुर्जा, जिला बुलंदशहर, एरिया: 168.00 वर्गमीटर, संपत्ति प्रकाशी देवी पत्नी जग पाल सिंह एवं मनोज देवी पत्नी सुरेंद्र पाल सिंह के नाम, चौहद्दी: पूर्व: 10 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम: विनोद का मकान, उत्तर: सतेंद्र का मकान, दक्षिण: खड़क सिंह का मकान	सांकेतिक	**34,50,000/-** / **3,45,000/-**
13.	**ऋणी**- 1. इंडियन प्लाइवुड (प्रो.- नाजिम सैफी), पता- व्यावसायिक दुकान, आवासीय मकान नंबर 514 खेत नंबर 151 नया गांव, धमेड़ा बुलंदशहर, 2. नाजिम सैफी पुत्र जाकिर हुसैन, पता- धमेरा रोड, बुलंदशहर, गारंटर- सईदा पत्नी जाकिर हुसैन, पता- 284/25 धमेड़ा अड्डा नई बस्ती, बुलंदशहर	**22,47,656.14** मांग सूचना दिनांक 14-07-2025 तक + ब्याज व अन्य खर्चे (घटार्थ यदि कोई वसूली हुई हो तो)	1. एक आवासीय संपत्ति (खेत नं. 326 का भाग) नगरपालिका सीमा के अंतर्गत, वार्ड संख्या 32, स्थित नया गाँव, परगना बरन, जिला बुलंदशहर, एरिया: 102.41 वर्ग मीटर, संपत्ति सैयदा पत्नीक ज़ाकिर हुसैन के नाम, चौहद्दी: पूर्व: रास्ता 3.04 मीटर, पश्चिम: रास्ता 3.04 मीटर, उत्तर: विलायत का मकान, दक्षिण: बांके ठेकेदार का प्लॉट 2. एक आवासीय संपत्ति (खेत नं. 326 का भाग) नगरपालिका सीमा के अंतर्गत, वार्ड संख्या 32, स्थित नया गाँव, परगना बरन, जिला बुलंदशहर, एरिया: 102.41 वर्ग मीटर, संपत्ति सैयदा पत्नीक ज़ाकिर हुसैन के नाम, चौहद्दी: पूर्व: रास्ता 3.04 मीटर, पश्चिम: रास्ता 3.04 मीटर, उत्तर: विलायत का मकान, दक्षिण: बांके ठेकेदार का प्लॉट	सांकेतिक	**42,00,000/-** / **4,20,000/-**
14.	**ऋणी**- मैसर्स एम्पल इंटरप्राइजेज, प्रोप.- श्री बॉबी कुमार पुत्र श्री जगवीर सिंह, दोनों का पता- 93, ग्राम धरौन जोटी रोड, खुर्जा, बुलंदशहर, गारंटर- श्रीमती चंद्रावती पत्नी श्री मलखान सिंह, पता- ग्राम धरौन बिचोला खुर्जा, बुलन्दशहर	**39,09,250.39** मांग सूचना दिनांक 02.12.2024 तक + ब्याज

पंजाब नैशनल बैंक
.....मरोसे का प्रतीक
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

punjab national bank
...the name you can BANK upon!

आस्ति वसूली प्रबन्धन शाखा-गाजियाबाद
केजे-13, दूसरी मंजिल, कवि नगर, उत्तर प्रदेश-201001
ई-मेल आईडी : cs8228@pnb.bank.in

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।
एतद्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) एवं बन्धककर्ता/जमानती(यों) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति क्रेडिटर के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक/प्रतिभूत क्रेडिटर के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा कर लिया गया था, की बिक्री सम्बद्ध कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) से बैंक/प्रतिभूत क्रेडिटर के बकायों की वसूली हेतु नीचे तालिका में वर्णित तिथियों पर ''जहाँ है वहाँ है'', ''जो है वही है'' तथा ''जो कुछ भी है वहीं है'' आधार पर की जायेगी। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि नीचे तालिका में सम्बद्ध सम्पत्तियों के सम्मुख उल्लिखित के अनुसार होगी।

प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री की अनुसूची

लॉट सं.	शाखा का नाम / खाते का नाम / कर्जदार/जमानतियों के खाते का नाम तथा पता	बंधक अचल सम्पत्तियों का विवरण/स्वामी का नाम (सम्पत्ति के बंधककर्ता)	A) सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत माँग सूचना की तिथि B) सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत बकाया राशि C) सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा करने की तिथि D) कब्जे की प्रकृति (सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक)	E) आरक्षित मूल्य (रु. लाख में) F) ईएमडी G) संविदा वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	प्रतिभूत लेनदारों के संज्ञान में ऋणभारों का विवरण / संपर्क व्यक्ति / प्राधिकृत अधिकारी
1.	**शा.का.: ट्रोनिका सिटी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, (एसओएल आईडी:478900)** **श्रीमती सरिता सिंह पत्नी श्री ब्रिजेश कुमार सिंह,** निवासी- फ्लैट नं. सेक्टर-4ए, आसरा एन्क्लेव टाइप-2, मंडौला विहार, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102 इसके अलावा: - मैसर्स बालाजी इंटरप्राइजेज, (मालिक-सरिता सिंह) दुकान नंबर सी-119, पहली मंजिल, आरएमएस प्लाजा, सी-01, सेक्टर ए-5/6, ट्रोनिका सिटी, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102 इसके अलावा: - मकान नंबर ई-3/195, गली नंबर। 6, एम.सी.डी. के पास स्कूल, चौथा पुस्ता, सोनिया विहार, करावल नगर, उत्तर पूर्वी दिल्ली-110094	आवासीय फ्लैट संख्या बी-70/13, प्रथम तल (बिना छत के), मोहल्ला/ग्राम-मंडौला विहार, सेक्टर-4ए, आसरा टाइप-2, आसरा एन्क्लेव, परगना और तहसील-लोनी, जिला-गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश श्रीमती सरिता सिंह पत्नी श्री ब्रिजेश कुमार सिंह के नाम पर। (आच्छादित क्षेत्रफल 47.73 वर्ग मीटर)	(A) 01.08.2025 (B) रु. 13,87,890.42 तिथि 31.12.2025 (C) 17.10.2025 (D) सांकेतिक	(A) रु. 17,14,000.00 (B) रु. 1,71,400.00 (C) रु. 10,000.00	27.03.2026 को 11.00 बजे पूर्वा. से 04.00 बजे अप.	हमें ज्ञात नहीं शाखा प्रमुख श्री बिजेन्दर सिंह, मोबाइल : 9871644695
2.	**शा.का.: इंदिरापुरम, गाजियाबाद, एसओएल आईडी-405200** **श्री देवकी नंदन पुत्र श्री धनी राम,** निवासी फ्लैट नंबर 236-सी, तीसरी मंजिल, ब्लॉक-ई-1, ईडब्ल्यूएस, मधुबन बापूधाम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 इसके अलावा: ई-2, सीपीडब्ल्यूडी कमला नेहरू नगर, हापुड रोड, गाजियाबाद, यूपी 201002 श्री निरंजन कुमार पुत्र श्री चतर सिंह (गारंटर) निवासी- 422, ग्राउंड फ्लोर, न्याय खंड-2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, यूपी 201014	आवासीय ईडब्ल्यूएस फ्लैट नंबर ई 1/236 सी, ब्लॉक-ई, तीसरी मंजिल (छत के अधिकार के बिना), मधुबन बापूधाम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित अचल संपत्ति का ईएम, माप क्षेत्र 32.41 वर्ग मीटर, श्री देवकी नंदन पुत्र श्री धनीराम के नाम पर।	(A) 09-09-2025 (B) रु. 10,85,486.31 तिथि 31.08.2025 (C) 17.11.2025 (D) सांकेतिक	(A) रु. 8,08,000.00 (B) रु. 80,800.00 (C) रु. 10,000.00	27.03.2026 को 11.00 बजे पूर्वा. से 04.00 बजे अप.	हमें ज्ञात नहीं शाखा प्रमुख श्री नीरज निर्निमेष मोबाइल : 7873001184

नियम एवं शर्तें: बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियम एवं शर्तों तथा आगे निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी : 1. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहाँ है जैसे है'', ''जो है वही है'' तथा ''जो कुछ भी है वहीं है'' आधार पर की जा रही है। 2. यहाँ ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट प्रतिभूत आस्तियों के विवरण अधिकृत प्राधिकारी की सर्वोत्तम सूचना के आधार पर बताये गये हैं, किन्तु अधिकृत प्राधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलतबयानी अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। 3. बिक्री वेबसाइट https://baanknet.com पर प्रावधानित ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से नीलामी की उपर्युक्त तिथि एवं समय तक होगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया **https://baanknet.com** तथा **www.pnbindia.in** देखें। 5. सभी वैधानिक बकाया/परिचर प्रभार/पंजीकरण शुल्क, स्टांप शुल्क, कर आदि सहित अन्य बकाया क्रेता को वहन करना होगा और प्राधिकृत कार्यालय या बैंक किसी भी शुल्क, भार में ग्रहणाधिकार या सरकार या किसी अन्य को संपत्ति (ई-नीलामी) के संबंध में किसी अन्य बकाया के लिए जिम्मेदार नहीं होगा, जो बैंक को ज्ञात नहीं है, इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि वह वैधानिक देनदारियों, संपत्ति कर के बकाया, बिजली के बकाया आदि सहित संपत्ति पर भार के बारे में स्वतंत्र जांच करें।

(सरफैसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत सांविधिक बिक्री सूचना)

दिनांक : 09.03.2026 स्थान : गाजियाबाद **अधिकृत प्राधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक**

केन फिन होम्स लिमिटेड
CIN: L85110KA1987PLC008699
रेवाड़ी कॉ-ऑपरेटिव बैंक के ऊपर, निकट हनुमान मंदिर, सोहना रोड, धारुहेड़ा-123106,
फोन: 01274-242381 / 297604, मो. 7625079165
ई-मेल: dharuhera@canfinhomes.com CIN: L85110KA1987PLC008699

परिशिष्ट-IV-A [नियम 9(1) के परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका **भौतिक** कब्जा केन फिन होम्स लिमिटेड, धारुहेड़ा शाखा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, **श्री परवीन कुमार पुत्र श्री बलदेव भाटिया** (उधारकर्ता) और **श्री राजू शर्मा पुत्र श्री वेद प्रकाश** (गारंटर) की तरफ केन फिन होम्स लिमिटेड की **10-03-2026** तक बकाया राशि **रु.17,16,191/-** (रुपए सत्तरह लाख सोलह हजार एक सौ इक्यानबे मात्र) उस पर आगे ब्याज एवं अन्य प्रभारों इत्यादि की वसूली के लिए दिनांक **28.03.2026** को **"जैसी है जहाँ है", जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहाँ है"** आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य **रु. 18,50,000/-** (रुपए अट्ठारह लाख पचास हजार मात्र) तथा धरोहर राशि जमा **रु. 1,85,000/-** (रुपए एक लाख पचासी हजार मात्र) होगी।

अचल संपत्ति का विवरण

एमसीएफ संख्या - 36, मकान संख्या - 2, खसरा संख्या - 22/7/1, 22/4, 7/1/4, मुस्तकिल संख्या - 22, 4/10, वाका मौजा नंगला गुजरान, तहसील बडकल, जिला फरीदाबाद, हरियाणा - 121005

संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं:
उत्तर: मकान संख्या - 3, दक्षिण: प्लॉट संख्या - 29, पूर्व : गली 15 फीट, पश्चिम: मकान संख्या - 1

ज्ञात भार : शून्य

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तें **केन फिन होम्स लिमिटेड** की आधिकारिक वेबसाइट **(https://www.canfinhomes.com/SearchAuction.aspx)** में उपलब्ध कराई गई हैं।
ई-नीलामी में भाग लेने के लिए लिंक **www.auctionbazaar.com** देखें।

तिथि: 10.03.2026 हस्ता./-,
स्थान: धारुहेड़ा **प्राधिकृत अधिकारी, केन फिन होम्स लिमिटेड**

प्रपत्र नं. 14
[विनियम -33(2) देखें.]
वसूली अधिकारी कार्यालय-I/II
ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी-2)
पहली मंजिल, एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तीसरी और चौथी मंजिल पर भी अतिरिक्त स्थान आवंटित है)
डिमांड नोटिस

ऋण वसूली और दिवालियापन अधिनियम, 1993 की धारा 25 से 28 और आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 2 के तहत नोटिस।

आरसी/516/2023 **13.02.2026**

पंजाब नेशनल बैंक
बनाम
मैसर्स सत्या इंक. एक साझेदारी फर्म

सेवा में,
(सीडी1) मैसर्स सत्य इंक. एक साझेदारी फर्म, जिसका पंजीकृत कार्यालय 63 सेक्टर 21 डी, फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित है।
(सीडी2) श्री सुमित पांडे पुत्र श्री सत्य प्रकाश पांडे, मकान नंबर 363, सेक्टर 21 डी, फरीदाबाद, हरियाणा।
(सीडी3) श्रीमती वंदना पांडे पत्नी श्री सुमित पांडे, मकान नंबर 363, सेक्टर 21 डी, फरीदाबाद, हरियाणा।

यह सूचित किया जाता है कि पीठासीन अधिकारी, **ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2)** द्वारा **OA/76/2022** में पारित आदेशों के अनुसरण में जारी वसूली प्रमाण पत्र के अनुसार, **07/01/2022** से वसूली तक **@9%** साधारण सालाना ब्याज की दर से मुकदमे के दौरान और भविष्य के ब्याज सहित **रुपये 3664369.86 (छत्तीस लाख चौंसठ हजार तीन सौ उनहत्तर रुपये और छियासी पैसे मात्र)** की राशि और **रुपये 39000 (उनतालिस हजार रुपये मात्र)** का खर्च आपके (संयुक्त रूप से और अलग-अलग/पूर्ण रूप से/सीमित) विरुद्ध देय हो गया है।

2. इस नोटिस के माध्यम से आपको नोटिस प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर उपरोक्त राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। ऐसा न करने पर बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं को शोध्य ऋण वसूली अधिनियम, 1993 और उसके अधीन नियमों के प्रावधानों के अनुसार वसूली की जाएगी।
3. आपको सुनवाई की अगली तारीख को या उससे पहले एक हलफनामे पर अपनी संपत्ति का विवरण घोषित करने का आदेश दिया जाता है।
4. आपको आदेश दिया जाता है कि दिनांक **14.05.2026 को प्रातः 10:30 बजे** अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आगे की कार्यवाही हेतु उपस्थित हों।
5. उपरोक्त राशि के अतिरिक्त, आप भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी होंगे:
(क) इस तरह के ब्याज के रूप में प्रमाण पत्र / निष्पादन कार्यवाही की इस सूचना के तुरंत बाद शुरू होने वाली अवधि के लिए देय है।
(ख) इस नोटिस और वारंट और अन्य प्रक्रियाओं और देय राशि की वसूली के लिए की गई अन्य सभी प्रक्रियाओं की तामील के संबंध में किए गए सभी लागत, शुल्क और व्यय।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर के तहत दिनांक 13.02.2026 को दिया गया।

हस्ता/-
वसूली अधिकारी
ऋण वसूली अधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी-2)

1090, फूटा रोड, बारा टूटी चौक, बाना रोड, सदर बाजार, दिल्ली 110006
ईमेल: sadarb@bankofbaroda.co.in

परिशिष्ट-IV
कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति के लिए)
प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(1) के तहत

चूंकि अधोहस्ताक्षरी बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकृत अधिकारी हैं, जिसका प्रधान कार्यालय बड़ौदा भवन, आर.सी. दत्त रोड, वडोदरा, गुजरात - 390007 में स्थित है और जिसकी एक शाखा 1090, फूटा रोड, बारा टूटी चौक, सदर बाजार, दिल्ली 110006 में है, ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत और धारा 13(12) के साथ पठित सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 10.12.2025 को एक डिमांड नोटिस जारी किया जिसमें उधारकर्ता मेसर्स हाउस ऑफ टेस्टिंग, प्रोप: श्री साहिल थरेजा पुत्र श्री रमेश कुमार थरेजा निवासी बी-78, सेक्टर-5, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 और गारंटर श्री रमेश कुमार थरेजा पुत्र कन्हैया लाल थरेजा, जिनका निवास पता फ्लैट नंबर के-315, तीसरी मंजिल, गौर ग्रीन एवेन्यू, अभय खंड- **II** इंदिरापुरम, गाजियाबाद, यू.पी. 201010 और यहाँ पर भी: ए-56, आर्य नगर अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 91, आईपी.एक्सटेंशन पटपड़गंज, पूर्वी दिल्ली 110092 को नोटिस में उल्लिखित राशि, यानी दिनांक 7-12-2025 तक 2,36,97,819.11 रुपये (दो करोड़ छत्तीस लाख सत्तानवे हजार आठ सौ उन्नीस और ग्यारह पैसे मात्र) (जिसमें 7-12-2025 तक का ब्याज शामिल है) और दिनांक 7.12.2025 से प्रभावी भविष्य का ब्याज तथा एनपीए की तिथि से वसूली तक की अन्य लागतें, शुल्क और व्यय का भुगतान उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर करना होगा।

ऋणकर्ता और गारंटर द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने के कारण, ऋणकर्ता और गारंटर और आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अनुसार, अधोहस्ताक्षरी ने 7 मार्च वर्ष 2026 की तारीख को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

ऋणकर्ता और गारंटर और आम जनता को विशेष रूप से आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा, जिसकी राशि दिनांक 7-12-2025 तक 2,36,97,819.11 रुपये (दो करोड़ छत्तीस लाख सत्तानवे हजार आठ सौ उन्नीस और ग्यारह पैसे मात्र) (जिसमें 7-12-2025 तक का ब्याज शामिल है) और दिनांक 7.12.2025 से प्रभावी भविष्य का ब्याज तथा एनपीए की तिथि से वसूली तक की अन्य लागतें, शुल्क और व्यय भी शामिल है।

ऋणकर्ता और गारंटर का ध्यान गिरवी रखी गई संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

संपत्ति का विवरण

1. श्री रमेश कुमार थरेजा के नाम पर आर्य नगर सीजीएचएस लिमिटेड (वर्तमान में आर्य नगर अपार्टमेंट्स के नाम से जाना जाता है) के प्लॉट नंबर 91, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-110092 में स्थित आवासीय फ्लैट संख्या ए-56, दूसरी मंजिल पर, 69.96 वर्ग मीटर या 753.00 वर्ग फुट का कवर्ड एरिया है।
सीमाएँ:
उत्तर: 24 मीटर चौड़ी सड़क दक्षिण: पंच महल
पश्चिम: 24 मीटर चौड़ी सड़क पूर्व: पार्क

2. श्री साहिल थरेजा पुत्र श्री रमेश कुमार थरेजा के नाम पर गौर ग्रीन एवेन्यू, मॉड्यूल 1 और 2 के मुक्तधारक आवासीय प्लॉट पर, ''के'' प्रकार के मकान में, अभय खंड-**II**, इंदिरापुरम, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में में स्थित, फ्लैट संख्या 315, तीसरी मंजिल, डुप्लेक्स, क्षेत्रफल 2335 वर्ग फुट, छत का क्षेत्रफल 1574 वर्ग फुट, कुल क्षेत्रफल 3909 वर्ग फुट है। सीमाएँ:
उत्तर: फ्लैट संख्या के -314 दक्षिण: लिफ्ट/प्रवेश द्वार
पश्चिम: अन्य पूर्व: खुला

दिनांक: 07.03.2026 **अधिकृत अधिकारी,**
स्थान: दिल्ली **बैंक ऑफ बड़ौदा**

1090, फूटा रोड, बारा टूटी चौक, बाना रोड, सदर बाजार, दिल्ली 110006
ईमेल: sadarb@bankofbaroda.co.in

परिशिष्ट-IV
कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति के लिए)
प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(1) के तहत

चूंकि अधोहस्ताक्षरी बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकृत अधिकारी हैं, जिसका प्रधान कार्यालय बड़ौदा भवन, आर.सी. दत्त रोड, वडोदरा, गुजरात - 390007 में स्थित है और जिसकी एक शाखा 1090, फूटा रोड, बारा टूटी चौक, सदर बाजार, दिल्ली 110006 में है, ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत और धारा 13(12) के साथ पठित सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 10.12.2025 को एक डिमांड नोटिस जारी किया जिसमें उधारकर्ता और सह-उधारकर्ता श्री साहिल थरेजा पुत्र श्री रमेश कुमार थरेजा, श्री रमेश कुमार थरेजा पुत्र कन्हैया लाल थरेजा और श्रीमती सरोज बाला पत्नी रमेश कुमार थरेजा, जिनका निवास पता फ्लैट नंबर के-315, तीसरी मंजिल, गौर ग्रीन एवेन्यू, अभय खंड- **II** इंदिरापुरम, गाजियाबाद, यू.पी. 201010 और यहाँ पर भी: ए-56, आर्य नगर अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 91, एनपीए एक्सटेंशन पटपड़गंज, पूर्वी दिल्ली 110092 को नोटिस में उल्लिखित राशि, यानी 07-12-2025 तक की तारीख से 1,16,09,774.56/- रुपये (एक करोड़ सोलह लाख नौ हजार सात सौ चौहत्तर और छप्पन पैसे मात्र), जिसमें 07-12-2025 तक का ब्याज और 07-12-2025 से लागू होने वाला भविष्य का ब्याज, साथ ही एनपीए की तारीख से वसूली तक की अन्य लागतें, शुल्क और व्यय शामिल हैं, का भुगतान उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर करना होगा।

ऋणकर्ता द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने के कारण, ऋणकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अनुसार, अधोहस्ताक्षरी ने 7 मार्च वर्ष 2026 की तारीख को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

ऋणकर्ता और आम जनता को विशेष रूप से आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा, जिसकी राशि 07.12.2025 तक 1,16,09,774.56/- रुपये (एक करोड़ सोलह लाख नौ हजार सात सौ चौहत्तर और छप्पन पैसे मात्र) होगी, जिसमें 07.12.2025 तक का ब्याज और 07.12.2025 तक भविष्य का ब्याज, साथ ही अपाभ्यास की तिथि से वसूली तक के अन्य लागत, शुल्क और व्यय भी शामिल है।

ऋणकर्ता का ध्यान गिरवी रखी गई संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

संपत्ति का विवरण

श्री साहिल थरेजा पुत्र श्री रमेश कुमार थरेजा के नाम पर पंजीकृत गौर ग्रीन एवेन्यू, मॉड्यूल 1 और 2 के मुक्तधारक आवासीय प्लॉट पर, ''के'' प्रकार के मकान में, अभय खंड-**II**, इंदिरापुरम, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में में स्थित, फ्लैट संख्या 315, तीसरी मंजिल, डुप्लेक्स, क्षेत्रफल 2335 वर्ग फुट, छत का क्षेत्रफल 1574 वर्ग फुट, कुल क्षेत्रफल 3909 वर्ग फुट है। सीमाएँ:
उत्तर: फ्लैट संख्या के -314 दक्षिण: लिफ्ट/प्रवेश द्वार
पश्चिम: अन्य पूर्व: खुला

दिनांक: 07.03.2026 **अधिकृत अधिकारी,**
स्थान: दिल्ली **बैंक ऑफ बड़ौदा**

इंडिया शेल्टर फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : प्लॉट-15, छठा तल, सेक्टर-44, इंस्टीट्यूशनल एरिया, गुरुग्राम, हरियाणा-122002

शुद्धिपत्र

यह शुद्धिपत्र इस समाचार पत्र में दिनांक 27-02-2026 को श्री/श्रीमती अन्नपूर्णा अस्थाना पत्नी मनोज अस्थाना, श्री/श्रीमती मनोज अस्थाना पुत्र गंगा शरण अस्थाना, श्री/श्रीमती शुभम अस्थाना पुत्र मनोज अस्थाना **HL11CHLONS000005080325/AP-10192908** के मामले में सरफासी ऐक्ट की धारा (नियम 9(1) के तहत प्रकाशित अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना के संदर्भ में है।

गलत लिखा गया :	कृपया निम्नानुसार पढ़ें :
सुरक्षित मूल्य: रू. 18,00,000/-	सुरक्षित मूल्य: रू. 17,00,000/-
धरोहर राशि : रू. 1,80,000/-	धरोहर राशि : रू. 1,70,000/-

यह परिवर्तन पूर्वतर प्रकाशन के अंश एवं खंड के रूप में पढ़ा जाना चाहिए।

तिथि : 11-03-2026 **वास्ते इंडिया शेल्टर फाइनैंस**
स्थान : लखनऊ **कार्पोरेशन लिमिटेड**

प्रपत्र नं. 14
[विनियम -33(2) देखें.]
वसूली अधिकारी कार्यालय-I/II
ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी-2)
पहली मंजिल, एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तीसरी और चौथी मंजिल पर भी अतिरिक्त स्थान आवंटित है)
डिमांड नोटिस

ऋण वसूली और दिवालियापन अधिनियम, 1993 की धारा 25 से 28 और आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 2 के तहत नोटिस।

आरसी/1270/2025 **16.02.2026**

पंजाब नेशनल बैंक
बनाम
मैसर्स राम बाबू ऑफसेट मशीनरी कंपनी

सेवा में,
(सीडी 1) मैसर्स राम बाबू ऑफसेट मशीनरी कंपनी, एमसीएच-18, गली नंबर 1, भुदत्त कॉलोनी, बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद, हरियाणा, अपने मालिक स्वर्गीय श्री सुल्तान सिंह के माध्यम से
(सीडी 2) श्री सुल्तान सिंह (अब दिवंगत) पुत्र श्री नेतरपाल सिंह, मैसर्स राम बाबू ऑफसेट मशीनरी कंपनी के मालिक, अपने कानूनी उत्तराधिकारी के माध्यम से:

यह सूचित किया जाता है कि पीठासीन अधिकारी, **ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2)** द्वारा **OA/1127/2018** में पारित आदेशों के अनुसरण में जारी वसूली प्रमाण पत्र के अनुसार, **28/05/2018** से वसूली तक **@12.45%** चक्रवृद्धि मासिक ब्याज की दर से मुकदमे के दौरान और भविष्य के ब्याज सहित **रुपये 7499124 (रुपये चौहत्तर लाख निन्यानवे हजार एक सौ चौबीस मात्र)** की राशि और **रुपये 77005 (सतहत्तर हजार पाँच रुपये मात्र)** का खर्च आपके (संयुक्त रूप से और अलग-अलग/पूर्ण रूप से/सीमित) विरुद्ध देय हो गया है।

2. इस नोटिस के माध्यम से आपको नोटिस प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर उपरोक्त राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। ऐसा न करने पर बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं को शोध्य ऋण वसूली अधिनियम, 1993 और उसके अधीन नियमों के प्रावधानों के अनुसार वसूली की जाएगी।
3. आपको सुनवाई की अगली तारीख को या उससे पहले एक हलफनामे पर अपनी संपत्ति का विवरण घोषित करने का आदेश दिया जाता है।
4. आपको आदेश दिया जाता है कि दिनांक **06.05.2026 को प्रातः 10:30 बजे** अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आगे की कार्यवाही हेतु उपस्थित हों।
5. उपरोक्त राशि के अतिरिक्त, आप भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी होंगे:
(क) इस तरह के ब्याज के रूप में प्रमाण पत्र / निष्पादन कार्यवाही की इस सूचना के तुरंत बाद शुरू होने वाली अवधि के लिए देय है।
(ख) इस नोटिस और वारंट और अन्य प्रक्रियाओं और देय राशि की वसूली के लिए की गई अन्य सभी प्रक्रियाओं की तामील के संबंध में किए गए सभी लागत, शुल्क और व्यय।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर के तहत दिनांक 16.02.2026 को दिया गया।

हस्ता/-
वसूली अधिकारी
ऋण वसूली अधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी-2)

द जम्मू एंड कश्मीर बैंक लिमिटेड
ए-6, आचार्य निकेतन, मयूर विहार-1, दिल्ली-110091
जीएसटीआईएन : 07AAACT6167G1Z9
दूरभाष : +91 (011) 41722031, ईमेल : mvihar@jkbmail.com, वेब : www.jkbank.com

संदर्भ सं.: जेकेबी/एमविहार/2026/179 एच टु 179 एम **दिनाँक : 16-02-2026**

पंजीकृत ए.डी.

श्री आनंद वर्मा पुत्र श्री महेंद्र वर्मा
पता: फ्लैट नंबर एस-4, दूसरा फ्लोर, प्लॉट नंबर 261, सेक्टर-4, रामप्रस्थ ग्रीन्स के सामने, वैशाली, गाजियाबाद, पार्क के पास, 201019, पोस्ट ऑफिस: वैशाली, जिला गाजियाबाद-201019

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना।

प्रिय महोदय/महोदया

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (आगे ''अधिनियम'' द्वारा संदर्भित) की धारा 13 (2) के तहत सरफैसी अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार विधिवत रूप से सशक्त माँग सूचना मेरे, आदिल कादरी द्वारा 16 फरवरी, 2026 को जम्मू और कश्मीर बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में निम्न कारणों से निर्गत की गई है:

जबकि, जम्मू और कश्मीर बैंक (आगे बैंक द्वारा संदर्भित) की मयूर विहार, दिल्ली व्यावसायिक इकाई ने आपको (आगे कर्जदार द्वारा संदर्भित) ऋण सुविधाएँ स्वीकृत की हैं, जिनका विवरण इस प्रकार है:

क) रु. 35,70,500/- (रुपये पैंतीस लाख सत्तर हजार पांच सौ मात्र) का आवास ऋण, स्वीकृति संदर्भ **JKB/Mvihar/Adv/2024** दिनांक 22.02.2024 में।

जबकि उपर्युक्त ऋण सुविधा निम्नलिखित प्रतिभूतियों द्वारा प्रतिभूत थीः

प्राथमिक प्रतिभूतिः

दूसरी मंजिल पर संपत्ति का बंधक, (2बीएचके) एल-प्रकार बिना छत/टेरेस के अधिकार के, एक हैच बैक के साथ निर्मित संपत्ति नंबर आरजेड-9ए के स्टिल्ट/ग्राउंड फ्लोर पर कार पार्किंग की जगह, क्षेत्रफल 50 वर्ग गज यानी 41.805 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 211, 212 गांव नसीरपुर, दिल्ली राज्य की राजस्व संपत्ति में स्थित है, दिल्ली कॉलोनी जिसे पश्चिमी सागरपुर, नई दिल्ली-110046 के नाम से जाना जाता है, जिसमें स्टिल्ट से शीर्ष मंजिल तक जाने वाली सामान्य सीढ़ियां, सामान्य सुविधाएं और नीचे की भूमि के आनुपातिक अधिकार हैं।

संपार्श्विक प्रतिभूतिः शून्य

चूँकि उपरोक्त ऋण सुविधाएँ आपके द्वारा कर्जदार के रूप में बैंक के पक्ष में उपरोक्त उल्लिखित संपत्तियों (प्रतिभूत परिसंपत्तियों) में प्रतिभूति हित के सृजन के बाद प्राप्त की गई थीं।

यद्यपि, कर्जदार उपरोक्त संदर्भित स्वीकृति पत्र/पत्रों के नियमों और शर्तों तथा बैंक के पक्ष में कर्जदार द्वारा निष्पादित दस्तावेजों में निर्धारित अन्य नियमों और शर्तों के अनुसार ऋण सुविधा को बनाए रखने में विफल रहा है, फलस्वरूप कर्जदार ऋण खाता संख्या 0463265500000207 को भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों और दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक द्वारा 29.01.2026 को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। ऋण खाते का विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	सुविधा	स्वीकृत सीमा	प्राप्त की गई सीमा	एनपीए की तिथि 29/01/2026	एनपीए की राशि	01-01-2026 से 31-01-2026 तक ब्याज	31.01.2026 के अनुसार कुल बकाया
1	आवास ऋण	रु. 35,70,500/-	रु. 35,70,500/-		रु. 35,01,327.40	रु. 23,790.00	रु. 35,25,117.40
	कुल योग	रु. 35,70,500/-	रु. 35,70,500/-		रु. 35,01,327.40	रु. 23,790.00	रु. 35,25,117.40

31.01.2026 तक बकाया राशि के अतिरिक्त, बैंक, प्रतिभूति ऋणदाता के रूप में, उस राशि

खबर कोना

तोक्यो : विश्व बेसबाल क्लासिक खेल में चेक गणराज्य के खिलाफ गेंद फेंकते जापान के हिरोतो ताकाहशी।

मनु भाकर राष्ट्रीय चयन ट्रायल की 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष पर

नई दिल्ली, 10 मार्च (भाषा)।

ओलंपियन मनु भाकर मंगलवार को संपन्न राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (ग्रुप ए) की महिला 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में शीर्ष पर रहीं। ट्रायल दो की विजेता संयम दूसरे स्थान पर रहीं जबकि ईशा सिंह ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में तीसरा स्थान हासिल किया। अंतिम क्वालीफायर के रूप में फाइनल में जगह बनाने वाली मनु ने दूसरी सीरीज के अंत में बढ़त बनाई और फिर 246.1 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने संयम को 4.2 अंक से पछाड़ा जिन्होंने 241.9 अंक जुटाए। एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण और विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता ईशा 220.6 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। ईशा ने क्वालीफिकेशन में 580 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी।

भारत के पांच मुक्केबाजों ने फ्यूचर्स कप में दर्ज की जीत

बैंकाक, 10 मार्च (भाषा)।

भारत के पांच युवा मुक्केबाजों ने मंगलवार को विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप के तीसरे दिन जीत दर्ज की। चंद्रिका पुजारी (50 किग्रा) ने सुबह के सत्र में वेनेजुएला की मुक्केबाज पर 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से शानदार जीत हासिल की, जबकि जायश्री देवी (54 किलोग्राम) ने कजाकिस्तान की प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ तीसरे दौर में रेफरी द्वारा रोके गए मुकाबले को अपने नाम कर मजबूत प्रदर्शन जारी रखा। एल अंबेकर (50 किग्रा) ने पुरुषों के वर्ग में इक्वाडोर के अपने प्रतिद्वंद्वी को आसानी से 5-0 से हराया। शाम के सत्र में गुंजन (48 किग्रा) ने करीबी मुकाबले में इटली की प्रतिद्वंद्वी को 3-2 से हराया, जबकि प्राची (60 किलोग्राम) ने पहले दौर में आरएससी से इक्वाडोर की प्रतिद्वंद्वी को हराकर दबदबा कायम किया।

कृष्णा नागर को पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में दोहरी सफलता

हैदराबाद, 10 मार्च (भाषा)।

पैरालंपिक चैंपियन कृष्णा नागर ने मंगलवार को सातवीं सीनियर राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप के एसएच 6 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते। कृष्णा ने पुरुषों के एकल एसएच 6 फाइनल में सुदर्शन एमएस को 21-10, 21-19 से हराकर खिताब अपने नाम किया। कृष्णा ने इसके बाद मिश्रित एसए 6 वर्ग में नित्या श्री सुमति सिवन के साथ मिलकर अपना दूसरा स्वर्ण पदक मेडल जीता। इस जोड़ी ने सुदर्शन एमएस और श्रेया कुमारी को 21-7, 21-11 से हराया। एसएच 6 पैरा बैडमिंटन में छोटे कद के खिलाड़ियों के लिए एक वर्ग है जो आमतौर पर बौनेपन जैसी स्थिति के कारण होता है।

बीसीसीआइ ने किया एलान

टी20 विश्व कप विजेता टीम को मिलेगा 131 करोड़ रुपए का पुरस्कार

नई दिल्ली, 10 मार्च (भाषा)।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) ने तीसरी बार पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए मंगलवार को 131 करोड़ रुपए के पुरस्कार की घोषणा की। यह पुरस्कार राशि 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहयोगी स्टाफ में वितरित की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि का बड़ा हिस्सा मिलना तय है, जबकि सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के लिए पुरस्कार राशि उनके पद के अनुसार तय की जाएगी। यह राशि 2024 में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली चैंपियन टीम को दिए गए 125 करोड़ रुपए से छह करोड़ रुपए अधिक है। सूत्रों के अनुसार, 15 खिलाड़ियों में से प्रत्येक को छह करोड़ रुपए मिलेंगे जबकि शेष 41 करोड़ रुपए सहयोगी स्टाफ के सदस्यों में वितरित किए जाएंगे। बीसीसीआइ सचिव देवजीत सैकिया ने बयान में कहा, 'बोर्ड इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और चयनकर्ताओं को एक बार फिर बधाई देता है और भविष्य में उनकी निरंतर सफलता की कामना करता है।'

भारत ने रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर यह प्रतिष्ठित ट्राफी अपने नाम की थी। वह टी20 विश्व कप में खिताब का सफल बचाव करने वाली पहली टीम है। भारतीय टीम ने तीसरी बार यह टूर्नामेंट जीता। यह कारनामा करने वाली वह पहली टीम बन गई है।

क्रिकेट

सैमसन ने 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' बनकर बनाया अनोखा रिकार्ड

भारत को तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' बनकर एक अनोखा रिकार्ड अपने नाम दर्ज कर दिया। वे पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने आइसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के पुरुष या महिला वर्ग के किसी टूर्नामेंट में अपनी टीम की तरफ से चार मैच नहीं खेलने के बावजूद 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार हासिल किया। उनसे पहले चार खिलाड़ी ही ऐसे थे जिन्होंने अपनी टीम के सभी मैच नहीं खेलने के बावजूद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था। इन खिलाड़ियों ने हालांकि अपनी टीम की तरफ से केवल एक मैच नहीं खेला था। प्रतियोगिता के शुरू होने पर सैमसन रन बनाने के लिए जूझ रहे थे और इसलिए उन्हें शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में नहीं चुना गया था।

मिचेल को गेंद मारने के लिए अर्शदीप पर जुर्माना

दुबई, 10 मार्च (भाषा)।

भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अहमदाबाद में आइसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल के दौरान न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल पर 'आक्रामक और अनुचित तरीके से' गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 फीसद जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा अर्शदीप के अनुशासनात्मक रिकार्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है जो 24 महीने के समय में उनका पहला अपराध है।

आइसीसी ने मंगलवार को कहा कि अर्शदीप को आइसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ से संबंधित आचार संहिता के नियम 2.9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद फेंकने' से जुड़ा है। यह घटना रविवार को न्यूजीलैंड की पारी के 11वें ओवर में हुई जब अर्शदीप ने गेंद को रोका और फिर आक्रामक तरीके से बल्लेबाज की ओर फेंका जो न्यूजीलैंड के उप कप्तान के पैड पर लगी।

तैयारी

जर्मनी : चैंपियंस लीग के राउंड 16 में आर्सेनल एफसी के खिलाफ फुटबाल मैच से पहले अभ्यास करते बेयर लेवरकुसेन के गोलकीपर जेनिस ब्लासविच।

भारत 22 साल बाद एशिया कप तीरंदाजी की मेजबानी करेगा

कोलकाता, 10 मार्च (भाषा)।

दिल्ली को 2027 में होने वाले एशिया कप तीरंदाजी के दूसरे चरण की मेजबानी मिली है, जिससे भारत 22 साल में पहली बार किसी शीर्ष अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता की मेजबानी करने के लिए तैयार है। विश्व तीरंदाजी एशिया की यहां हुई बैठक में मंजूरी मिलने के बाद मंगलवार को इसकी घोषणा की गई। भारत ने पिछली बार 2005 में दिल्ली में एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप के रूप में पिछली बार किसी बड़ी अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता की मेजबानी की थी।

तीन दिवसीय दौरे पर कोलकाता आए विश्व तीरंदाजी एशिया के अध्यक्ष काजी राजिब उद्दीन अहमद चपोल ने भारतीय तीरंदाजी संघ के महासचिव वीरेंद्र सचदेवा से कहा, 'हमें पूरा भरोसा है कि दिल्ली इसकी बेहतरीन मेजबानी करेगा और इसमें कोई

घोषणा

भारत ने पिछली बार 2005 में दिल्ली में एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप के रूप में पिछली बार किसी बड़ी अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता की मेजबानी की थी।

दिक्कत नहीं होनी चाहिए। अगर भारतीय तीरंदाजी संघ चाहेगा तो वे इसकी मेजबानी करेंगे। हम अगले साल होने वाली राष्ट्रमंडल तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए भी दिल्ली स्थल के रूप में चुनने के बारे में सोच रहे हैं।' एक और अच्छी खबर यह है कि अहमदाबाद इस साल सितंबर में एशियाई पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। इस बीच कोलकाता को भी कई वर्षों बाद एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी करने का मौका मिलेगा।

वेस्ट इंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों के भारत में फंसे होने का मामला

आइसीसी व्यावसायिक उड़ानों से भेजेगा

कोलकाता, 10 मार्च (भाषा)।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने भारत में फंसी वेस्ट इंडीज और दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए अलग-अलग व्यावसायिक उड़ानों में बुकिंग की, क्योंकि कोलकाता से उड़ान भरने वाली उनकी चार्टर्ड उड़ान रद्द हो गई थी।

इस मामले की जानकारी रखने वाले आइसीसी के एक सूत्र ने बताया, 'वेस्ट इंडीज और दक्षिण अफ्रीका के सभी खिलाड़ियों की अलग-अलग व्यावसायिक विमान कंपनियों की उड़ान में बुकिंग की गई है। सभी की बुकिंग एक ही उड़ान में नहीं हो सकती लेकिन आइसीसी ने व्यक्तिगत बुकिंग का ध्यान रखा है। आइसीसी चेयरमैन जय शाह ने खुद बात की है और खिलाड़ियों को सुरक्षित स्वदेश वापसी का भरोसा दिलाया है।' सूत्र ने कहा, 'यह बताना जरूरी है कि डेरेन सैमी सोमवार रात को स्वदेश के लिए रवाना हो चुके हैं।'

संकट

आइसीसी के एक सूत्र ने बताया कि सभी की बुकिंग एक ही उड़ान में नहीं हो सकती लेकिन आइसीसी ने व्यक्तिगत बुकिंग का ध्यान रखा है। आइसीसी चेयरमैन जय शाह ने खुद बात की है और खिलाड़ियों को सुरक्षित स्वदेश वापसी का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि डेरेन सैमी सोमवार रात को स्वदेश के लिए रवाना हो चुके हैं।

कोलकाता में अपने आखिरी मैच खेलने वाली दो टीम वेस्ट इंडीज और दक्षिण अफ्रीका ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमलों के बाद पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में अंतरराष्ट्रीय वायु क्षेत्र पर लगी पाबंदियों रोक की वजह से उड़ान नहीं भर पाई हैं।

कोलकाता में अपने आखिरी मैच खेलने वाली दो टीम (वेस्ट इंडीज ने एक मार्च को सुपर आठ मुकाबला और दक्षिण अफ्रीका ने चार मार्च को सेमीफाइनल) ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमलों के बाद पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में अंतरराष्ट्रीय वायु क्षेत्र पर लगी पाबंदियों रोक की वजह से उड़ान नहीं भर पाई हैं। आइसीसी की साझेदार विमान कंपनी एमिरेट्स है और दुबई में वायु क्षेत्र बंद होने की वजह से वे अपनी उड़ानों का संचालन नहीं कर पा रहे हैं।

चीनी ताइपे से हार के साथ भारत एशियाई कप से बाहर

सिडनी, 10 मार्च (भाषा)।

खराब फार्म से जूझ रही भारतीय टीम मंगलवार को एएफसी महिला एशियाई कप फुटबाल टूर्नामेंट के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में चीनी ताइपे से 1-3 से हारकर बाहर हो गई। भारतीय टीम को मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहने की भारी कीमत चुकानी पड़ी।

मैच के बड़े हिस्से में हावी रहने और कई मौके बनाने के बावजूद भारतीय टीम को मौकों को भुनाने में नाकामी का खामियाजा भुगतना पड़ा और टीम पहली बार मेरिट के आधार पर इस बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के बाद जल्दी बाहर हो गई। भारत के लिए एकमात्र गोल मनीषा कल्याण ने 39वें मिनट में किया। इस विंगर ने लगभग 30 यार्ड की दूरी से दमदार शाट लगाकर गोल दागा।

फुटबाल

स्वीटी देवी और पंथोई चानू को लगी चोट, अस्पताल में भर्ती

भारतीय फुटबाल टीम की कप्तान स्वीटी देवी और गोलकीपर पंथोई चानू मंगलवार को एएफसी महिला एशियाई कप के अपने आखिरी ग्रुप लीग मैच में चीनी ताइपे से 1-3 से हार के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआइएफएफ) ने एक बयान में कहा, 'आज के मैच के दौरान चोट लगने के बाद एलांगबाम पंथोई चानू और स्वीटी देवी नगनबाम को अस्पताल ले जाया गया है। उनकी जांच के नतीजे का इंतजार है।'

आस्ट्रेलिया ने ईरान की पांच महिला खिलाड़ियों को शरण दी

गोल्ड कोस्ट, 10 मार्च (एपी)।

आस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने मंगलवार को बताया कि आस्ट्रेलिया ने ईरान की महिला फुटबाल टीम की पांच सदस्यों को शरण दी है, जो ईरान में युद्ध शुरू होने से पहले एक टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए देश का दौरा कर रही थीं। आस्ट्रेलिया में ईरानी समूहों और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आस्ट्रेलिया की सरकार से उन महिलाओं की मदद करने का आग्रह किया था, जो सार्वजनिक रूप से शरण नहीं मांग पा रही हैं। टीम की खिलाड़ियों ने अपने शुरुआती मैच से पहले ईरान का राष्ट्रगान नहीं गाया था जिसके बाद कई तरह की अटकलें लगाई जाने लगी थी और इसे मीडिया में भी काफी कवरेज मिली थी।

मंगलवार तड़के आस्ट्रेलिया की संघीय पुलिस ने शरण के लिए आवेदन करने वाली पांच महिला

फुटबाल

टीम की खिलाड़ियों ने अपने शुरुआती मैच से पहले ईरान का राष्ट्रगान नहीं गाया था जिसके बाद कई तरह की अटकलें लगाई जाने लगी थी।

खिलाड़ियों को गोल्ड कोस्ट में उनके होटल से 'सुरक्षित स्थान' पर पहुंचाया। बर्क ने बताया कि उन्होंने इन महिला खिलाड़ियों से मुलाकात की और मानवीय आधार पर उनकी वीजा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। बर्क ने कहा, 'मैं इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता कि प्रत्येक महिला के लिए यह फैसला करना कितना मुश्किल रहा होगा, लेकिन निश्चित रूप से कल रात खुशी और राहत का माहौल था।'

गुजरात सरकार अहमदाबाद को ओलंपिक के लिए तैयार शहर बनाएगी

गांधीनगर, 10 मार्च (भाषा)।

गुजरात सरकार ने राज्य को एक खेल केंद्र (स्पोर्ट्स हब) में बदलने और अहमदाबाद को एक 'ओलंपिक के लिए तैयार' शहर के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से 1,331 करोड़ रुपए का एक 'ऐतिहासिक' बजटीय प्रावधान किया है। कैबिनेट मंत्री जीतू वाघाणी ने मंगलवार को विधानसभा को यह जानकारी दी। खेल, युवा और सांस्कृतिक गतिविधियां विभाग की बजटीय मांगों पर चर्चा में भाग लेते हुए वाघाणी ने कहा कि विभाग के लिए

खेलों के लिए 1,331 करोड़ का एक 'ऐतिहासिक' बजटीय प्रावधान किया है।

दो हजार करोड़ रुपए से अधिक का कुल आवंटन ओलंपिक स्तर का खेल बुनियादी ढांचा बनाने और युवा प्रतिभाओं को निखारने के प्रति भारतीय जनता पार्टी सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कृषि विभाग का कार्यभार संभालने वाले वाघाणी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की सरकार ने पूरे राज्य में विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं बनाने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं शुरू की हैं। मंत्री ने कहा, 'इस वर्ष खेल, युवा और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए कुल 2,006 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्षों में किए गए आवंटन से काफी अधिक है। इसमें से 1,331 करोड़ रुपए विशेष रूप से खेल क्षेत्र के लिए आवंटित किए गए हैं।' वह उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी की ओर से बोल रहे थे, जो खेल, युवा और सांस्कृतिक गतिविधियां विभाग का कार्यभार संभालते हैं।

इस साल की शुरुआत में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने भरोसा जताया था कि अहमदाबाद शहर को 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के अधिकार मिल जाएंगे। उनकी यह टिप्पणी तब आई जब अहमदाबाद को आधिकारिक तौर पर 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के अधिकार दिए गए थे। वाघाणी ने घोषणा की कि अहमदाबाद को लगभग 500 करोड़ रुपए के निवेश के साथ ओलंपिक के लिए तैयार शहर के रूप में विकसित किया जाएगा।

विश्व कप क्वालीफायर के सेमीफानल के लिए मुकाबला | महिला हाकी | भारत दो मैचों में चार अंक के साथ पूल बी में शीर्ष पर

अंतिम चार में जगह के लिए वेल्स के खिलाफ ड्रा की जरूरत

हैदराबाद, 10 मार्च (भाषा)।

भारत को एफआइएच महिला हाकी विश्व कप क्वालीफायर के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पूल चरण के अपने अंतिम मैच में बुधवार को वेल्स के खिलाफ कम से कम ड्रा हासिल करने की कोशिश करनी होगी। भारत फिलहाल पूल बी में दो मैचों में चार अंकों के साथ शीर्ष पर है। दूसरे स्थान पर मौजूद स्काटलैंड के भी चार अंक हैं, लेकिन भारत का गोल अंतर बेहतर है। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी और भारत को अगर-मगर के बिना अंतिम चार में पहुंचने के लिए ड्रा या जीत की आवश्यकता होगी।

भारतीय टीम इस मुकाबले में अगर हार का सामना करती है तो उसके चार अंक ही रहेंगे और उसका क्वालीफिकेशन स्काटलैंड और उरुग्वे के

भारतीय महिला टीम का अब तक का अभियान शानदार रहा है। उसने आठ मार्च को उरुग्वे पर 4-0 की बड़ी जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत की और फिर सोमवार को स्काटलैंड के खिलाफ कड़े संघर्ष के बाद 2-2 से ड्रा खेला। युवा फारवर्ड सुनेलिता टोप्पो बेहतरीन फार्म में हैं और उन्होंने दोनों मैचों में गोल किए हैं।

बीच होने वाले मैच पर निर्भर करेगा। भारतीय महिला टीम का अब तक का अभियान शानदार रहा है। उसने आठ मार्च को उरुग्वे पर 4-0 की बड़ी जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत की और फिर सोमवार को स्काटलैंड के खिलाफ कड़े संघर्ष के बाद 2-2 से ड्रा खेला। युवा फारवर्ड सुनेलिता टोप्पो बेहतरीन फार्म में हैं और उन्होंने दोनों मैचों में गोल किए हैं। अग्रिम पंक्ति की खिलाड़ी लालरेम्सियामी, नवनीत कौर और रुतुजा दादासो पिसाल ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल दागे हैं और गोल करने के कई मौके बनाए हैं। गोलकीपर बिचु देवी ने लगातार महत्वपूर्ण बचाव किए हैं।

हैदराबाद में अपने घरेलू दर्शकों के उत्साह से भरे माहौल में खेलने से मेजबान टीम को जबरदस्त ऊर्जा मिली है। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे अब तक टीम के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, 'शुरुआती दो मैचों के बाद टीम में सकारात्मक माहौल है। युवा खिलाड़ी मौके का पूरा फायदा उठा रहे हैं और शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। टीम बेहतरीन तरीके से खेल रही है और यह हमारे लिए बहुत अच्छी बात है। हम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना चाहते हैं और चैंपियन बनना चाहते हैं। जब टीम एक साथ होती है तो हम इसी बारे में बात करते हैं और यही हमारा लक्ष्य है।' वेल्स के खिलाफ भारत का रिकार्ड शानदार है। भारत ने दोनों देशों के बीच छह मुकाबलों में से पांच में जीत दर्ज की है।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 43, अंक 113

दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए रमेश चंदर मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com,

बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज*, *पीआरपी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

JOIN OUR PAID SERVICE – 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

🎁 Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

🎁 Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

All in One English. Telegram

(Starter)	**1 Month = ~~129~~ ₹69**
(⭐ Popular)	**6 Month = ~~449~~ ₹269**
(👑 Best Value)	**1 Year = ~~699~~ ₹449**

Special Offer

All in One Hindi. Telegram

(Starter)	**1 Month = ~~99~~ ₹59**
(⭐Popular)	**6 Month = ~~399~~ ₹259**
(👑 Best Value)	**1 Year = ~~599~~ ₹399**

Special Offer

All Major Hindi & English Newspapers - 2026

✍️ UPSC Essensial ePaper

The Hindu, BL, IE,NIE. Telegram

(Starter)	**1 Month = ~~99~~ ₹49**
(⭐ Popular)	**6 Month = ~~399~~ ₹249**
(👑 Best Value)	**1 Year = ~~599~~ ₹389**

Special Offer

You will Get

- The Hindu
- Business Line
- Indian Express
- New Indian Express
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers



LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW